
रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपक्षीय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com
वर्ष-02 | अंक-312 | कोलकाता, मंगलवार 21 जनवरी 2025, संवत् 2079 | पृष्ठ-12

## केरल में 24 साल की महिला को फांसी की सजा

### बॉयफ्रेंड को जहर देकर मारा था, अदालत बोली- ये रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस है

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल के तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी।



युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी जान ले ली। उसके चाचा निर्मलाकुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा- ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। लड़की ने उस व्यक्ति को धोखा दिया जो उससे प्यार करता था और इससे समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। सजा सुनाए जाने के बाद दोषी ग्रीष्मा को महिला जेल और सुधार गृह, अट्टाकुलंगरा ले जाया गया।

## गोरखपुर में योगी ने हाथी-गैंडों को केले खिलाए

### सीएम को देख टाइगर दहाड़ा, बहराइच से पकड़े गए भेड़ियों का नाम भैरव-भैरवी रखा

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखपुर में हैं। उन्होंने शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूजा-अर्चना की। हाथी को उसके बाड़े में केला और गन्ना खिलाया। इसके बाद गैंडों को भी केले खिलाए।



उन्होंने बहराइच से पकड़कर लाए गए 2 भेड़ियों को नए बाड़े में छोड़ा। योगी ने नर भेड़िए का नाम भैरव और मादा का नाम भैरवी रखा। इसके बाद पीलीभीत से लाए गए टाइगर के बाड़े के सामने गए। सीएम को देखकर टाइगर ने दहाड़ लगाई।

जब योगी आदित्यनाथ ने मंच संभाला, तब उन्होंने सांसद रवि किशन को लेकर चुटकी ली। बोले- आप देखिएगा कि कितना भारी भरकम बाघ है। ये रवि किशन तो बाड़े में जाना चाहते थे, हम लोगों ने ही रोका कि अभी भाषण भी देना है, रहने दो।

## किसानों ने दिल्ली कूच टाला

### पंधेर बोले- केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले मीटिंग करे

**पटियाला (एजेंसी)।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान आज दिल्ली कूच नहीं करेंगे। सोमवार को किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने शंभू बॉर्डर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि फिलहाल दिल्ली कूच टाल दिया गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले



मीटिंग करे। ये मीटिंग चंडीगढ़ की बजाए दिल्ली में होनी चाहिए। इससे पहले सुबह पंधेर ने कहा था कि दिल्ली कूच करेंगे। केंद्र फूट डालने की कोशिश में है। केंद्र ने किसानों को 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत का न्योता दिया है।

फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज (20 जनवरी) पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था।

# महाकुंभ 2025 : अब तक 8.26 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

### स्वामी चिदानंद के शिविर में पहुँचे पूर्व राष्ट्रपति,कहा राम की बात मानने में झिझक क्यों

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शंकराचार्य समेत संत-महात्माओं के शिविर में पहुंचे। जहां उन्होंने सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही संतों से चर्चा भी की। संगम में आस्था की डुबकी जारी है। महाकुंभ में अब तक 8.26 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान कर लिया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद स्वामी चिदानंद के अरैल स्थित शिविर पहुंचे। यहां मोरारी बापू रामकथा सुना रहे हैं।



**चिदानंद सरस्वती ने कहा- हम न बंटेंगे, न डरेंगे, न लड़ाएंगे -** महाकुंभ में मोरारी बापू की कथा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पत्नी और बेटी के साथ शामिल हुए। कोविंद ने कहा- हम श्रीराम को मानते हैं तो उनकी बातों को मानने में झिझक क्यों होती है। स्वामी चिदानंद ने कहा- अब समय आ गया है कि हम न बंटेंगे, न बाटेंगे, न डरेंगे, न डराएंगे, न कटेंगे, न लड़ेंगे, न लड़ाएंगे।

### 53 फायर स्टेशन बनाए गए हैं : अविनाश चंद्र

महाकुंभ में आग लगने की घटना पर डीजी फायर अविनाश चंद्र ने कहा, ...हम लोगों को आग से सचेत रहने के लिए जागरूक कर रहे हैं। हम राज्य सरकार के निर्देश पर काम कर रहे हैं...यहां पर 53 फायर स्टेशन बनाए गए हैं... 1400 फायरकर्मी यहां तैनात हैं...इस घटना की जांच का अधिकार पुलिस को है। स्थानीय पुलिस अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे हैं। कई तरह की अफवाहें हैं, लेकिन जांच के बाद ही सही कारण का पता चलेगा।

### महाकुंभ में आठवें दिन 38 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को जहां 22 से



अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी, वहीं सोमवार को 38 लाख से अधिक श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचे। वाहनों की भारी आवाजाही के चलते चारों तरफ जाम की स्थिति बन गई है।

### नारी सशक्तिकरण का साक्षी बना महाकुंभ, जूना अखाड़े में प्रवेश के लिए दी गई दीक्षा



सनातन की शक्ति है महाकुम्भ का श्रृंगार कहे जाने वाले 13 अखाड़े। महाकुम्भ के मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के पहले इन अखाड़ों में फिर नागा संन्यासियों बनाने का सिलसिला चल रहा है। बड़ी संख्या में अखाड़ों में नव प्रवेशी साधुओं को दीक्षा देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसमें भी नारी शक्ति की भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है।

**100 से अधिक महिलाओं ने ली नागा संस्कार की दीक्षा-** प्रयागराज महाकुंभ नारी सशक्तीकरण को लेकर भी नया इतिहास लिख रहा है। महाकुंभ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। रविवार को संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में सौ से अधिक महिलाओं को महिला नागा की दीक्षा दी गई। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि रविवार महाकुंभ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत 100 से अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा दी गई। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े में इसे लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है।

### आरजी कर दुष्कर्म और हत्या मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

# दोषी संजय रॉय को सुनाई उम्रकैद की सजा

**कोलकाता (एजेंसी)।** सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को संजय रॉय को पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार दिया था। इस जघन्य अपराध के कारण देश भर में आक्रोश फैल गया था और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा था।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मामले में सोमवार को सजा का ऐलान कर दिया गया है। कोर्ट ने दोपहर 2.45 बजे अपना फैसला सुनाते हुए दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। सियालदह अदालत ने संजय रॉय पर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सियालदह कोर्ट के जज अनिरबन दास ने कहा कि यह दुर्लभतम मामला नहीं है। पीड़ित परिवार को उसकी मौत के लिए 10 लाख रुपये मुआवजा और 7 लाख रुपये अतिरिक्त दिया जाना चाहिए।

इससे पहले सरकारी आरजी कर मेडिकल



कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में संजय रॉय को कोलकाता की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है।

### सजा से मैं संतुष्ट नहीं : सीएम ममता

आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि, हम सभी ने मौत की सजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने आजीवन कारावास दिया है।

### अजित पवार बोले-

## सांप्रदायिकता फैलाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, एनसीपी में शामिल नहीं होंगे दागी

**जालना (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने आज जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो समुदायों के बीच नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करें।



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) धर्मनिरपेक्ष राजनीति में भरोसा करती है और राज्य में सांप्रदायिकता फैलाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र हमेशा प्रगतिशील विचार और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। राकांपा एकता और धर्मनिरपेक्षता के लिए खड़ी है।

### दागी या खराब छवि वाले लोग राकांपा में नहीं होंगे शामिल

जालना में राकांपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन करते वक्त अजित पवार ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेंगे जो विभिन्न समुदायों में नफरत फैलाए और बांटने की राजनीति करे। उन्होंने कहा कि राकांपा में खराब छवि वाले या दागी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं पार्टी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि वे हमारी पार्टी में दागी लोगों को शामिल न करें।

# संभल हिंसा में बड़ा खुलासा, मुल्ला अफरोज ने खोले राज

**संभल (एजेंसी)।** संभल बवाल में गिरफ्तार किए गए मुल्ला अफरोज ने बताया कि 24 नवंबर को दूसरे साथी को शारिक साटा ने एक एप पर कॉल कर कहा था कि नेता भीड़ जमा करा रहे हैं। नेताओं की ओर से पूरी सपोर्ट है और हरी झंडी मिल गई है। इसलिए 10 से 20 पुलिसकर्मी और आम लोगों को मार दो। इससे पुलिस प्रशासन डर जाएगा और शासन भी पुलिसकर्मियों के खिलाफ ही कार्रवाई करेगा।

एसपी का कहना है कि मुल्ला अफरोज के मोबाइल में वह एप भी मिला है, जिससे इंटरनेशनल कॉल चल रही थी। मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। उसकी जांच पड़ताल भी कराई जा रही है। जिससे कोई और सबूत

### 'नेताओं की तरफ से है हरी झंडी...पुलिसकर्मियों को मार दो'



भी शारिक साटा गिरोह के खिलाफ एकत्र हो सकें और सख्त कार्रवाई हो सके।

मुल्ला अफरोज ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि शारिक साटा विदेश से हथियार भेजता है। इन हथियार की डिलिवरी कहां-कहां होनी है एक एप के माध्यम से कॉल कर सरगना बताता है। उसके बाद हथियार वहां पहुंचा दिया जाता है। मुल्ला अफरोज ने पुलिस को यह भी बताया है कि कुछ समय पहले तक हरियाणा और दिल्ली राज्यों में हथियारों की डिलीवरी दी है। इसके लिए कई सदस्य लगे रहते हैं। पुलिस को आरोपी ने कई सदस्यों के नाम भी बताए हैं जिनकी तलाश में पुलिस की टीम लग गई है।

### मुल्ला अफरोज पर दर्ज हैं नौ मुकदमे

पुलिस को प्राथमिक छानबीन में मुल्ला अफरोज के खिलाफ नौ मामले दर्ज मिले हैं। इसमें हत्या, गैरइरादतन हत्या, डकैती, सार्वजनिक संपत्ति क्षति करने जैसे कई गंभीर अपराध में मामले दर्ज हैं। एसपी का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास को और खंगाला जा रहा है। बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर ट्रम्प ने देर रात शपथ ली

# शपथ से पहले ट्रम्प बोले- तीसरा विश्व युद्ध रोकूंगा



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बन जाएंगे। भारतीय समय अनुसार, वे सोमवार की रात राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। 20 जनवरी को उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले औपचारिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी थी। इसी कड़ी में ट्रंप ने अर्लिंगटन नेशनल सेमेट्री जाकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अज्ञात अमेरिकी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और वॉशिंगटन में मागा रैली को संबोधित करअमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शपथ ग्रहण से पहले रविवार रात को वॉशिंगटन में विक्ट्री स्पीच (विजयी भाषण) दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वे दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध होने से रोकेंगे। उन्होंने दावा किया कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के बेहद नजदीक है।अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार को एक भव्य शपथग्रहण समारोह में देश के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ देर रात लेंगे। अमेरिका में इसे इनॉग्रेशन डे यानी अनावरण दिवस भी कहा जाता है। अमेरिका के इतिहास में इस आधिकारिक दिन की अपनी अलग मान्यता है। शपथग्रहण के दिन एक जश्न परेड से लेकर नाच-गाने के लिए आयोजन तक, शपथग्रहण का मौका अमेरिका में एक बड़ा आयोजन बन जाता है। इसी दिन राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति का भी शपथग्रहण होगा। अमेरिका भारी बर्फबारी हो रही है।

## सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत

### मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर लगाई गई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने चुनावी रैली के दौरान अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी के लिए राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले चाईबासा में अपने एक सार्वजनिक भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कथित तौर पर शाह के लिए 'हत्यारा' शब्द का प्रयोग किया था।



### अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राहुल की अपील पर जवाब मांगते हुए झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। राहुल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कई फैसले हैं, जो कहते हैं कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कर सकता है। मानहानि की शिकायत किसी प्रॉक्सी थर्ड पार्टी की ओर से दायर नहीं की जा सकती।

## ट्रेन की चपेट में आने से दो श्रमिकों की मौत

**सिलीगुड़ी।** ट्रेन की चपेट में आने से दो श्रमिकों की काटकर मौत हो गई है। घटना से एनजेपी के ठाकुरनगर संलग्न इलाके में सोमवार को घटी है। मृतकों के नाम विभीषण महतो और स्वपन महतो हैं।दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा।

रेलवे पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह दो लोग रेलवे लाइन पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## कोन्नगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की छापेमारी

**हुगली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की एक टीम ने कनाईपुर बारोजीबी इलाके में छापेमारी की। वहां उन्होंने सुजीत दास के घर पर एक चार पहिया वाहन की तलाशी ली और 100 किलोग्राम गांजा बरामद किया। सुजीत के अलावा उसके बेटे शुभंकर दास को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो ओडिशा, दो झारखंड और एक पश्चिमी मेदिनीपुर के निवासी हैं।

एनसीबी को सूचना मिली थी कि ओडिशा से हुंडई कार में गांजा की तस्करी की जा रही है। इसके बाद जांचकर्ताओं ने रात के अंधेरे में उत्तरपाड़ा थाने के कनाईपुर में छापेमारी की। कनाईपुर चौकी से पुलिस की मदद से सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एनसीबी ने डानकुनी में सुजीत दास के स्वामित्व वाले एक होटल पर भी छापा मारा। गिरफ्तार लोगों को न्यूटाउन स्थित एनसीबी कार्यालय ले जाया गया। उन्हें कल अदालत में पेश किए जाने की संभावना है।

जांचकर्ताओं का मानना है कि इसके पीछे अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह का हाथ है। कुछ महीने पहले डानकुनी के एक गोदाम से 800 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था।

## पार्क सर्कस के केक फैक्ट्री में लगी आग

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। सोमवार को पार्क सर्कस स्टेशन के करीब स्थित एक केक फैक्ट्री में आग लग गई। इलाका भीड़भाड़ वाला और सड़कें संकरी होने की वजह से दमकल कई इंजन कारखाने तक नहीं पहुंच सके। परिणामस्वरूप, आग के और अधिक फैलने का खतरा है।

सूत्रों के अनुसार, पार्क सर्कस से सटे इलाके में एक केक फैक्ट्री में सोमवार दोपहर आग लग गई। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया। घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर घटनास्थल पर आठ दमकल गाड़ियां पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां न केवल केक की फैक्ट्री है, बल्कि चमड़े और तांबे की वस्तुएं बनाने वाली फैक्ट्री भी है। एक गोदाम भी है जहां ज्वलनशील पदार्थ मौजूद होने की वजह से आग तेजी से फैल रही है। एहतियात के तौर पर सियालदह दक्षिणी शाखा पर रेल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का काम जारी था।

## मेदिनीपुर अस्पताल के सात निलंबित पीजीटी ने मुख्यमंत्री को सजा माफी के लिए लिखा पत्र

**मेदिनीपुर।** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के सात निलंबित पीजीटी छात्रों ने कॉलेज की अध्यक्ष मौसमी नंदी के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को पत्र भेजकर अनुरोध किया कि उनकी सजा माफ की जाए। वे आशावादी हैं कि इससे कुछ न कुछ परिणाम निकलेगा। कॉलेज अध्यक्ष मौसमी नंदी ने भी कहा कि पत्र मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। चलो देखते हैं क्या होता हैं।

इस बीच, जूनियर डॉक्टरों ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए रविवार को एक और जीबी बैठक की। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों का एक बड़ा वर्ग अब अपनी मांगों को उग्र आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि अनुरोध के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है। जूनियर डॉक्टरों ने पीजीटी पर लगाई गई सजा को रद्द करने की मांग को लेकर सोमवार को मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। हालांकि, सामान्य मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग विभागों के अनुसार निर्णय लिए गए। आंशिक हड़ताल को किस प्रकार क्रियान्वित किया जाएगा, इसका निर्णय लिया जाएगा। प्रदर्शनकारी मरीज़ सेवाओं में बाधा उत्पन्न नहीं करना चाहते।

मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई मातृ एवं शिशु मृत्यु के संबंध में अब तक जूनियर एवं वरिष्ठ तेरह डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ अनैच्छिक हत्या का मामला भी दर्ज किया गया है। इनमें सात पीजीटी छात्र भी शामिल हैं। जूनियर डॉक्टरों ने खराब सलाइन को दोषी ठहराते हुए जूनियर डॉक्टरों पर अनुचित तरीके से दंड लगाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजी गई 13 सदस्यीय जांच टीम को चिकित्सकीय लापरवाही के कई साक्ष्य मिले।

# आरजी कर मामले में कोर्ट के फैसले पर ममता ने जताया असंतोष

### बोलीं- फांसी होती तो मन को सुकून मिलता




**कोलकाता।** आरजी कर मामले में दोषी संजय रॉय को उम्र कैद की सजा सुनाए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वह कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि यह मामला उनके पास होता तो दोषी को फांसी की सजा दिलवा देते। मालदा जिले के दौरे पर पहुंचीं ममता बनर्जी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। यदि यह मामला हमारे पास होता तो हम बहुत पहले ही फांसी की सजा दिलवा देते। मैं नहीं जानती कि सीबीआई ने इस मामले को कैसे लड़ा और क्या तर्क दिए, लेकिन मुझे संतोष नहीं मिला। फांसी होती तो मन को सुकून मिलता।

ममता ने यह भी कहा कि आरजी कर मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने अपनी बात रखते हुए जयनगर, फरक्का और गुड़ाप के दुष्कर्म-हत्या मामलों का जिक्र किया, जहां पुलिस ने जांच पूरी कर दोषियों को फांसी की सजा दिलवाई थी। ममता बनर्जी ने सीबीआई की कार्यशैली पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि हम चाहते थे कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, लेकिन यह मामला हमारे हाथ से लेकर सीबीआई को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि सीबीआई पर उन्हें भरोसा था, लेकिन वे उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।

मुख्यमंत्री ममता ने राज्य पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि जयनगर, फरक्का और गुड़ाप मामलों में पुलिस ने प्रभावी जांच कर दोषियों को सजा दिलाई। इन मामलों में फांसी की सजा सुनिश्चित कर मिसाल पेश की गई।

# चीन के साथ संबंधों में मजबूती बरकरार रहेगी - ढाका में चीनी राजदूत

**ढाका।** चीन के साथ बांग्लादेश के संबंधों में कोई दरार नहीं आएगी, बल्कि यह और मजबूत होंगे। यह बात ढाका में नियुक्त चीनी राजदूत याओ वेन ने रविवार को विदेश मंत्रालय में एक बैठक के बाद कही। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार की चीन यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है और इससे द्विपक्षीय सहयोग और गहरा होगा।

बांग्लादेश के साथ किए गए समझौते कायम रहेंगेयाओ वेन ने स्पष्ट किया कि चीन और बांग्लादेश के बीच जो भी समझौते हुए हैं, उनमें किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। उन्होंने कहा, ÷चीन हमेशा बांग्लादेश का मित्र रहा है और भविष्य में भी रहेगा।÷

तीस्ता परियोजना के संबंध में राजदूत ने कहा कि चीन इस परियोजना पर काम कर रहा है और जल्द ही इसे समाधान की दिशा में ले जाएगा।

05 अगस्त की घटना में मारे गए लोगों को लेकर चीन द्वारा दी गई सहायता जारी रहेगी। पत्रकारों के एक सवाल पर याओ वेन ने कहा कि बांग्लादेश को अगर किसी प्रकार के चिकित्सा उपकरण या अन्य सहयोग की आवश्यकता होगी, तो चीन सरकार उसे उपलब्ध कराएगी।

ब्रह्मपुत्र नदी पर भारत द्वारा बनाए जा रहे बांध के मुद्दे पर राजदूत ने कहा कि चीन इस पर नजर बनाए हुए है और वहां विकास कार्यों के लिए काम करता रहेगा। इस बैठक के दौरान चीनी दूतावास के दो वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे




# बंगाल पुलिस एनकाउंटर में मौत का मामला हाई कोर्ट पहुंचा, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

**कोलकाता।** उत्तर दिनाजपुर के गोयालपोखर में हुई एनकाउंटर में एक आरोपित की मौत का मामला अब कोलकाता हाई कोर्ट तक पहुंच गया है। इस घटना पर मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की डिवीजन बेंच का ध्यान आकर्षित किया गया। वकील तापस भंज ने राष्ट्रीय पुलिस आयोग के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए अदालत से हस्तक्षेप की मांग की।

तर्क दिया गया कि अगर पुलिस हिरासत में आरोपित सुरक्षित नहीं है, तो न्यायालय को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर याचिका दायर करने की अनुमति दी और कहा कि अतिरिक्त शपथ पत्र के साथ संबंधित बेंच में याचिका लगाई जा सकती है। इस सप्ताह मामले की सुनवाई की संभावना है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि मामला मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच में सुना जाएगा या किसी अन्य बेंच में।

### क्या है मामला ?

15 जनवरी को इस्लामपुर अदालत में आरोपित सज्जाक आलम को पेश किया गया था। सुनवाई के बाद उसे जेल ले जाया जा रहा था। आरोप है कि गोयालपोखर के पास पांजीपाड़ा में स्थित एक काली मंदिर के पास उसने शौच का बहाना किया। जैसे ही उसे प्रिजन वैन से उतारा गया, उसने दो पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध गोली चला दी और एक बाइक पर फरार हो गया। रायगंज पुलिस अधीक्षक ने सज्जाक आलम पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। बाद में गत शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने कहा कि अगर हमें कोई एक गोली मारेगा, तो हम उसे चार मारेंगे।

# तोर्षा चाय बागान खुला, श्रमिक खुश



**अलीपुरद्वार।** जिले का तोर्षा चाय बागान पांच महीने से अधिक समय तक बंद रहने के बाद सोमवार को आखिकार खुल गया। बागान खुलने के बाद से श्रमिकों में खुशी देखा गया।

उल्लेखनीय है कि तोर्षा चाय बागान पिछले साल अगस्त से बंद था। बंद होने से तोर्षा चाय बागान के 662 श्रमिकों का रोजगार छीन गया था। जिससे श्रमिकों का माली हालत खराब हो गई थी।

बागान प्रबंधन की ओर से चिन्मय धर ने बताया कि द्विपक्षीय समझौते के तहत बागान खोला गया है।

**आरजी कर मामला**

# पीड़ित परिवार ने आर्थिक मदद लेने से किया इनकार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को सियालदह अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का निर्देश दिया। हालांकि, पीड़ित के माता-पिता ने आर्थिक सहायता को लेने से इनकार कर दिया है। पीड़ित के माता-पिता ने अदालत के बाहर कहा, ÷हम इस सहायता को स्वीकार नहीं करेंगे। हमें न्याय चाहिए। यह केवल संजय की सजा नहीं, बल्कि पूरे तंत्र को जिम्मेदार ठहराने का मामला है।÷

अदालत ने इस मामले को ÷विरलतम में विरल÷ नहीं मानते हुए फांसी की सजा की बजाय आजीवन कारावास का फैसला सुनाया। दोषी संजय रॉय ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, ÷मुझे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। मैंने कुछ नहीं किया।÷

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ÷हमने पहले दिन से दोषी को फांसी देने की मांग की थी और आज भी इस पर कायम हैं।

# सरकारी अस्पतालों में प्रतिबंधित सलाइन का उपयोग जारी, मरीजों की सुरक्षा पर सवाल

**कोलकाता।** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज में एक प्रसूता की मौत और चार अन्य महिलाओं के बीमार पड़ने के बाद प्रतिबंधित सलाइन के उपयोग का मामला गरमा गया है। बावजूद इसके, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के पॉलाशिपाड़ा स्थित प्रीतिमयी ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में इस सलाइन का उपयोग जारी रहने का आरोप सामने आया है।

इस विवादास्पद सलाइन, जिसे पश्चिम बंगाल फार्मास्यूटिकल द्वारा निर्मित रिंगर्स लैक्टेट कहा जाता है, को स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही प्रतिबंधित कर दिया था। इसके बावजूद, इस सलाइन का उपयोग किए जाने से मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी रबीउल हक ने बताया कि उच्च अधिकारियों ने सलाइन के उपयोग पर रोक लगाने के



निर्देश दिए थे। इसके बावजूद इसका उपयोग कैसे हुआ, यह पता लगाया जाएगा। मैं मामले की जांच करूंगा।

रविवार को गोपीनाथपुर क्षेत्र की निवासी रहिमा खातून को प्रीतिमयी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। रहिमा के परिवार ने आरोप लगाया कि उन्हें प्रतिबंधित सलाइन लगाया गया। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो नर्सों ने दावा किया कि डॉक्टर ने इसे इस्तेमाल करने का आदेश दिया था।

हालांकि, जब परिवार ने डॉक्टर से बात की, तो उन्होंने इस आरोप को खारिज कर दिया। रहिमा की रिश्तेदार मौसमी खातून ने कहा कि प्रतिबंधित सलाइन का उपयोग किया गया है। अगर मरीज को कुछ हो जाता है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? स्वास्थ्य विभाग को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

जिला उपमुख्य स्वास्थ्य अधिकारी पराशर पोद्दार ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने सलाइन पर प्रतिबंध लगाते हुए विकल्प भी उपलब्ध कराए थे। इस तरह का मामला नहीं होना चाहिए था। हम मामले की गहराई से जांच कर रहे हैं।

# कोलकाता हाई कोर्ट पहुंचे डॉक्टर असफाकुल्ला

### पुलिसी नोटिस के खिलाफ दायर की याचिका

**कोलकाता।** जूनियर डॉक्टर असफाकुल्ला नाइया ने पुलिस की तरफ से भेजे गए नोटिस के खिलाफ कोलकाता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने उन्हें इस मामले में याचिका दायर करने की अनुमति दी है। इस मामले की सुनवाई इस सप्ताह होने की संभावना है। डॉक्टर असफाकुल्ला पर पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) होने के बावजूद ईएनटी सर्जन के तौर पर इलाज करने का आरोप है। इस मामले में राज्य मेडिकल काउंसिल ने उन्हें बीते बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा था।





इस बीच, गुरुवार सुबह पुलिस ने उनके दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप स्थित घर पर छापा मारा। पुलिस ने वहां से कुछ दस्तावेज जब्त किए और सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स थाने में हाजिर होने का नोटिस जारी किया।

डॉक्टर असफाकुल्ला ने दावा किया है कि उन्हें आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि पुलिस और प्रशासन मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। उनके भाई, अलीउल्ला नाइया ने भी आरोप लगाया कि पुलिस बिना किसी नोटिस के घर आई और कुछ दस्तावेज लेकर चली गई।

# दक्षिण 24 परगना के कुलतली में पुलिस से मारपीट, दो गिरफ्तार

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में एक और जगह पर पुलिसकर्मियों पर हमले का मामला सामने आया है। दक्षिण 24 परगना के कुलतली इलाके में पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ है। घटना के सिलसिले में सुखेन दास और स्वप्न दास नामक दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि नशे में धुत इन दोनों ने पुलिसकर्मियों के साथ न केवल बदसलूकी की, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर उनके साथ हाथापाई भी की।

सोमवार को जारी पुलिस के बयान के अनुसार, रविवार शाम बारुईपुर के उत्तरी भाग के निवासी सुखेन और स्वप्न अपने चार दोस्तों के साथ कैखाली घूमने गए थे। वापसी के दौरान कुलतली के जामतला बाजार इलाके में उन्होंने अपनी गाड़ी सड़क पर खड़ी कर दी, जिससे भारी ट्रैफिक जाम लग गया। जब पुलिस ने गाड़ी हटाने के लिए कहा, तो दोनों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उन पर हमला कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाजार में उस समय मेला लगा हुआ था, जिससे भीड़ सामान्य दिनों से अधिक थी। इसी बीच दोनों युवकों ने पुलिसकर्मियों से झगड़ा किया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थाने में पूछताछ के दौरान दोनों ने अपनी गलती स्वीकार कर ली। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को दोनों को बारुईपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले उत्तर दिनाजपुर के गोयालपुखुर में भी पुलिस पर हमला हुआ था, जब एक हत्या के आरोपित ने पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी थी।

# आरजी कर कांड : सजा के ऐलान से पहले जल्लाद ने कहा -संजय को फांसी पर लटकाने में खुशी होगी

**कोलकाता।** आर.जी. कर अस्पताल के डॉक्टर की हत्या के दोषी संजय को फांसी की सजा दी जा सकती है। शनिवार को सियालदह अदालत के न्यायाधीश अनिर्बाण दास ने संजय को दोषी ठहराते हुए कहा था कि इस अपराध में उसे अधिकतम मृत्युदंड हो सकता है। जल्लाद महादेव मल्लिक, जो प्रख्यात जल्लाद नाटा मल्लिक के बेटे हैं, ने कहा कि अगर संजय को फांसी देने का आदेश आता है, तो वह बिना किसी झिझक यह काम करेंगे।

महादेव मल्लिक, जो वर्तमान में कोलकाता नगर निगम में कार्यरत हैं, ने कहा कि अगर सरकार मुझे बुलाएगी, तो मैं फांसी देने के लिए तैयार हूं। मैंने अपने पिता से यह काम सीखा है, और मुझे इसमें कोई दिक्कत नहीं होगी। मेरे हाथ और दिल, दोनों नहीं कांपेंगे।

महादेव ने यह भी बताया कि उन्होंने 2004 में धनंजय चटर्जी को फांसी देने में अपने पिता की सहायता की थी। यह पश्चिम बंगाल में अब तक की आखिरी फांसी थी। महादेव ने कहा कि यह काम हर कोई नहीं कर सकता। मुझे बुलाया जाएगा, तो मैं जाऊंगा।

महादेव ने डॉक्टर की निर्मम हत्या पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर तो हमारे लिए भगवान होते हैं। वह लोगों की जान



बचाते हैं। ऐसे लोगों को मारने वालों के प्रति कोई दया नहीं होनी चाहिए।

महादेव ने इस बात पर भी संदेह जताया कि संजय ने यह अपराध अकेले किया होगा। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि संजय अकेला इस कांड को अंजाम दे सकता है। और भी लोग इसमें शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे पकड़े नहीं गए हैं।÷

अगर सोमवार को अदालत संजय को फांसी की सजा सुनाती है, तो यह तुरंत लागू नहीं होगी। संजय निचली अदालत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दे सकता है। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ वह डिवीजन बेंच और फिर सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है। अगर सुप्रीम कोर्ट भी फांसी की सजा को बरकरार रखता है, तो संजय के पास अंतिम विकल्प राष्ट्रपति से दया याचिका का होगा।

# धूमधाम से संपन्न हुआ मिथिला विभूति पर्व समारोह

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित मैथिली भाषियों की सामाजिक संस्था मिथिला सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दो दिवसीय मिथिला विभूति पर्व समारोह उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

बागुईआटी के जर्दाबगान स्थित बंधुमहल क्लब परिसर में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम दिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं अखंड अष्टयाम संकीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा।

अगले दिन रविवार को मैथिली के महान कवि विद्यापति की स्मृति में मिथिला विभूति पर्व समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सदस्यों ने मिलकर किया। साहित्य अकादेमी से सम्मानित साहित्यकार डॉ. अनमोल झा ने मुख्य वक्ता के रूप में मातृभाषा के महत्व पर बल दिया।

मिथिला सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रमाकांत झा ने बताया कि समारोह से पूर्व गरीबों में कंबल वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान साहित्यकार मिथिलेश कुमार झा को बाबू साहेब चौधरी सम्मान, समाजसेवी सीए शिवचरण शुक्ल को मिथिला संकीर्तन मंडली सम्मान, तथा डॉ. रामसेवक ठाकुर को जानकी संतति सम्मान से विभूषित किया गया। वहीं बिधाननगर की बोडो चेयर पर्सन पियाली सरकार को उनके योगदान को देखते हुए मिथिबंग गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व स्थानीय छात्रा स्नेहा झा ने विद्यापति रचित विख्यात भगवती वंदना जय जय भैरवि का गायन किया। कार्यक्रम के दौरान ही लेखक राधेश्याम झा लिखित नाटक पुस्तक ÷हमर दुखक नहि ओर÷ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर लेखक ने अपने अनुभव साझा किए। समारोह के अंत में कुंजबिहारी मिश्र, माधव राय, रचना झा व हेमकांत झा प्यासा सहित मिथिला के कई नामचीन कलाकारों ने गीत-संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम से समां बांध दिया। देर रात तक लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। मिथिला के सुप्रसिद्ध उद्घोषक डॉ. रामसेवक ठाकुर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिला सेवा ट्रस्ट सदस्यों ने उत्साह और उमंग से मिलकर काम किया। संस्थापक चेयरमैन रमाकांत झा ने बताया कि समाज और सदस्यों के सहयोग से ही यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।



संक्षिप्त समाचार

## 2 बाइक के बीच टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

● गोपालगंज में ससुराल जा रहे युवक की गई जान



**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के पास 2 बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के खजूरी पूरब टोला वार्ड नंबर 11 निवासी दुखन कुशवाहा के 27 साल के बेटे लाल बाबू कुशवाहा के रूप में की गई। घटना उस समय हुई जब लाल बाबू अपने ससुराल नगर थाना क्षेत्र के अब्दुल्ला इंदरवा गांव जा रहे थे। हरपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर सवार महुआवा गांव निवासी शमशुद्दीन के बेटे गोल्डेन अली गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की शादी चार साल पहले हुई थी।

## रेलवे स्टेशन पर आठ बोतल शराब बरामद

**भागलपुर, एजेंसी।** रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म संख्या 2-3 के पश्चिम पैदल पुल के नीचे से एक झोले में लावारिस पड़े अंग्रेजी शराब को बरामद किया है। आरपीएफ ने बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब में से पांच बोतल 750 एमएल की रॉयल स्टेज और तीन बोतल 750 एम?एल की मैजिक मूमेंट बरामद हुई है। कारोबारी भाग निकलने में कामयाब रहा।

## बाबा नाम केवलम् 24 घंटे अखंड कीर्तन का समापन

**भागलपुर, एजेंसी।** कसमाबाद में रविवार को आंनद मार्ग जागृति कसमाबाद में स्थापना दिवस पर अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम् को लेकर 24 घंटे अखंड कीर्त्तन समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर आंनद मार्ग के प्रचारक संघ के आचार्य कल्यान मित्रा नंद अवधूत सहित कई आचार्य मौजूद थे। बैकठपुर दुधैला मुखिया अरविंद मंडल, नवादा मुखिया प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉ. रवि कुमार सुमन आदि ने कंबल वितरण किया।

## अफीम की खेती करने मामले में एक गिरफ्तार

**गया, एजेंसी।** प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम की खेती करने मामले में पुलिस ने धनगाई थाना क्षेत्र के चांदो गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार साल 2021 में चांदो गांव के श्यामदेव मांझी के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। दर्ज किए गए मुकदमे में श्यामदेव पर अफीम की खेती करने का आरोप था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से श्याम देव फरार चल रहा था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## आरोपी घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड के मधुरापुर और आशाटोल गांव में भवानीपुर पुलिस ने पुराने मामले के आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार ने बताया कि आरोपी फरार है इसलिए उसके घर इश्तेहार चिपकाया।

# पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर से हमला, थानाध्यक्ष सहित 5 घायल

### बेगूसराय में जमीन विवाद सुलझाने पहुंची थी, गांव में कैंप कर रही पुलिस

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में जमीन को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर भीड़ ने ईंट-पत्थर से हमला किया गया। इस हमले में थानाध्यक्ष समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। भीड़ ने पुलिस वाहन? को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, इस घटना में 5 स्थानीय लोग भी घायल हुए हैं। एक घर में भी आग लगा दिया गया। घटना बखरी थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव की है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनीष और बखरी डीएसपी सहित आसपास के सभी थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद किसी तरह से मामले को शांत कराया गया। घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए बखरी पीएचसी में भर्ती कराया गया है। घायलों में बखरी थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी, एसआई अर्चना कुमारी, एसआई पुष्पलता, एएसआई कुंदन कुमार और चालक चंदन कुमार शामिल हैं।

### इलाके में कैंप कर रही पुलिस

पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है। खेत जोत रहे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मौके पर कैंप कर रही है, स्थिति शांतिपूर्ण है। लेकिन गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

**कोर्ट ने दिया था जमीन खाली कराने का आदेश :** जानकारी के मुताबिक, प्राणपुर में खाता नंबर-1 और खेसरा नंबर-396 के 16 बीघा जमीन पर 2 साल पहले 150 महादलितों ने घर बना लिया था। जमीन के जोतदार मालिक अबू नसर और सादिक अख्तर ने इस मामले को कोर्ट में ले गए। 17 अगस्त 2024 को अनुमंडल कोर्ट ने इन लोगों के पक्ष में फैसला सुनाया और गढ़पुरा सीओ को जमीन खाली कराने का आदेश दिया। लेकिन, जमीन खाली नहीं कराया जा रहा था। आज इसी जमीन को लेकर हंगामा हुआ। मोहम्मद सादिक ने बताया कि करीब 16 बीघा का यह प्लॉट हम लोगों का है। इस पर महादलित समुदाय के लोगों ने रातों-रात जबरदस्ती घर बना लिया था। हम लोग कोर्ट गए तो कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया। आज जब वहां से गुजर रहे थे तो उसी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई की जा रही थी। हमने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों ने हमला कर दिया।

### हमलोगों की हत्या कर देते

स्थानीय भू-माफिया अब्दुल सलाम और मोहम्मद वकील के सहयोग से खगड़िया के बहादुरपुर निवासी रुपकांत राय का ट्रैक्टर मंगवा कर खेत जोत रहा था। पुलिस को हमने सूचना



दी। हम लोग नहीं भागते तो बौयेलाल सदा, योगेंद्र सदा, त्रिवेणी सदा, अमीर सदा, मलेछू सदा, मोहन सदा, बिरंची सदा, सुरेश सदा सहित 40-50 महिला और पुरुष मिलकर हमलोगों की हत्या कर देते। वह लोग हथियार से भी लैस थे।

### मां-बहनों पर पुलिस ने चलाई लाठी

वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि यह बकास मालिक की जमीन है, जमींदार कहता है कि ये हमारी जमीन है। वह लोग आज प्रशासन को लेकर आए, हमारी मां-बहनों पर लाठी चलाना शुरू कर दिया। हम लोगों ने कहा कि सरकार की जमीन पर घर बनाए हैं, वही जोत रहे हैं। इतना कहते ही पुलिस ने लाठी चलाना शुरू कर दिया। हम लोग को देखने वाला कोई नहीं है। जमीन खाली करने का नोटिस एसडीओ की ओर से आया था। हम मानवाधिकार आयोग और महादलित आयोग में गए। सबको आवेदन दिए। प्रशासन ने खेत में मौजूद ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। हम लोग उसे छोड़ने के लिए कह रहे थे। वहीं प्रशासन का कहना था कि यह जमीन तुम्हारी नहीं है। हमारे पक्ष के कई लोगों पर केस कर दिया गया है। आज हम लोग उस जमीन पर सब्जी लगाने के लिए ट्रैक्टर चलवा रहे थे। इसी दौरान वह लोग आए और मारपीट करने लगे। हमारे घरों में आग लगा दी गई। पुलिस भी उन्हीं लोगों के पक्ष में आई और हमारे परिवार के महिलाओं के साथ मारपीट की।

### एसपी ने टीम के साथ घटनास्थल पर की जांच

एसपी मनीष ने बताया कि प्राणपुर में विवादित जमीन पर एक पक्ष के जबरदस्ती ट्रैक्टर से जोतने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही बखरी थानाध्यक्ष फैसल अहमद अंसारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो करीब 100 महिला-पुरुष विवादित जमीन पर मौजूद थे। कुछ लोग ट्रैक्टर से जमीन की जोत-बाग कर रहे थे, जो पुलिस टीम को देखकर भागे। टीम जब ट्रैक्टर को जब्त कर लाने लगी तो उसी दौरान महिला-पुरुष की भीड़ ने टीम पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इसमें बखरी थानाध्यक्ष और कुछ पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। बखरी अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज कराया गया। ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है। मैं घटनास्थल पर पहुंचा और बखरी डीएसपी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल के साथ छानबीन की। घटना में शामिल आरोपियों की पहचान करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार बैंककर्मी से लूट का था आरोपी



### नवादा के टॉप-10 अपराधी आर्यन को खरांठ मोड़ से पकड़ा

**नवादा, एजेंसी।** नवादा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल और 50 हजार के इनामी बदमाश विपिन उर्फ आर्यन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को खरांठ मोड़ बस पड़ाव के पास से पकड़ा गया। वारिसलीगंज थाना के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने 29 फरवरी 2024 को वारिसलीगंज रेल ओवर ब्रिज के पास बंधन बैंक के एक कर्मचारी से 74 हजार रुपये की लूट की थी। इस घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी और थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि 12 मार्च 2024 को जब अपराधी गैंग उसी स्थान पर दूसरी लूट की योजना बना रहे थे, तब पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, सूरज और आर्यन मौके से फरार हो गए थे। कुछ महीने पहले सूरज को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आर्यन फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी आर्यन नालंदा जिले के दीप नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है और उसके खिलाफ दीप नगर थाना में केस नंबर 576/23 और वारिसलीगंज में केस नंबर 114/24 दर्ज है। तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस इस गिरफ्तारी को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता मान रही है।

# दरभंगा में कचरे के गोदाम में लगी आग: धू-धू कर जला गोदाम

### 16 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने 4 घंटे में पाया काबू



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के किनारे विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के बाजार समिति और महिंद्रा एजेंसी के बीच एक कचरे की दुकान में रविवार की देर रात अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते आग की लपटें बेकाबू हो गई और तेजी से आसपास फैलने लगी। बेकाबू होती आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोग आग बुझाने पहुंचे। फिर प्रशासन को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक के बाद एक 16 गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया।

सैकड़ों स्थानीय लोग प्रशासन के साथ आग बुझाने में सुबह 4 बजे तक जुटे रहे। फिलहाल घटना में हुई क्षति का आकलन नहीं किया जा सका है। कयास लगाया जा रहा कि करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। कुछ लोगों का कहना है कि अलाव जलाकर कुछ लोग बैठे थे। उनके जाने के बाद अलाव से निकली चिंगारी ने ही कचरे के गोदाम को अपनी जद में ले लिया।

घटनास्थल पर मौजूद वार्ड एक के पार्षद प्रतिनिधि पप्पू खान ने बताया कि लगातार 4 घंटे से स्थानीय प्रशासन और लोग एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आसपास के दुकान और संस्थान इसकी जद में ना आ जाए। इसे लेकर हम लोग कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। अब जाकर 4 घंटे में आग पर पर काबू पाया जा सका है। विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। घटना में हुई क्षति का आकलन प्रतिष्ठा के मालिक द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही आग लगने के कारणों का पता लगा लिया जाएगा।

# फ्लिपकार्ट गोदाम में 4.95 लाख लूटे, गोली मारकर की हत्या: 3 बाइक से आए थे 9 अपराधी



### अलार्म बजने पर की फायरिंग; 19 स्टाफ को बनाया बंधक

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में फ्लिपकार्ट के गोदाम में तीन बाइक सवार 9 अपराधी रविवार की रात हथियार लेकर पहुंचे। हथियार के बल पर 19 स्टाफ को बंधक बनाकर 8 मिनट में 4.95 लाख रुपए की लूट की। अलार्म बजा तो गुस्से में एक कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। हवा में हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना रात 9 बजे के बाद की है। मृतक की पहचान मनियारी थाना क्षेत्र के सिलौट गांव के प्रभात कुमार मिश्रा 45 वर्षीय के रूप हुई है। भागने के दौरान अपराधियों की एक बाइक खराब होने की वजह से घटनास्थल पर ही छूट गई। वारदात सदर थाना क्षेत्र के खबरा स्थित फ्लिपकार्ट के कार्यालय में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी पहुंचे। जांच में जुट गए।

**हथियार लहराते हुए फरार हो गए सभी :** अंदर घुसने के बाद डकैतों ने कर्मियों से पैसा निकालने के लिए बोला। इस दौरान कई कर्मियों के साथ मारपीट भी की। एक दो कर्मी को हथियार के बट से मार कर चोटिल कर दिया। कैश काउंटर में रखे 4.95 लाख रुपए लूट लिए। तभी कार्यालय का अलार्म बज गया। इतने में अपराधी आग बबूला हो गए। कैश काउंटर पर बैठे कर्मी को गोली मार दी। उसके बाद हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

**एफएसएल ने की जांच :** मौके पर मौजूद कर्मियों ने घायल को इलाज के लिए बैरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी सुशील कुमार, सिटी एसपी, एसडीपीओ टाऊन 2 विनीता सिन्हा, सदर थानाध्यक्ष अश्मित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने मौके से कई साक्ष्य एकत्रित किया। 9 की संख्या में पहुंचे अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद मधौल फोरलेन की तरफ भागे। अपराधी तीन बाइक से घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने के दौरान अपराधी आपस में भोजपुरी भाषा में बात कर रहे थे।

**सीसीटीवी में कैद सभी**

भागने के दौरान अपराधी कई जगह पर सीसीटीवी में कैद हो गए है, जिसमें उनके गाड़ियों का नंबर दिख रहा है, लेकिन सभी ने अपना चेहरा ढका हुआ है। उनका चेहरा साफ साफ नहीं दिखाई दे रहा। एक दो अपराधी का चेहरा दिख रहा है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

## पशुपति पारस का छलका दर्द, बोले- दलित की पार्टी समझकर एनडीए ने काट दिए थे टिकट

**हाजीपुर, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के महागठबंधन में जाने की अटकलें तेज हैं। इस बीच एनडीए से साइडलाइन किए जाने पर उनका दर्द छलका है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रमुख पारस ने कहा कि एनडीए ने दलित की पार्टी समझकर लोकसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया था। बता दें कि 2024 के चुनाव में बीजेपी ने रालोजपा की जगह चिराग पासवान की लोजपा रामविलास को तरजीह दी थी। इसके बाद से पारस एनडीए से नाराज चल रहे हैं। रविवार को उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से भी मुलाकात की। पशुपति पारस ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि दलित की पार्टी होने पर उनके पांचों सांसदों का एनडीए में टिकट काट दिया गया था। यह देश की राजनीति के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को भगवान मानते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं तो हम किनारा करेंगे। फिलहाल सभी 243 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। आगामी दिनों में रालोजपा राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक बुलाई जाएगी उसमें आगे की रणनीति पर फैसला होगा। महागठबंधन में जाने के सवाल पर रालोजपा प्रमुख ने कहा कि अभी इसे राज ही रहने दीजिए।

### पारस की लालू यादव से मुलाकात

पशुपति पारस ने रविवार को आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच लगभग एक घंटे तक बातचीत हुई। आरजेडी सूत्रों के अनुसार रालोजपा के महागठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर बातचीत की जा रही है।

# किराना दुकान में लगी आग, 12 लाख का नुकसान

### पूर्णिया में घंटों मशक्कत से दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में किराना दुकान में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। अगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने अगलगी में 12 लाख के नुकसान का अनुमान जताया है। घटना अमौर के शिव दुर्गा मंदिर के पास स्थित किराना दुकान की है। पीड़ित दुकानदार की पहचान अमौर निवासी सुशील कुमार साह के रूप में हुई है। पीड़ित सुशील कुमार साह ने बताया कि रोजाना की तरह वे देर रात करीब 9 बजे दुकान बंद कर घर आ गए थे। वे गहरी नींद में थे कि तभी रात गए उन्हें किराना दुकान से लगे दुकानदार उत्तम गुप्ता का फोन आया। दुकानदार ने फोन पर आग लगने की सूचना दी, जिसके बाद वे दौड़े भागे अपनी दुकान पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर दुकान के अंदर से आग की भयानक लपटें देखी। दुकान का दोनों शटर लाल हो गया था। इसी बीच शोर होने पर भीड़ जमा हो गई।

आपसी सहयोग से बाल्टी से पानी डालकर आग को बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग की लपटें शांत होने के बजाय और भड़क उठी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल कर अगलगी की सूचना दी गई। कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत से आग की लपटों पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझी, दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दुकान में करीब 12 लाख का सामान था, अगलगी में सबकुछ राख में बदल गया। सूचना पाकर पहुंचे सीओ सुधांशु मधुकर ने स्थल का जायजा लिया है। इसके पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## लातेहार में दो हाईवा की भीषण टक्कर: एक चालक की मौत, दूसरा गंभीर

### जेसीबी से निकाला गया फंसा हुआ शव

**लातेहार, एजेंसी।** झारखंड के लातेहार जिले में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी यादव पेट्रोल पंप के पास एनएच-22 पर दो हाईवा वाहनों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान केरेडारी निवासी मोहम्मद सोहैल अंसारी के रूप में हुई है, जो हाईवा चला रहे थे। दूसरे हाईवा के चालक मिथिलेश कुमार को गंभीर हालत में बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### वाहनों के कैबिन के परखच्चे उड़े

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सोहैल का शव हाईवा में फंस गया था, जिसे जेसीबी और हाइड्रा मशीन की



मदद से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, एक हाईवा केडी पांडु से कोयला लेकर टोरी साइडिंग जा रहा था, जबकि दूसरा वाहन टोरी साइडिंग से खाली होकर केडी की ओर लौट रहा था। बारियातू थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार पुलिस दल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य का नेतृत्व किया। दुर्घटना के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटा दिया गया है, ताकि यातायात सुचारू रह सके।

# जेईई मेन का पहला सेशन 22 से, बोकारो में दो केंद्रों पर 2069 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

## सफल, सुचारू एवं कदाचारमुक्त परीक्षा को ले तमाम तैयारियां पूरी - सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार



**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) का आयोजन इस वर्ष 22 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। बोकारो जिले में इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2069 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) में डॉ. एस. राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है। सोमवार को इस आशय की जानकारी देते हुए एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा सुचारू तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो तथा परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो, इसकी हरसंभव व्यवस्था दोनों ही केंद्रों पर सुनिश्चित की गई है। अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है। डॉ. गंगवार ने बताया कि बोकारो में 22, 23 एवं 24 जनवरी को परीक्षाएं होंगी। आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहले दिन 22 जनवरी को प्रथम पाली में 111 एवं द्वितीय पाली में 140, 23 जनवरी को फर्स्ट शिफ्ट में 123 व सेकेंड शिफ्ट में 139 तथा 24 जनवरी को पहली पाली में 141 तथा दूसरी पाली में 96 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसी प्रकार, अल्फा आईसीटी सेंटर में पहले दिन 22 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220, 23 जनवरी को प्रथम पाली में 219 एवं द्वितीय पाली में 220 तथा 24 जनवरी को दोनों ही पालियों में 220-220 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी एनटीए की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में हो रहा है। पहला सेशन 22-31 जनवरी 2025 और दूसरा 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 की अवधि में होगा। 22, 23, 24, 28, 29 जनवरी 2025 को पेपर - 1 (बी.ई./बी. टेक) की परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक तथा दूसरी पाली में दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 तक ली जाएगी। 30 जनवरी को सेकेंड शिफ्ट में दोपहर 03.00 बजे से शाम 6.30 बजे तक पेपर- 2ए (बी. आर्क), पेपर - 2बी (बी. प्लानिंग) एवं दोनों की परीक्षाएं साथ ली जाएंगी। जबकि, 31 जनवरी की तिथि को आवश्यकतानुरूप स्पेयर दिवस के रूप में रखा गया है। बी. आर्क और बी. प्लानिंग के ड्राइंग टेस्ट को छोड़कर सभी परीक्षाएं केवल सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) मोड में ही होंगी। बी. आर्क और बी. प्लानिंग के ड्राइंग टेस्ट पेन-पेपर बेस्ड मोड में ऑफलाइन ड्राइंग शीट पर लिए जाएंगे। ड्राइंग एप्टीट्यूड के अलावा सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे।

# बाबा बड़राव परिसर में हुआ ग्रामीणों का बैठक



**बोकारो।** कसमार प्रखंड अंतर्गत दुर्गापुर पंचायत बड़ पहाड़ बाबा बड़राव परिसर में दुर्गापुर ग्राम वासियों का हुआ आपसी बैठक किया गया जिसका अध्यक्षता मुखिया अमरेश कुमार महतो जी ने किया जिसमें दुर्गापुर ग्राम अंतर्गत पूजा पाठ जो पूर्वजों से जिस नियम से चलता आ रहा है उसी प्रकार समय पर शान्ति पूर्वक आपसी सामंजस्य बना कर पूजा पाठ जैसे बड़ पहाड़ के सामने बाबा बड़राव देवता का , मड़ई के सामने महामाय,राजा गोसाई , बाघुत कुदरा , वानशिनी आदि देवताओं का पूजा पाठ हो। मौके पर मुखिया अमरेश महतो, शंकर महतो , बंशी महतो, बाणेश्वर महतो, अखिलेश्वर प्रसाद महतो, भुनेश्वर महतो, बिंदेश्वर महतो, सरयू महतो, परमेश्वर महतो, कपिल महतो,संदीप कुमार महतो, सृष्टि महतो,दिगम्बर महतो,संतोष महतो, विनोद महतो, सुमन,दशरथ ,भुनेश्वर महतो,दीपक महतो, रीखीलाल महतो,संजय महतो, आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे

# स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे जी की पुण्य तिथि मनाई गई




**कथारा।** के बी कॉलेज प्रांगण में संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय बिंदेश्वरी दुबे जी के पुण्य तिथि के अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण और प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति के कर कमलों संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया गया एवं उनकी पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा नीला पूर्णीमा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, डा प्रभाकर कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, डा व्यास कुमार, डा अरुण रंजन, डा शशि कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो विपुल कुमार पांडे, रविंद्र कुमार दास, सदन राम, नंदलाल राम, मो साजिद, रवि यादविन्दु, संतोष राम, काजल, करिश्मा, संजय, भगन घासी, बालेश्वर यादव, शिव चन्द्र झा , आबिद जहां, रमेश कुमार टुडू, सूरज बेसरा, उर्मिला सोरेन, विनोद केवट, मेहराज शिवेंद आदि कॉलेज परिवार एवं छात्र छात्राएं की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कृषक पाठशाला सभागार में पीएमआईसी की हुई बैठक



**नावाडीह (बेरमो)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत नावाडीह स्थित कृषक पाठशाला सभागार में पीएमआईसी की बैठक किया गया। बैठक में नाबार्ड के डीडीएम फ़िल्मोंन बिलुंग उपस्थित हुए। समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने बैठक में आये सभी अतिथियों का स्वागत किया।नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग ने नावाडीह साप्ताहिक हाट में बने ग्रामीण हाट एवं एलईडीपी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत चर्चा किया। नाबार्ड बोकारो के डीडीएम फ़िल्मोंन बिलुंग ने ग्रामीण हाट एवं आजीविका उधमिता प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि नाबार्ड ग्रामीण विकास को लेकर कार्य करता है साथ ही महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम करती है। इसी के तहत नावाडीह प्रखंड के जूडामना एवं नावाडीह साप्ताहिक हाट में ग्रामीण हाट का निर्माण किया गया है ताकि यंहा के किसान शेड का उपयोग कर प्रतिदिन सब्जी व अन्य सामग्री बेच सके। आदर्श ग्राम विकास सेवा समित्ति के सचिव बासुदेव शर्मा ने बताया कि नावाडीह साप्ताहिक हाट में नाबार्ड के द्वारा ग्रामीण हाट निर्माण की स्वीकृति मिली थी जिसकी कार्य पूर्ण कर नावाडीह बाजार समिति को हैण्डओवर कर दिया गया है, बाजार का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है। इसके साथ ही एलईडीपी कार्यक्रम के तहत नावाडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंड में महिला स्वंय सहायता समूह के सदस्यों को मुर्गी,गाय एवं बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया गया था जिसके बाद महिलाएं बैंक से ऋण लेकर बकरी,गाय व मुर्गी पालन कर आत्मनिर्भर बन रही है। बैठक के बाद नाबार्ड के डीडीएम फ़िल्मोंन बिलुंग ने नावाडीह में बने ग्रामीण हाट का निरीक्षण किया जिसके बाद हरलाडीह में बकरी, मुर्गी व गाय पालन कर रहे महिलाओं से मिलकर जनसे विस्तृत जानकारी ली। मौके पर अनवर अंसारी, बबलू कुमार, दिलीप कुमार, अजय कुमार, उदय साव, मो. बेलाल, राजू कुमार, पिंकी देवी आदि उपस्थित थे।

# बिष्णुगढ़ एवम् गोमिया प्रखंड के सीमांपन नरकी मुख्य सड़क में यात्री बस पलटी, 3 लोगों की हुई मौत 10 यात्री हुए घायल

### हजारीबाग से यात्री लेकर बेरमो लौट रही थी बस



**बेरमो।** गोमिया एवम् विष्णगढ़ प्रखंड के सीमांपन स्थित नरकी मुख्य सड़क समीप नेहा नमक सवारी बस अचानक पलट गई। बस पलटने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दस यात्री घायल हो गए। यह सवारी बस प्रतिदिन बेरमो के फुसरो से हजारीबाग सवारी लेकर जाती और आती थी। रविवार को हजारीबाग से सवारी लेकर वापस फुसरो आने के दौरान शाम को नरकी समीप मुख्य सड़क में बस का पिछला टायर अचानक ब्लास्ट हो गया और बस पलट गई। घटना में मरने वालों में नरकी गांव निवासी मंगरा कमार, बिसुनगढ़ बसरिया गांव निवासी बैजनाथ महतो एवं बेरमो के जारीडीह बजार निवासी कमरूद्दीन अंसारी शामिल है। वही जमुनिया देवी,मनोज प्रजापति,बीरबल नोनिया,अनिल हांसदा,सुरेश कुमार सहित दस यात्री घायल हो गए जिनका इलाज बिष्णुगढ़ निजी अस्पताल में करवाया गया। इस सम्बन्ध में बिष्णुगढ़ थाना प्रभारी सपन कुमार मेहता ने बताया कि घटना में तीन लोगों की मौत हुई है । मृतकों की पहचान करने के बाद सभी घायलों का भी इलाज करवाया जा रहा है। सोमवार को परिजनों की उपस्थित में मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने भेंज दिया गया ।

# बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं आने से उपभोक्ता परेशान मोबाइल बने शोपीस




**लोयाबाद।** लोयाबाद क्षेत्र मे बांसजोड़ा डाकघर का बीएसएनएल का नेटवर्क नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। उपभोक्ता अपनी सिम दूसरी मोबाइल कंपनियों में बदलवा कर रहे हैं। बीएसएनएल उपभोक्ता ने बताया कि लोयाबाद के बांसजोड़ा उप डाकघर में लगे बीएसएनएल का टावर होने के बावजूद करीबन एक महीनों से नेटवर्क नहीं आ रहे हैं, घरों में तो नेटवर्क बिल्कुल नहीं आता। मोबाइलों में नेट आना तो दूर कॉलिंग भी नहीं हो रही है। महीने से सेवा बंद पड़ी है। बीएसएनल कनेक्शन वाले मोबाइल शोपीस बने हुए हैं। ऐसे में बीएसएनएल उपभोक्ता ठगा महसूस कर रहे हैं और दुसरे तीसरे निजी कंपनियों की सेवा लेने को मजबूर हैं। इसकी शिकायत उपभोक्तोओ द्वारा बीसएसएनएल अफसरों, कार्मिकों को कई बार की जा चुकी है लेकिन नेटवर्क की समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। नेटवर्क समस्या को लेकर कतरास -बांसजोड़ा जेई डी0 के0 जी से पुछे जाने पर उन्होने बताया कि पावर टेक्सनीशियन मे खराबी आ जाने के कारण बांसजोड़ा का टावर मे नेटवर्क की समस्या आ गई है। वही जेनरेटर भी है जो कल पुर्जे चोरी हो जाने के वजह से खराब पड़ा है। हालांकि फॉल्ट खोजा जा रहा है बहुत जल्द ठीक कर लिया जायेगा।

# किसी भी तरह की समस्या का निदान होगा - जयमंगल



**बेरमो।** बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने फुसरो नगर परिषद वार्ड नंबर 4 सुभाषनगर में पीसीसी पथ का शिलान्यास किया द्य यह सड़क सविता मेडिकल से लेकर दुर्गा मंदिर होते हुए पुराना सुभाष नगर शिव मंदिर तक बनाई जाएगी द्य यह कार्य विधायक कुमार जयमंगल के द्वारा अनुशंसा की गई थी, जो जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से ? 32,09,536.00 रुपये का खर्च आएगी। मौके पर विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी और उसे जल्द पूरा करने का भरोसा दिया द्य विधायक ने कहा कि किसी को कोई भी किसी तरह की समस्या हो तो बताएं, उसे हरसंभव मदद के लिए तैयार रहूँगा द्य बेरमो विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करना मेरी प्राथमिकता है द्य मौके पर नप के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, शरण सिंह राणा, रतन लाल, जमील अख्तर, नारायण शर्मा, दिनेश सिंह, गणेशलाल पातर, राजू ठाकुर, संतोष पांडेय, आशीष सरकार, सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

# 31 जनवरी को होगा पुरस्कार वितरण




बोकारो । इस वर्ष भी पर्यावरण-मित्र दिवस दिनांक 31 जनवरी 2025 को ÷पं. गौरी शंकर ओझा पर्यावरण-मित्र पुरस्कार÷ वितरण समारोह का भव्य आयोजन %स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान% द्वारा बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक कैंप 2 स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में अपराह्न 3 बजे आयोजित किया जाएगा । ज्ञात हो कि यह पुरस्कार प्रदेश स्तरीय है तथा झारखंड में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को हर वर्ष दिया जाता है । इस पुरस्कार के साथ ही दो और पुरस्कार पं. गौरी शंकर ओझा वृक्ष-मित्र पुरस्कार और पं. गौरी शंकर ओझा जल-मित्र पुरस्कार ही दिया जाता है जो वृक्ष संरक्षण और जल संरक्षण के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को दिया जाएगा । संस्थान द्वारा अपने संस्थाक रहे %पर्यावरण-मित्र पं. गौरी शंकर ओझा जी% की पुण्य स्मृति में यह पुरस्कार उनके नाम से वितरित किया जाता है । इस वर्ष यह 17 वां आयोजन है । आज बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका में संध्या 4 बजे आयोजित संस्थान के पदाधिकारियों की एक अत्यावश्यक बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय की जानकारी महासचिव शशि भूषण ओझा %मुकुल% ने दिया । पुरस्कार वितरण समारोह में पूरे झारखंड से कई पर्यावरणविदों की उपस्थिति रहेगी तथा प्रदेश की कई पर्यावरणीय गंभीर समस्याओं पर परिचर्चा में इनके द्वारा व्यक्त विचार से पर्यावरण संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा । बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने किया । इस बैठक में शशि भूषण ओझा, सुरेंद्र पांडेय, रघुवर प्रसाद, वैद्य गणेश साव, अखिलेश ओझा, बबलू पांडेय, सतीश सिंह, मृणाल चौबे, अभय कुमार गोलू, नीरज प्रसाद, संजय पांडेय, मनीष झा, अनुराग मिश्रा सहित कई पर्यावरण रक्षक उपस्थित थे

# आई क्यू ए सी की मीटिंग सह वर्कशॉप



**कथारा।** के बी कॉलेज,बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में आई क्यू ए सी मीटिंग सह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने मीटिंग में आई क्यू ए सी के सभी एक्टिविटी को विस्तार पूर्वक बतलाया। कॉलेज के ह्रष्ट के लिए विभिन्न कमेटियों का पुनर्गठन किया गया जिसमे पुराने शिक्षकों, नए शिक्षक सभी का सामंजस्य किया गया। यू जी सी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन के मुताबिक कॉलेज के विकास के लिए चर्चा की गई। ह्रष्ट मान्यता के लिए योजना तैयार की गई। कॉलेज के एल्युमिनी को जोड़ने के लिए एल्युमिनी कनेक्ट सेल का गठन किया गया। छात्र छात्राओं के प्लेसमेंट के लिए चर्चा की गई। कॉलेज के चारों ओर स्थित उद्योगों से रिश्ता कायम करने पर चर्चा हुई जिसके माध्यम से छात्र छात्राओं को इंटर्नशिप व अप्रेंटिस की सुविधा मिल पाएगी, चर्चा की गई। आई क्यू ए सी कोऑर्डिनेटर डॉ अरुण कुमार रॉय महतो ने मीटिंग सह वर्कशॉप पर प्रकाश दिया, धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने किया। मीटिंग सह वर्कशॉप कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा साजन भारती, डा नीला पूर्णीमा तिर्की, डा मधुरा केरकेट्टा, डा प्रभाकर कुमार, डा वासुदेव प्रजापति, डा व्यास कुमार, डा अरुण रंजन, डा विश्वनाथ प्रसाद, डा सुशांत बैरा, डा शशि कुमार, प्रो अमीत कुमार रवि, प्रो विपुल कुमार पांडे, प्रो संजय कुमार दास, प्रो सुनीता कुमारी, रविंद कुमार दास, सदन राम, रवि यादविंधु, मो साजिद, शिव चन्द्र झा, बालेश्वर यादव, विनोद केवट, मेहराज शिवेंद, सूरज बेसरा, रमेश टुडू आदि की उपस्थिति रही।

# एबीजी कोलियरी, गोविंदपुर क्षेत्र में मनाया गया वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम



**कतरास।** सोमवार को एबीजी कोलियरी, गोविंदपुर क्षेत्र में वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीजीएमएस के वीरेंद्र प्रताप ए एवं संयोजक बी के झा द्वारा द्वीप प्रवजलन एवं सुरक्षा फ्लैग का झंडोतोलन से हुआ।मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक वीरेंद्र प्रताप ए ने कहा ने कहा सुरक्षा हम सबकी जिम्मेवारी है। यह न सिर्फ खान में बल्कि घर से ड्यूटी आने के समय से ही शुरू हो जाती है। इस दौरान सुरक्षा पखवाड़ा में आए हुए विशिष्ट अतिथि सह कार्यक्रम के संयोजक विष्णु कांत झा अभिकर्ता ईस्ट बसुरिया कोलियरी, प्रबंधक अजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित पदाधिकारियों ने कर्मियों को सुरक्षित तरीके से कार्य करने के बारे में कामगारों को प्रेरित करते हुए सुरक्षा की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। सुरक्षित रूप से कार्य करने वाले कुछ कर्मियों को भी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। एबीजी कोलियरी में कार्यरत कर्मी नारायण कर्मकार, रमेश कु सिंह ने अपने सुरक्षा संगीत के गायन और म्यूजिक से सुरक्षा पखवाड़ा में समा बांध कर कर्मियों और आए हुए अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन के एस द्विवेदी क्षेत्रीय प्रशिक्षण अधिकारी, गोविंदपुर क्षेत्र एवं धन्यवाद ज्ञापन कोलियरी प्रबंधक बी डी राय ने दिया। इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अवधेश कुमार, कोलियरी सुरक्षा पदाधिकारी भोला भंडारी, अभियंता रवि वर्मा, बी पी सिंह, राजन राहुल, कामगार निरीक्षक दया शंकर सिंह, मोहर महतो, देवाशीष सिद्धांतों, यशवंत कुमार, सुरेंद्र चौहान, उस्मान अंसारी, संजय कुमार, हीरालाल मंडल, महेश्वर बेलदार, अजय कुमार, मुसीब अख्तर खान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी एबीजी कोलियरी के लिपिक जगत महतो ने दी।

# अविलंब पुनर्वास कराने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**कतरास।** मोदीडीह 6/10 कॉलोनी में रहने वाले लगभग दर्जनों परिवारों ने पुनर्वास की मांग को लेकर सोमवार को प्रदर्शन किया। मोहल्ले में ही विरोध जता रहे प्रदर्शनकारी पुराना मोदीडीह कोलियरी परिसर या तेतुलमारी में शिफ्ट करने की मांग कर रहे थे। उनलोगों ने कहा कि यहां रहने वाले 50 परिवार में अधिकांश लोगो को कोलियरी परिसर में शिफ्ट कर दिया गया है। शेष बचे लगभग दस परिवार को शिफ्टिंग करना बाकी है। उनलोगों के पुनर्वास की दिशा में अब तक कोई पहल नही हो रहा है। आवास काफी जर्जर हो चुका है। ब्लास्टिंग के चपेट में आने से आवास कभी भी धराशायी हो सकता है। मौके पर ममता देवी, दुर्गा देवी, आरती देवी, पूजा देवी, नंदनी कुमारी, दुर्गा देवी, गुड़िया कुमारी, ललिता देवी आदि मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 25 लाख लेकर दिया फर्जी नियुक्ति पत्र, विद्यालय में करवा दी तैनाती

**गोरखपुर।** नौकरी के नाम पर 25 लाख रुपये लेने और फर्जी नियुक्ति पत्र पर देवरिया के एक विद्यालय में पद भार ग्रहण करने का मामला सामने आया है। झंगहा क्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी आकाश चंद यादव ने उक्त आरोप लगाते हुए चौरी चौरा थाने में तहरीर देकर देवरिया जिले के भीखमपुर रोड गरुड़पार के मुख्य आरोपी विनय कुमार यादव, महानंद यादव, प्रियंका यादव, रामनाथ यादव समेत पांच अज्ञात पर केस दर्ज कराया है।

पीड़ित आकाश ने तहरीर देकर बताया है कि विनय कुमार यादव ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर कई बार में अपने और मित्रों के खाते में 25 लाख रुपये लिए। इसके बाद एक कूट रचित प्रपत्र तैयार कर एक फर्जी नियुक्ति पत्र दिया था, जिसके आधार पर प्राथमिक विद्यालय बाहोरा दलपतपुर विकासखंड रुद्रपुर में ले जाकर सहायक अध्यापक के पद पर कार्यभार भी ग्रहण करा दिया था, जिसमें करीब पांच माह तक हम अध्यापन का कार्य भी किए थे।

इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया के कार्यालय से पता चला कि विनय कुमार यादव ने जो नियुक्ति पत्र दिया था, वह फर्जी है। विनय कुमार यादव से इस बात को बताया तो उसने कहा कि घबराइए मत आप को कहीं और इससे अच्छे पद पर नियुक्ति करा देंगे। यह कहकर बहुत दिनों तक टालता रहा। जब रुपये वापस मांगे तो सात लाख वापस किया। शेष 18 लाख रुपये हड़प लिया।

### सामने आई प्रियंका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट



**लखनऊ, एजेंसी।** थाईलैंड के होटल में हुई प्रियंका शर्मा की मौत के मामले में पोस्टमार्टम में शरीर पर नौ एंटी मॉर्टम (मौत से पहले) चोटों की पुष्टि हुई है। अब सवाल उठने लगा है कि प्रियंका को इतनी चोटें कैसे लगीं। पुलिस इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर ली गई मेडिकोलीगल की राय का इंतजार कर रही है।

पीजीआई इलाके के वृंदावन योजना के सेक्टर 16 बी निवासी सत्यनारायण शर्मा की तरफ से मुहैया कराई गई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रियंका के शरीर पर नौ अलग-अलग जगहों पर चोटों का जिक्र किया गया है। चोट सिर के पिछले हिस्से, दाहिने हाथ के कंधे से कोहनी तक, दाहिनी कलाई के चारों, बाएं हाथ के बाहरी हिस्से, पीठ के दाहिने हिस्से पर लगी थीं। ये सभी चोट मौत से पहले की हैं। सवाल है कि शरीर पर इतनी चोटें कैसे और कब लगीं। पुलिस भी इस सवाल का जवाब तलाशने में जुटी है।

डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि केजीएमयू में हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर मेडिकोलीगल राय मांग गई है। वहीं थाईलैंड में हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मौत का कारण रेस्पिरेटरी एंड ब्लड सर्कुलेशन फेल्योर लिखा गया था। केजीएमयू में हुए पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस के सूत्रों के अनुसार पीजीआई पुलिस नामजद आरोपी डॉक्टर आशीष से पूछताछ कर चुकी है। पूछताछ में बाथटब में डूबने से पत्नी की मौत होने की बात बताई है। प्रियंका के परिजनों के अनुसार 16 अगस्त 2022 को प्रियंका ने पति के खिलाफ पीजीआई पुलिस से जान का खतरा बताते हुए शिकायत भी की थी।

**यह है पूरा मामला:** प्रियंका शर्मा (32) की शादी वृंदावन योजना सेक्टर-9 में स्थित एल्डिको सौभाग्यम अपार्टमेंट में रहने वाले डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव से 2017 में हुई थी। सत्यनारायण शर्मा ने बताया था कि बेटी चार जनवरी को दामाद और नाती संग पटाया घूमने गई थे। तीनों वहां पांच सितारा होटल में रुके थे। आठ जनवरी की सुबह करीब तीन बजे आशीष ने सूचना दी कि प्रियंका की बाथटब में डूबने से मौत हो गई है। मामले में हत्या की रिपोर्ट पीजीआई पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। मंगलवार को प्रियंका का शव लखनऊ पहुंचा था।

# ...अब कजाकिस्तान में भी खुलेगा लविवि का कैंपस, शिक्षा के साथ बेहत्तर इंटर्नशिप का मिलेगा अवसर

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ स्थित लविवि प्रबंधन ने कजाकिस्तान में अपना कैंपस खोलने की घोषणा की है। लखनऊ विश्वविद्यालय का यह संयुक्त परिसर ताजिकिस्तान में स्थित अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के सहयोग से खोला जाएगा। यह जानकारी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दी। हालांकि अभी नेपाल में शैक्षणिक परिसर शुरू करने के दावे को 15 महीने बाद भी पंख नहीं लग सके हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में 12 जनवरी को शिक्षकों का दल ताजिकिस्तान के दौरे पर रवाना हुआ था। वहां पर कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ संबंध और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एमओयू किए गए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेशी दौरे से लौटने के बाद इसकी जानकारी दी।

कुलपति ने बताया कि कजाकिस्तान में प्रस्तावित लविवि के परिसर में एमबीए, बीबीए और अन्य विशेष पाठ्यक्रमों सहित प्रबंधन विज्ञान में कई कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इससे दोनों विवि के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ बेहत्तर इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे।

### द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती मिलेगी

प्रो. आलोक ने कहा कि यह पहल साकार होती है तो इस शैक्षणिक साझेदारी से दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग को मजबूती मिलेगी। कजाकिस्तान गोलमेज चर्चा की मेजबानी अलमाटी प्रबंधन विश्वविद्यालय के वाइस रेक्टर शोलपन तजावेक ने की। शिक्षा, पर्यटन-हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय, अंतर परिसर गतिशीलता व संबंधित उद्यमिता में विश्व स्तरीय व्यावसायिक वातावरण और बेहतर रणनीतिक योजनाओं को मजबूत करने के आयामों पर चर्चा हुई।

### अक्टूबर 2023 में नेपाल गया था प्रतिनिधिमंडल

प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल नेपाल की शैक्षणिक यात्रा गया था। यहां से लौटने के बाद कुलपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय



में लविवि का परिसर शुरू करने की बात कही थी। हालांकि, अब तक इसकी शुरुआत नहीं हो पाई। यहां के चार विश्वविद्यालयों और तीन कॉलेजों का दौरा कर पांच एमओयू किए गए थे।

**कुलपति ने मांगीं प्रो. बिमल के मामले से संबंधित पत्रावलियां:** ताजिकिस्तान से लौटते ही कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लविवि के शिक्षक प्रो. बिमल जायसवाल के मामले से संबंधित पत्रावलियां तलब की। उनकी नियुक्ति संबंधी मामले की जांच के लिए बनी समिति की पहली बैठक सोमवार को हो सकती है।

**15 दिन में मांगी गई रिपोर्ट:** नियुक्ति में नॉन क्रीमी लेयर के मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। शासन ने इसकी जांच के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में समिति बनाई है। मामले की रिपोर्ट 15 दिन में मांगी गई है। हालांकि, 10 दिन बाद भी अब तक समिति की एक भी बैठक नहीं हो सकी है।

## दंडी संन्यासी... इनकी सबसे बड़ी पहचान ही उनका दंड, इनको नहीं होता किसी को छूने तक का अधिकार

**प्रयागराज, एजेंसी।** इस बार दंडी संन्यासियों का अखाड़ा महाकुंभ के सेक्टर 19 में लगाया गया है। इनकी सबसे बड़ी पहचान उनका दंड ही होती है, जो उनके और परमात्मा के बीच की कड़ी है। उन्हें किसी को छूने का अधिकार नहीं होता और न ही खुद को छूने देने का। जितेंद्रानंद सरस्वती ने बताया कि शंकराचार्य बनने से पहले दंडी स्वामी की प्रक्रिया जरूरी है।

इसके तहत 12 साल तक ब्रह्मचर्य का पालन करना पड़ता है। ये सनातम हिंदू धर्म के सर्वोच्च संन्यासी होते हैं। समाज और राष्ट हित के लिए इनका जीवन समर्पित रहता है। मौजूदा वक्त में देशभर में करीब एक हजार दंडी स्वामी हैं।

शास्त्रों में यह दंड भगवान विष्णु का प्रतीक माना गया है, इसे ब्रह्म दंड भी कहा जाता है। जब एक ब्राह्मण संन्यास ग्रहण करता है और शास्त्रों के अनुसार उसके लिए निर्धारित नियमों को पालन करता है। इसके बाद वह दंड को पाने के लिए पात्रता हासिल करता है।

संन्यासी की दंडी भगवान विष्णु और उनकी शक्तियों का प्रतीक है। सभी दंडी संन्यासी प्रतिदिन अपने दंड का अभिषेक, तर्पण और पूजन करते हैं। दंडी संन्यासी अपने दंड को निर्धारित आवरण के साथ शुद्ध रखते हैं। पूजन के समय वे दंडी को खुला रखते हैं, सिवाय इसके वे हर समय इसे ढक कर रखते हैं।

माना जाता है की संन्यासी के दंड में ब्रह्मांड की दिव्य शक्ति है; इसकी शुद्धता को हमेशा बनाए रखना होता है। अपात्र और अनाधिकृत व्यक्तियों को खुला दंड नहीं दिखाना चाहिए। देश में संतों के एक महत्वपूर्ण



संप्रदाय दंडी संन्यासियों का दावा है कि शंकराचार्य उन्हीं में से चुने गए हैं। दंडी संन्यासी बनने के इच्छुक साधुओं को अपनी शरण में स्वीकार किए जाने से पहले कई बाधाओं को पार करना पड़ता है।

दंडी संन्यासी को निधन के बाद जलाया नहीं जाता। ऐसा इस लिए किया जाता है क्योंकि दीक्षा के दौरान ही अंतिम संस्कार की क्रिया को कर दिया जाता है। माना जाता है कि इसी दौरान उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है और मृत्यु के पश्चात आम लोगों की तरह संन्यासियों को जलाया नहीं जाता है बल्कि इनकी समाधि बनाई जाती है। अद्वैत सिद्धान्त से निर्गुण निराकार ब्रह्म की उपासना इनके जीवन का लक्ष्य होता है।

## पछुआ हवाओं से छंटेगा कोहरा...



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में रविवार को अच्छी धूप खिली। इससे दिन के तापमान में बढ़त के साथ गलन से राहत मिली। हालांकि कई इलाकों में सुबह के वक्त घना कोहरा दिखा।

कानपुर में तो दृश्यता शून्य तक सिमट गई। राजधानी लखनऊ में दृश्यता 50 मीटर तक आ गई। दिन चढ़ने के साथ राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकतर इलाकों में तेज धूप खिली। वहीं पांच डिग्री तापमान के साथ इटावा प्रदेश में सबसे ठंडा रहा।

### कोहरा छंटेगा और धूप खिलेगी

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार से यूपी में चल रही पछुआ की रफ्तार और तेज होगी। 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली इस पछुआ से कोहरा छंटेगा और धूप खिलेगी। इससे दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं 22 व 23 जनवरी को दिल्ली एनसीआर से सटे जिलों बरेली क्षेत्र में हल्की बारिश के आसार हैं। जनवरी माह में ऐसा पहली बार है जब मौसम विभाग की ओर से सोमवार के लिए प्रदेश में कहीं भी घने कोहरे की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### हल्की बूंदाबांदी के आसार

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि फिलहाल अगले तीन दिन तेज रफ्तार पछुआ के जोर से कोहरा छंटेगा और दिन चढ़ने के साथ धूप खिलेगी। 22 जनवरी से नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी में एनसीआर से लेकर बरेली तक हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

## किसी के पिता लापता, कोई बेटे के इंतजार में बैठा, रूस से नहीं लौटे मऊ-आजमगढ़ के आठ लोग

**आजमगढ़ , एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच करीब तीन वर्षों से युद्ध जा रहा है। यह युद्ध भारत से हजारों किमी दूर लड़ा जा रहा है। लेकिन, इस युद्ध में कुक और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी का लालच देकर आजमगढ़ और मऊ जनपदों के एजेंटों के जरिए फंसाकर युद्ध में उतारा जा रहा है। अब तक इस जंग में आजमगढ़ के कन्हैया यादव और मऊ के श्यामसुंदर और सुनील यादव की मौत हो चुकी है। आजमगढ़ के राकेश यादव और मऊ के बृजेश यादव घायल होने के बाद घर लौट आए हैं। वहीं विनोद यादव, जोगेंद्र यादव, अरविंद यादव, रामचंद्रा, अजहरुद्दीन खान, हुमेश्वर प्रसाद, दीपक, धीरेंद्र कुमार का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। घर वालों को उनके आने का इंतजार है। कंधरापुर थाना क्षेत्र के खोजापुर माधोपट्टी गांव निवासी योगेंद्र यादव भी उसी में हैं। पूछने पर योगेंद्र की छोटे भाई आशीष यादव ने बताया कि मऊ के एजेंट विनोद यादव ने मेरे भाई को फंसा दिया। गार्ड की नौकरी के लिए लेकर गए और बार्डर पर भेज दिया।

**अपनों का इंतजार कर रहे परिजन:** बताया कि भाई 15 जनवरी, 2024 को विनोद, सुमित और दुष्यंत नामक एजेंट के साथ गए उनको गार्ड और हेल्पर की नौकरी के लिए ले जाया गया। रूस पहुंचने के बाद उन्हें जबरन ट्रेनिंग देकर आर्मी में युद्ध के लिए भर्ती कर दिया गया। बताया कि भाई से अंतिम बार मई 2024 में बात हुई थी इसके बाद से भाई का कुछ पता नहीं चल सका है। भाई ने फोन पर बताया था कि 9 मई 2024 को युद्ध में उन्हें चोट लग गई थी। एंबेसी से हम लोगों ने बहुत कोशिश की लेकिन जानकारी नहीं मिल सकती है।

शहर के गुलामी का पूरा निवासी अजहरूद्दीन को 27 जनवरी 2024 को एजेंट विनोद अपने साथ लेर गया था। अजहरुद्दीन की मां नसरीन रो रोकर कहती हैं कि विनोद मेरे घर आया और बोला, सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी है, दो लाख रुपया महीना मिलेगा।

**मोटी तनख्वाह का दिया जा रहा लालच:** सैलरी अच्छी समझकर मेरा बेटा वहां चला गया। जब बेटा वहां गया तो दो महीने तक तो हम सभी से बात होती रही। इसी बीच बेटे को ट्रेनिंग देकर लड़ाई के मैदान में भेज दिया गया। फिर एक दिन सूचना मिली कि युद्ध में बम गिरने से बेटा घायल हो गया। यह बात जब अजहरूद्दीन के अब्बू मैनुद्दीन को पता चली तो उन्हें एक अप्रैल को हार्ट अटैक आ गया और आठ अप्रैल को उनकी मौत हो गई। पिता की मौत के बाद हमने एजेंट विनोद से अपने बेटे से बात कराने की जिद की लेकिन उसने बात नहीं कराई। हमारे पास तो इलाज के भी पैसे नहीं थे। गहने बेचकर इलाज कराया फिर भी अजहरूद्दीन के अब्बू नहीं बचे। मेरी बेटे से अंतिम बात 27 अप्रैल को हुई थी। तब उसने कहा था कि अम्मी छह महीने तक यहां काम करूंगा और लौट आऊंगा लेकिन आज तक उसका पता नहीं चला है। इसी तरह से अन्य लोगों का भी कहना है कि उन्हें कुक और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के नाम पर वहां भेजा गया और छोटी से ट्रेनिंग देकर जंग के मैदान में भेज दिया गया।

## कहां गई सरकारी टीचर बनी पाकिस्तानी महिला? फोन भी किया बंद

**बरेली , एजेंसी।** पाकिस्तानी मूल की बर्खास्त शिक्षिका शुमायला खान रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी के डर से मोबाइल फोन बंदकर लापता हो गई है। उसकी तलाश में रामपुर गई टीम खाली हाथ लौट आई। इधर, बेसिक शिक्षा विभाग रिकवरी की तैयारी कर रहा है। सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव को मामले की रिपोर्ट भेजी जाएगी।

फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने शुक्रवार को फतेहगंज पश्चिमी थाने में रामपुर शहर के बजरोही टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर 20 की निवासी शुमायला खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शुमायला ने नागरिकता छिपाकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक पद पर नौकरी हासिल की थी। उसका जन्म पाकिस्तान में हुआ था। कई साल पहले मां के साथ वह भारत आई और रामपुर में रहने लगी थी। बर्खास्तगी और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शुमायला लापता है। रविवार को पुलिस ने उसकी तलाश में रामपुर और बरेली के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद खुफिया एजेंसियां भी मामले से जुड़ा इनपुट खंगाल रहीं हैं।

एसपी सिटी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पाकिस्तानी मूल की बर्खास्त शिक्षिका शुमायला खान की तलाश की जा रही है। वह लापता है। उसका मोबाइल फोन भी बंद जा रहा है। सोमवार को मामले में फतेहगंज पश्चिमी के खंड शिक्षा अधिकारी के बयान दर्ज किए जाएंगे। महिला की तलाश को लेकर बरेली पुलिस, रामपुर पुलिस के संपर्क में है।

आपको बता दें कि रामपुर के बजोड़ी टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर-20 निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर रिपोर्ट फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भानु शंकर गंगवार ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उसकी नागरिकता को लेकर शिकायत आई थी। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है। इस मामले में विभाग ने उसके प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया था।


## देश की दूसरी सबसे बड़ी सरस्वती प्रतिमाः बनारस, कोलकाता के मूर्तिकार तीन माह से बना रहे मूर्ति

**वाराणसी, एजेंसी।** बनारस में मां सरस्वती की देश की सबसे बड़ी प्रतिमा बनाई जा रही है। 42 फीट की इस प्रतिमा को तीन माह से बनारस व पश्चिम बंगाल के मूर्तिकार बना रहे हैं। मां का सोलह श्रृंगार पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के नवरदीप धाम की थीम पर सजाया जाएगा।

मूर्ति का मुकुट 6 फीट का है। प्रतिमा के साथ 5-5 फीट के दो राजहंस और वीणा 9 फीट का है। बनारस में दुर्गा पूजा के साथ ही अब नए ट्रेंड में बड़ी प्रतिमाएं बनवाने का प्रचलन बढ़ा है। पिछले साल कुछ पूजा क्लबों ने बड़ी प्रतिमाएं बनवाई थी। इस बार चेतगंज दलहट्टा के आर्यावर्त स्पोर्टिंग क्लब सरस्वती पूजा के लिए देश की दूसरी सबसे बड़ी प्रतिमा बनवा रहा है।

खोजवां के कारखाने में प्रतिमा बन रही है। इस प्रतिमा को प्रख्यात मूर्तिकार अभिजीत विश्वास और पश्चिम बंगाल के मूर्तिकार राजेंद्र पाल बाबू दादा बना रहे हैं। उनका दावा है कि पश्चिम बंगाल में 51 फीट की सरस्वती प्रतिमा के बाद यह देश की दूसरी बड़ी प्रतिमा होगी।

**विशेष रंगों का होगा इस्तेमालः** मां सरस्वती की प्रतिमा में मां दुर्गा के स्वरूप का मिश्रण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिमा का श्रृंगार देश के प्रसिद्ध



नवरदीप धाम (पश्चिम बंगाल) के तर्ज पर किया जा रहा है। करीब ढाई लाख की श्रृंगार की सामग्री भी वहीं से लाई गई है।

बताया कि सोनिया में 36 फीट व लहरतारा में 32 फीट की प्रतिमा बैठेगी। आर्यावर्त स्पोर्टिंग क्लब के कार्यवाहक अध्यक्ष पृथ्वीराज सोनकर ने बताया कि 35 सालों से सरस्वती प्रतिमा बैठाकर पूजा होती है। हर बार नया करने का प्रयास करते हैं।

इस बार देश की दूसरी और प्रदेश की पहली सबसे बड़ी प्रतिमा बनवा रहे हैं। बताया कि मूर्ति के रंग-रोगन का कार्य बाकी है। इसका 25 फीसदी काम पूजा पंडाल में होगा, जो श्रृंगार संबंधी होगा। मूर्ति के निर्माण में पांच लाख खर्च होगा। पिछली बार पूर्वांचल की सबसे बड़ी प्रतिमा आर्यावर्त स्पोर्टिंग क्लब ने ही बनवाई थी। जो खड़ी मुद्रा में 32 फीट और बैठी में 16 फीट की थी।

**पश्चिम बंगाल में बनी है सबसे बड़ी प्रतिमा:** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के धुपगुड़ी में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बन रही है, जो 51 फीट की है। यह आठ हाथ की है। इसके पहले बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय में विश्व की सबसे बड़ी सरस्वती प्रतिमा 34 फीट की बनाई गई थी।

इसके रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए जलपाईगुड़ी में प्रतिमा बनाई जा रही है। मूर्तिकार अभिजीत विश्वास ने बताया कि पूजा क्लब अब नए ट्रेंड के साथ बड़ी प्रतिमाएं बनवा रहे हैं। इस बार करीब 50 बड़ी प्रतिमाएं बन रही हैं। जो 30 से 36 फीट की हैं। ये प्रतिमाएं अलग-अलग झांकियों के साथ बन रही हैं।

### बरेली सिटी से चलने वाली डेमू ट्रेन के इंजन में डीजल रिसाव, धुआं उठने से मचा हड़कंप

**बरेली, एजेंसी।** बरेली सिटी से चलने वाली डेमू ट्रेन सोमवार को बर्निंग ट्रेन बनने से बच गई। ट्रेन के पिछले इंजन में सोमवार सुबह धुआं उठने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। इंजन से डीजल का रिसाव हो रहा था। धुआं निकलता देख लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन को रोक दिया और रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। घटना बिलवा के पास की है। गनीमत रही कि समय रहते आग को बुझा दिया गया, जिससे बड़ी घटना टल गई।

डेमू ट्रेन बरेली सिटी और उत्तराखंड के काशीपुर के बीच चलती है। इस ट्रेन में ज्यादातर दैनिक यात्री सफर करते हैं। सोमवार सुबह डेमू ट्रेन तय समय से बरेली सिटी से रवाना हुई। बिलवा और नगरिया कला के बीच ट्रेन के पिछले इंजन से धुआं निकलने लगा। इसकी जानकारी होने पर चालक ने ट्रेन रोक दी। नीचे उतरकर देखा तो इंजन से डीजल का रिसाव हो रहा था। घटना के बाद पूरी ट्रेन को खाली करा दिया गया। सूचना मिलने के बाद रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। इंजन के डीजल टैंक को दुरुस्त किया गया। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। बताया गया कि शॉर्ट सर्किट से चिंगारी उठ रही थीं। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि बरेली काशीपुर डेमो ट्रेन के इंजन में धुआं उठा था। डीजल रिसाव ठीक होने के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।




## संपादकीय

# शांति पर सहमति

इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौता लगभग तय हो गया है। सहमति में अमेरिका और नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की भूमिका अहम रही है। इस समझौते से 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई जंग में 46000 मौतों और अनेक विस्थापन के बाद राहत मिलेगी। हालांकि, स्थायी शांति की गारंटी अभी नहीं है। इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान-मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जाएगा। इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की। यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किए गए जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई उसमें 1200 लोग मारे गए थे और 250 लोग बंधक बना लिए गए थे। उसके बाद गाजा पर की गई इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाए। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बनकर आई है। हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अगर सहमति पर दोनों पक्ष कायम रहे और इस पर अमल शुरू हुआ तो भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इससे स्थायी शांति कायम हो ही जाएगी। पहले छह हफ्ते के युद्धविराम के दौरान जहां 33 बंधक छोड़े जाने हैं, वहीं स्थायी युद्धविराम की शर्तों पर बातचीत शुरू होनी है। आगे चलकर सारे बंधक छोड़े जाने की बात है।

# ब्रह्मपुत्र पर न बने मनमानी का बांध

(निम्मी कुरियन)

> ब्रह्मपुत्र के बारे में भी चीन केवल एकआयामी अध्ययन कर रहा है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पानी की गुणवत्ता के गंभीर मुद्दे से भी ध्यान हट गया है। ऐसी ही निष्क्रियता की कीमत 2017 में सामने आई थी, जब ब्रह्मपुत्र का पानी काला हो गया था। जल प्रदूषण का स्तर कथित तौर पर 1,249 एनटीयू हो गया था।

भारत और चीन के बीच भू-राजनीतिक तनाव का नया केंद्र तिब्बत के मेडोग काउंटी की विशाल घाटी में तैयार होता दिख रहा है। यहां यारलुंग त्सांगपो अर्थात ब्रह्मपुत्र नदी भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले यू-टर्न लेती है। यहां विशाल जलराशि का तीव्र वेग देखा जाता है, यहीं चीन दुनिया की सबसे बड़ी पन-बिजली परियोजना का विकास करना चाहता है। यहां चीन प्रति घंटे 300 अरब किलोवाट बिजली पैदा करेगा और इस संयंत्र की कुल क्षमता 60,000 मेगावाट होगी। इसके लिए वह 137 अरब डॉलर खर्च करने को तैयार है। इस परियोजना का सीधा असर भारत और बांग्लादेश में उन लोगों पर पड़ेगा, जो इस नदी के प्रवाह क्षेत्र में रहते हैं। जाहिर है, चीन की मंशा पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्या तरल सोने के लिए चीन की खोज दक्षिण एशिया के लिए जहर का प्याला साबित होगी? तिब्बत एशिया की कई शक्तिशाली नदियों का स्रोत है। ये नदियां एशिया के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में बहती हैं। यह स्पष्ट है कि चीन तिब्बतीय क्षेत्र में बहुत तेजी से आर्थिक गतिविधियां चला रहा है। विकास की गतिविधियों के चलते तिब्बत साल 2000 के बाद से ही भारी दबाव का सामना कर रहा है। आर्थिक गतिविधियों के चलते वनों की कटाई, मिट्टी का क्षरण, भूस्खलन, बाढ़, अम्लीय वर्षा और प्रदूषण में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन जल स्रोतों की स्थिति दिनों-दिन दुर्बल भी होती जा रही है। इस पूरे क्षेत्र में अनेक तरह की समस्याएं सामने आई हैं। चीन अपने तेज विकास से पसरता चला जा रहा है और अपनी सीमा के पार भी उसका प्रभाव फैलता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पानी पर भारत-चीन के बीच बातचीत सतही तौर पर ही चलती रही है। यह बातचीत विवाद के अंतिम समाधान तक पहुंचने में असमर्थ और अक्सर अनिच्छुक भी रही है। समय-समय पर होने वाले गतिरोधों और शत्रुता के इतिहास के चलते भी समाधान की इच्छा का अभाव रहा है। दोनों देशों के बीच विवादों का पुख्ता समाधान लक्ष्य भी नहीं है, इसलिए भी बातचीत के नतीजे बहुत मामूली निकलते हैं। हिमालयी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका भी वास्तविक कम, और प्रतीकात्मक ज्यादा रही है। यही वजह है कि भारत, चीन, नेपाल इत्यादि क्षेत्रों में विवाद बढ़ रहे हैं। एक कड़वा सबक भारत ने 2017 में कीमत चुकाकर सीखा था, जब चीन ने भारत के साथ हाइड्रोलॉजिकल डाटा साझा करने से इनकार कर दिया, पर बांग्लादेश के साथ डाटा साझा करने के लिए वह आगे बढ़ा। भारत-चीन गतिरोध की पृष्ठभूमि में ही डोकलाम में झड़प हुई, जवान शहीद हुए। हर बार चीन हावी दिखा। जल-सुरक्षा के संबंध में भारत की नीति लचीली रही है, जिससे भारत के हितों को नुकसान पहुंचा है। बहुत सुरक्षित ढंग से चलने की परंपरा के चलते दोटूक संवाद की संभावना नहीं बन पा रही है। नतीजतन, हमने चीन के सामने हमेशा अपनी न्यूनतम मांगें रखी हैं, जिसके चलते चीन को खुली छूट मिल गई है। वह अपने निचले इलाकों या पड़ोसियों की चिंता के प्रति किसी भी जवाबदेही के बिना आगे बढ़ रहा है। सुधार की उम्मीद कम होती जा रही है। इसका एक कारण यह भी है कि चीनी दृष्टिकोण मैकेनिकल है, वह हर बात में सौदेबाजी को तरजीह देता है। तिब्बत स्थित तीन स्टेशनों से बाढ़ के मौसम में हाइड्रोलॉजिकल डाटा पाने के लिए भारत सालाना 82 लाख रुपये का भुगतान करता है। ब्रह्मपुत्र के बारे में भी चीन केवल एकआयामी अध्ययन कर रहा है और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पानी की गुणवत्ता के गंभीर मुद्दे से भी ध्यान हट गया है। ऐसी ही निष्क्रियता की कीमत 2017 में सामने आई थी, जब ब्रह्मपुत्र का पानी काला हो गया था। जल प्रदूषण का स्तर कथित तौर पर 1,249 एनटीयू हो गया था, जो सुरक्षित सीमा से 250 गुना अधिक था। विशेष चिंता का विषय तीन नदियों का क्षेत्र है, जिसमें मध्य तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो, ल्हासा नदी और न्यांगचू बेसिन शामिल हैं, यह क्षेत्र पर्यावरणीय गिरावट का भी सामना कर रहा है। इस क्षेत्र में सबसे अधिक दोहन वाले क्षेत्रों में से एक ग्यामा घाटी भी स्थित है, जहां तांबा, मोलिब्डेनम, सोना, चांदी, सीसा और जस्ता के भंडार हैं। चीनी वैज्ञानिकों के अध्ययन ने भी यहां नदियों की धारा के तलछट और अवशेषों में भारी धातुओं की उच्च सामग्री की आशंका की ओर इशारा किया है। जाहिर है, जब पानी बढ़ेगा और चीन पानी छोड़ेगा, तो तलछट व अवशेषों को बहकर नीचे आने का रास्ता मिल जाएगा। पूरे हिमालय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बांध-निर्माण परियोजनाओं की वजह से तलछट में जमा कचरा या संचयी प्रभाव के बारे में भी बड़े सवाल उठते हैं। ध्यान देने की बात है कि हिमालय क्षेत्र में भूगर्भीय गतिशीलता भी ज्यादा है, भूकंप एक हमेशा मौजूद रहने वाला खतरा है। खुद चीनी वैज्ञानिकों ने अध्ययन किया है और पाया है कि पश्चिमी चीन के सिचुआन प्रांत में साल 2008 में जो भूकंप आया था, जिसमें 80,000 लोग मरे थे, जिपिंगपु बांध को भी नुकसान पहुंचा था। पिछले हफ्ते तिब्बत में शिगात्से के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप चीन को याद दिलाता है कि अब बांध निर्माण न तो लागत-मुक्त है और न किसी समस्या का रामबाण है। ऐसे बांधों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। बीजिंग को विचार करना चाहिए कि ऐसे बांध के क्या जोखिम हैं, इसकी पर्यावरणीय लागत कितनी है, इसे लेकर क्षेत्रीय या वैश्विक भावनाओं का क्या स्वरूप है? सवाल यह भी है कि ब्रह्मपुत्र के तटवर्ती देश क्या वैश्विक स्तर पर किसी मिसाल से सीख सकते हैं? चाहे वह उत्तरी अमेरिका में 1909 का ऐतिहासिक ग्रेट लेक्स समझौता हो या दक्षिण-पूर्वी यूरोप में 2005 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय सावा नदी बेसिन आयोग हो। नदी जल समाधान के ये समृद्ध साक्ष्य हमें बताते हैं कि तटवर्ती देशों के बीच विश्वास और सहयोग को आदत में ढालने में समय लगता है। कैटामायो-चिरा, जारुमिला, पुयांगो-टुम्बेस जल क्षेत्र की संयुक्त रूप से रक्षा करने के लिए 2023 में हुए इक्वाडोर-पेरू समझौते से पता चलता है, परस्पर सहयोग के लंबे प्रयासों के बाद ही ऐसा समझौता संभव होता है। ऊपर किसी जगह पर बांध बनाने से पहले नीचे के देशों के जन-जीवन, खेती और खेतिहर लोगों का भविष्य भी देखना चाहिए। क्या अभी प्रभावित होने वाले लोगों का व्यापक हित देखा जा रहा है? व्यापक सुरक्षा से जुड़े ब्रह्मपुत्र विमर्श पर तमाम उदाहरणों से सबक लेते हुए बहुत सोच-विचार के साथ चलना होगा।

# थोक महंगाई दर ने एक बार फिर झटका

थोक महंगाई दर ने एक बार फिर झटका दिया है। महंगाई पर काबू पाना पहले से कठिन बना हुआ है। थोक महंगाई के ताजा आंकड़े ने आर्थिक प्रबंधकों की बेचैनी बढ़ा दी है। इससे उत्पादकों पर दबाव बढ़ा है। यह कम चिंता की बात नहीं है कि तमाम प्रयासों के बावजूद डालर के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा है। वहीं उपभोक्ताओं की क्रयशक्ति पहले से कहीं अधिक कम हो गई है। लिहाजा, बाजारों में वैसी रौनक नहीं, जैसी अपेक्षा व्यवसायी करते रहे हैं। ऐसे में महंगाई दर का बढ़ना अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता।पिछले वर्ष अप्रैल से लेकर दिसंबर तक के आंकड़ों से पता चलता है कि महंगाई दबे पांव बढ़ती चली गई है। खाने-पीने की चीजों के दामों में थोड़ी-बहुत नरमी बीच-बीच में जरूर दिखती रही, लेकिन ईंधन, विनिर्मित उत्पाद और गैर-खाद्य वस्तुओं के मूल्य जिस तरह बढ़े हैं, उसे थामा नहीं जा सका। काफी समय से उत्पादन क्षेत्र की रफ्तार सुस्त बने रहने का असर है कि थोक महंगाई बढ़ी है। थोक भाव अधिक समय तक ऊंचा बने रहने से उत्पादों की बढ़ी कीमतों का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।खुदरा महंगाई में मामूली गिरावट से भी राहत मिलने की उम्मीद कम है। हालांकि यह चार महीने के निचले स्तर पर है। बीते वर्ष नवंबर में यह 5.48 फीसद थी, जो दिसंबर में 5.22 फीसद पर आ गई। जबकि यही दर अगस्त में 3.65 फीसद थी। इस लिहाज से ताजा गिरावट को संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। इन सभी आंकड़ों के आधार पर मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरें कम करने की स्थिति में आएगी, इसमें संदेह है। बावजूद इसके, मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए कहा जा सकता है कि समिति की अगली बैठक में काफी दबाव रहेगा। आशंका है कि थोक महंगाई बढ़ने का असर कहीं खुदरा महंगाई पर न दिखाई दे। इसमें कोई दो मत नहीं कि सरकार के ताजा आंकड़े से हर उपभोक्ता की चिंता बढ़ गई है, जो अभी बहुत मुश्किल से घर चला रहा है।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

(ललित गर्ग)

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है।

## सुडोकू पहेली

क्रमांक- 5619

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5618

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5619

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 13 | 14 | 15 | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| | | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आह्वान करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, हृदय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, बिदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्टीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेंड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

### वर्ग पहेली 5618 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ही | मा | सू | म | र | जा | ■ |
| ह | रा | र | त | ■ | वा | त | ज |
| त | ■ | को | ■ | मौ | न | ■ | क |
| इं | सा | नी | ■ | ■ | गी | द | ड़ |
| दौ | र | ■ | आ | ला | प | ■ | ना |
| री | ना | रा | य | ■ | त्र | य | ■ |
| ■ | थ | का | ■ | जां | ■ | की | ना |
| ■ | ■ | ■ | आ | च | म | न | ■ |

# आज का राशिफल

### मेष

आज आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा और आपकी तरक्की होने से मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। अगर आपका काफी समय से जरूरी कार्य अटका हुआ है तो कल किसी सरकारी अधिकारी की मदद से पूरा होगा और आपको किसी सरकारी योजना का लाभ भी मिलेगा।

### वृष

आज करियर में सफलता के योग बन रहे हैं और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और कोई बड़ी डील आप कर सकते हैं। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं आपको कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होने के योग हैं। यह आपके लिए कारगर साबित होगी। नौकरी करने वाले कल शांति के साथ ऑफिस के कार्यों को पूरा करेंगे।

### मिथुन

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको बिजनस के मामले में लाभ होगा। आपको लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### तुला

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव कार्य में आपको सफलता प्राप्त होगी और आपकी बात को मानेंगे। आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी और नई योजनाएं भी आपके दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए कहीं बाहर यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आपकी तरक्की होगी और आपको कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होने से मन प्रसन्न होगा। आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपको पूरा दिन शानदार रहेगा। किसी कानूनी विवाद में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

### धनु

आज दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम करेंगे उसमें आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपकी मदद करेंगे। रात्रि में शादी में जाने का अवसर मिल सकता है और आपको इसमें खुशी मिलने के साथ ही आपका मन भी काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क

आज दिन सकारात्मक रहने वाला है। संतान की प्रगति देखकर मन प्रसन्न रहेगा और ससुराल पक्ष से सम्मान मिलता नजर आ रहा है। विदेश में पढ़ाई कर रहे छात्रों को कल कोई अच्छी खबर मिल सकती है। पारिवारिक बिजनस की धीमी गति को तेज करने के लिए कल किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह की जरूरत पड़ेगी।

### सिंह

आज दिन सामान्य है। साझे में किया जाने वाला व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू काम को निपटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है।

### कन्या

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके लिए आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अतः कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता बढ़ेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी।

### मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको हर कार्य में सावधानी रखने की सलाह है। आपकी तरक्की होगी और मन काफी प्रसन्न होगा। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा और आपकी तरक्की होने से खुशी होगी।

### कुंभ

आज दिन काफी लाभकारक है। आपके कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। काफी समय से लटका कोई प्रॉजेक्ट पूरा हो सकता है। आपके संबंधों में नयापन आएगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपका कोई नया काम आरंभ हो सकता है और बिजनस में भी आपको बेहतर रिटर्न प्राप्त होगा। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा कर सकते हैं।

### मीन

आज दिन काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म आध्यात्म के मामले में आपको पढ़ाई लिखाई करने से लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। रात का समय मंगलमय कार्यों में बीतेगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और मन काफी प्रसन्न होगा।

## ऑफिस के लिए सिंपल तरीके से होना है तैयार तो पहन लें यह स्टाइलिश इयररिंग्स, मिलेगा ज़बरदस्त लुक


**जैसे किसी पार्टी में जाते समय हमारी लुक ज्वेलरी खासकर इयररिंग के बिना अधूरी होती है, वैसे ही ऑफिस लुक भी इनके बिना बहुत अधूरी लगती है. इसलिए ऑफिस जाते समय आपको सिंपल और स्टाइलिश दिखने वाले ऐसे इयररिंग जरूर वियर करने चाहिए.**

मार्केट में कई सिंपल और स्टाइलिश ईयररिंग उपलब्ध हैं. जिन्हें आप ऑफिस जाते समय पहन सकते हो. जिसमें इस तरह के ड्रॉप इयररिंग्स शामिल हैं. जिन्हें आप वेस्टर्न और ट्रेडिशनल दोनों तरह के आउटफिट के साथ पहन सकती हो. ये आपको मार्केट में कई कलर में भी मिल जाएंगे.

कई समय से एविल आई ब्रेसलेट काफी ट्रेंड में हैं. इसी के साथ मार्केट में आपको एविल आई इयररिंग भी मिल जाएंगे. जिससे आप नॉर्मल जींस टॉप और शोर्ट कुर्ती के साथ वियर कर सकती हो. ये कई तरह की आउटफिट के साथ सूट करेंगे. साथ ही बहुत सिंपल और सोबर लगेंगे.

आपको मार्केट में कई तरह के हूप इयररिंग्स मिल जाएंगे. जो आपकी ऑफिस लुक के लिए परफेक्ट हैं. साथ ही इसे आप वेस्टर्न और इंडो वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी पहन सकती हो. जो आपकी लुक को ज्यादा अट्रैक्टिव बना देगा.

कई लोगों को शॉर्ट कुर्ती और सूट के साथ झुमका इयररिंग्स पहनने का बहुत शौक होता है. लेकिन ऑफिस में हैवी इयररिंग पहनना ज्यादा कंफर्टेबल नहीं लगता. तो ऐसे में वो लोग लाइट वेट झुमका इयररिंग्स पहन सकते हैं. बाजार में ये आपको बहुत तरह के मिल जाएंगे





## हर साड़ी के साथ परफेक्ट लुक देंगे यह हाईनेक ब्लाउज डिजाइन, आज ही करें अपने कलेक्शन में शामिल

आजकल साड़ियों का ट्रेंड ज्यादा देखने को मिल रहा है. कोई पार्टी हो या फंक्शन, ज्यादातर महिलाएं साड़ी वियर करना पसंद कर रही हैं. इंडो-वेस्टर्न स्टाइल आने से तो वैसे भी लोग अब इस ट्रेडिशन आउटफिट को पहनना ज्यादा पसंद कर रहे हैं. लेकिन साड़ी के साथ-साथ अगर ब्लाउज डिजाइन भी ट्रेंड में हों तो लुक और ज्यादा खूबसूरत लगता है.इन दिनों हाई नेक डिजाइन वाले ब्लाउज काफी ट्रेंड कर रहे हैं. बी टाउन सेलेब्स भी इन ब्लाउज को वार्डरोब का हिस्सा बना रही हैं. आप भी अपने स्टाइल स्टेटमेंट को इन्हैंस करने के लिए हाई नेक ब्लाउज को कैरी कर सकती हैं. आइए आपको इन सेलेब्स के ब्लाउज डिजाइन दिखाते हैं, जिससे आप भी इंस्पायर हो सकती हैं.

### शिमर बोटनेक ब्लाउज

अगर आप हाई नेक ब्लाउज में यूनिक पहनना चाहती हैं, तो आपको कैटरीना कैफ का ये ब्लाउज डिजाइन परफेक्ट है. उन्होंने राउंड नेक शेप वाला शिमरी ब्लाउज पहना है. उनके ब्लाउज पर ब्लैक के साथ-साथ ब्राउन शिमर वर्क किया गया है. इस नए लुक की हर कोई तारीफें करेगा.

### साथ्रू हाईनेक ब्लाउज

जान्हवी कपूर का ये ब्लाउज डिजाइन भी काफी खूबसूरत है. अगर आप एक्सपेरीमेंट्स करना चाहती हैं तो एक्ट्रेस की तरह सीथ्रू ब्लाउज डिजाइन कैरी कर सकती हैं. उन्होंने फुल स्लीव वाला नेट ब्लाउज लहंगे के साथ वियर किया है.

### राउंड नेक ब्लाउज

राउंड नेक स्टाइल कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं रहा. सूट हो या साड़ा-लहंगे का ब्लाउज, राउंड नेक स्टाइल सिंपल और महिलाओं की पहली पसंद होती है. दीपिका की ब्लू साड़ी में राउंड नेक दी गई है. इस स्टाइलिश फुल स्लीव ब्लाउज को आप अपने किसी भी मौके पर कैरी कर सकती हैं.इसके अलावा, हाईनेक ब्लाउज में कई सारे डिजाइन मौजूद हैं. अगर आप लुक को डिफरेंट बनाना चाहती हैं तो टर्टलनेक डिजाइन कैरी कर सकती हैं. हाईनेक टर्टल ब्लाउज भी लुक को काफी खूबसूरत बनाने का काम करते हैं. बहरहाल, अब आप इन ब्लाउज डिजाइन से अपना फैशन सेंस फ्लॉन्ट कर सकती हैं.





## विंटर पार्टी लुक के लिए चुने यह कलर के आउटफिट, मिलाएगा अट्रैक्टिव लुक

पार्टी में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब लुक क्रिएट करने की बात आती है, तो इसके लिए हम कई सारे ऑप्शन को ट्राई करते हैं। फिर भी हम उन्हें स्टाइल नहीं कर पाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सर्दियों में कपड़ों को स्टाइल करना सबसे बड़ा चैलेंज होता है। इससे लुक खराब होने का डर भी रहता है। ऐसे में आप ड्रेस डिजाइन पर नहीं बल्कि कलर पर ध्यान दें। इससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आपको सही कलर के विंटर आउटफिट स्टाइल करने को मिल जाएंगे।

### ब्लू कलर विंटर आउटफिट

सुंदर दिखने के लिए आप ब्लू कलर के वूलन आउटफिट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इसमें लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। इस तरह के आउटफिट में आपको पूरा सेट ब्लू कलर का मिलेगा। इसमें आप वूलन ड्रेस से लेकर को ऑर्ड ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी, जो वियर करने के बाद अच्छी नजर आएगी। साथ ही, आपके लुक को कंप्लीट करेगी।

### टील ग्रीन कलर करें स्टाइल

विंटर के हिसाब से टील ग्रीन कलर भी पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे वियर करके भी आप अपने लुक में ग्रेस ऐड कर सकती हैं। साथ ही, लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में आपको हर एक पैटर्न और डिजाइन में मिल जाएगी। जिसे वियर करके आपका लुक ही अट्रैक्टिव नजर आएगा। साथ ही, आपको ज्यादा ऑप्शन ट्राई करने को मिलेंगे।

### डबल शेड वाली ड्रेस

आप इस विंटर में अपनी वॉर्डरोब में डबल शेड वाली ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है। साथ ही, इसमें आपको दो कलर एक साथ पहनने को मिल जाते हैं। इस डबल शेड में आप कोई भी विंटर ड्रेस को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे लुक अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आपको ज्यादा ऑप्शन सर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## सर्दियों में स्टाइलिश देखने के लिए अपने वार्डरोब में जरूर रखें यह खास ड्रेस लुक देखकर हर कोई हो जाएगा दीवाना

इस मौसम में यह समझ पाना मुश्किल है कि क्या और कैसे पहनें कि ठंड भी न लगे और स्टाइलिश भी दिखें। हम आपके साथ शेयर करने जा रहे हैं कुछ फैशन टिप्स, जिनकी मदद से आप सर्दियों में भी बेहद स्टाइलिश दिखेंगी। आज हम ऐसी ही कुछ ड्रेसेज के बारे में बात करने जा रहे हैं जो आपके विंटर फैशन लुक को निखारेंगी।

सदाबहार वेलवेट ड्रेस – वेलवेट ड्रेस को सदाबहार माना जाता है क्योंकि इनका फैशन कभी भी आउट ऑफ स्टाइल नहीं होता है। ये न सिर्फ आपको ग्लैमरस लुक देते हैं बल्कि इन्हें पहनने से आप काफी एलिगेंट भी दिखती हैं। सर्दियों में गहरे रंग की वेलवेट ड्रेस पहनने से आप काफी शाही नजर आती हैं। साथ ही वेलवेट ड्रेस में आपको ठंड भी नहीं लगती। ऐसे में सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के लिए यह एक अच्छा विकल्प है। स्वेटर ड्रेस– दुनिया भर में बनाए जाने वाले सर्दियों के कपड़ों में स्वेटर ड्रेस सबसे ऊपर है। स्वेटर ड्रेस को आराम और स्टाइल का मिश्रण कहा जाता है। ऐसे में इन ड्रेसेस को अपने वॉर्डरोब में जरूर रखें। आप लेगिंग, स्नीकर्स या बूट आदि पहन सकते हैं। इस ड्रेस के साथ. ऐसे में अगर आप कैजुअल लुक चाहती हैं तो स्वेटर ड्रेस आपके लिए परफेक्ट है।

रैप ड्रेस – जिस तरह गर्मियों में रैप ड्रेस आपके लुक को निखारती है, उसी तरह आप सर्दियों में भी रैप ड्रेस पहन सकती हैं। इन विंटर ड्रेस को आप हील्स के साथ पहन सकती हैं। रैप ड्रेसेस को किसी भी खास मौके पर पहना जा सकता है।

मिनी ड्रेस – अगर आपको छोटी ड्रेस पहनना पसंद है तो मिनी ड्रेस आपके लिए परफेक्ट हो सकती है। सर्दियों के दौरान दिन के समय इनका उपयोग करना सबसे अच्छा होता है। आप स्किन-टाइट बूट्स और लेगिंग्स के साथ मिनी ड्रेस पहन सकती हैं। वहीं, अगर आप इसे रात में पहनना चाहती हैं त

## कड़कती ठंड में दिखाना है जलवा तो बस इस तरह पहनें वूलन स्कर्ट, मिलेगा गजब का लुक

जब ठंड का मौसम आता है तो हम सभी का स्टाइल काफी बदल जाता है। इस मौसम में हम सभी ऐसे कपड़े पहनने की चाहत रखते हैं, जिससे ठंडी हवाओं से बचा जा सके। अधिकतर लोग इस मौसम में खुद को पूरी तरह से कवर करना चाहते हैं और इसलिए वे अक्सर अपने स्टाइल के साथ समझौता करते हैं। जबकि वास्तव में आपको ऐसा करने की जरूरत नहीं है। अगर आप खुद को स्मार्टली स्टाइल करती हैं तो ऐसे में आप किसी भी आउटफिट को अपने विंटर लुक का हिस्सा बना सकती हैं। इन्हीं में से एक है वूलन स्कर्ट।वूलन स्कर्ट को ठंड के दिनों में कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है और इसकी मदद से आप रिलैक्स्ड वाइब्स से लेकर पॉलिश्ड लुक या स्ट्रीट लुक कैरी कर सकती हैं। बस आपको ओकेजन के अनुसार अपनी स्टाइलिंग को थोड़ा मोडिफाई करने की जरूरत है। इतना ही नहीं, आप अपने लुक के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंटल भी हो सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप विंटर में वूलन स्कर्ट को किन तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं–

### कैजुअल लुक में ऐसे पहनें वूलन स्कर्ट

अगर आप ठंड के कैजुअल लुक में वूलन स्कर्ट को स्टाइल करना चाहती हैं तो इसे एक चंकी निट स्वेटर के साथ पहनना अच्छा आइडिया हो सकता है। आप इसे सामने से थोड़ा अंदर की ओर टक करें। साथ ही, ठंड से बचने और एक कंफर्टेबल लुक के लिए आप इसके साथ ब्लैक या न्यूट्रल टाइट्स पहनें। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप एंकल बूट्स के अलावा वूलन बीनी और स्कार्फ को स्टाइल कर सकती हैं।

### स्ट्रीट स्टाइल लुक में ऐसे पहनें वूलन स्कर्ट

वूलन स्कर्ट की खास बात यह होती है कि यह बहुत ही वर्सेटाइल है और इसकी मदद से आप आप किसी भी लुक को आसानी से क्रिएट कर सकती हैं। मसलन, अगर आप स्ट्रीट स्टाइल लुक में वूलन स्कर्ट पहन रही हैं तो ऐसे में आप उसे ओवरसाइज़्ड हुडी के साथ पेयर करें। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप व्हाइट या चंकी स्नीकर्स को पेयर करें। फुटवियर आपके लुक को पूरा बदल सकते हैं। आप परफेक्ट स्ट्रीट-स्टाइल वाइब के लिए इसे डेनिम जैकेट के साथ लेयर करें। साथ ही, एक प्यारा बैकपैक या बेल्ट बैग कैरी करना बिल्कुल भी ना भूलें।

### ब्रंच डेट लुक में ऐसे पहनें वूलन स्कर्ट

अगर आप कहीं बाहर जा रही हैं और वूलन स्कर्ट में एक चिक और पॉलिश्ड लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके साथ फिटेड टर्टलनेक आउटफिट पहनना अच्छा विचार हो सकात है। आप टर्टलनेक टॉप को अपनी स्कर्ट में टक करें, ताकि आपकी कमर सही तरह से हाइलाइट हो सके। आप इसे स्ट्रक्चर्ड ब्लेज़र के साथ लेयर करें। इससे यकीनन आपका लुक काफी अच्छा नजर आएगा। अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए आप हाई-नी बूट्स या स्लीक लोफ़र्स पहन सकती हैं। एक्सेसरीज में आप मिनिमल गोल्ड ज्वेलरी या क्रॉसबॉडी बैग कैरी कर सकती हैं।





# मुंबई छोड़ने वाले बयान पर क्या अनुराग कश्यप ने लिया यू-टर्न

कुछ दिन पहले अनुराग कश्यप ने कहा था कि उनमें अब लड़ने की ताकत खत्म हो गई है। वह बॉलीवुड वालों से परेशान हैं इसलिए अब मुंबई छोड़कर साउथ में बस जाएंगे। इस फैसले के पीछे अनुराग ने कई कारण गिना दिए थे। हाल ही में अनुराग कश्यप ने अपने मुंबई छोड़ने वाले बयान पर एक नई बात कह दी है। वह मुंबई को अपनी कर्म भूमि बता रहे हैं। तो क्या अब वह मुंबई नहीं छोड़ने वाले हैं? क्या कहा है, अपने नए बयान में अनुराग कश्यप ने।

### अनुराग ने नए बयान में क्या कहा

हाल ही में अनुराग कश्यप को फिल्म 'सत्या' की री रिलीज की स्क्रीनिंग पर देखा गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए अनुराग ने मुंबई छोड़ने वाले अपने बयान पर फिर से बात की। वह कहते हैं, 'हां, मैं जा रहा हूं, बाहर रहूंगा लेकिन कर्म भूमि तो यही है। बस मेरी रहने वाली जगह अब अलग होगी।' इस तरह से अनुराग ने साफ कर दिया कि वह मुंबई तो पक्का छोड़ रहे हैं लेकिन बॉलीवुड में फिल्में करते रहेंगे। अनुराग के लिए हमेशा ही मुंबई, बॉलीवुड उनकी कर्मभूमि रहेगी।

### क्या है डायरेक्टर की नाराजगी की वजह

अनुराग कश्यप बॉलीवुड से इसलिए नाराज है कि उन्हें अपने हिसाब से काम करने को नहीं मिल रहा है। साथ ही उनकी पांच फिल्में भी अटकी पड़ी हैं। पिछले दिनों अनुराग ने इस बारे में भी बताया था। दरअसल, साल 2023 में अनुराग की फिल्म 'कैनेडी' को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां इसकी काफी तारीफ हुई। लेकिन तब से यह फिल्म रिलीज नहीं हुई है। इस बात का अनुराग को दुख है। वह कहते हैं, 'मैंने पांच फिल्में बनाई है, जो अब तक रिलीज नहीं हो पाई हैं। 'कैनेडी' फिल्म तो ऐसे लोगों के पास है, जिन्होंने आजतक फिल्म नहीं बनाई। स्टूडियो वाले कहते हैं कि आप अपनी हिस्सेदारी बढ़ाओ, पैसा कमाओ और मुनाफा लाओ।'

### स्टार के बिहेवियर से भी दिक्कत

पिछले दिनों मुंबई छोड़ने के अपने बयान के साथ ही अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड के वर्किंग कल्चर, स्टार के बिहेवियर पर भी बात की थी। अनुराग ने कहा- 'हिंदी फिल्मों में हर एक्टर को स्टार ट्रीटमेंट चाहिए। ऐसे में फिल्में बनाना काफी मुश्किल हो जाता है। जबकि साउथ इंडस्ट्री में ऐसा नहीं है, बड़े से बड़ा एक्टर फिल्म के बाकी लोगों की तरह ही खुद को ट्रीट करता है।' इन दिनों अनुराग साउथ फिल्मों में एक्टिंग भी कर रहे हैं।



# सोशल मीडिया पॉपुलैरिटी में श्रद्धा कपूर नंबर वन

बॉलीवुड के सितारों को दुनियाभर में पसंद करने वाले लाखों-करोड़ों लोग हैं। उनके फैंस सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़े रहते हैं और उनसे जुड़ी हर छोटी-बड़ी अपडेट यहीं से प्राप्त करते हैं। स्टार्स और फैंस के बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक पुल का काम करता है। पॉपुलैरिटी के मामले में इन स्टार्स के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं, सोशल मीडिया पर इन्होंने भी अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटा रखी है। आइए जानते हैं बॉलीवुड के स्टार किड्स के सोशल मीडिया पर कितने फॉलोअर्स है।

### श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शक्ति कपूर की बेटी श्रद्धा कपूर ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना ली है। अपनी अदाकारी और खूबसूरती के दम पर उन्होंने लाखों फैंस बनाए हैं। श्रद्धा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो उनके 94.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। 'स्त्री 2' के रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर तेजी के साथ उनके प्रशंसक बढ़ें हैं।



### आलिया भट्ट

आलिया भट्टी की गिनती आज बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में महेश भट्ट की बेटी के पहचान के साथ कदम रखा था, लेकिन अपनी मेहनत और एक्टिंग के दम पर अपनी पहचान बनाई। आज आलिया भट्ट के लाखों-करोड़ों चाहने वाले हैं। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने कुल 86.2 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### वरुण धवन

वरुण धवन भी आज बॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेताओं में गिने जाते हैं। डेविड धवन के बेटे वरुण धवन ने भी सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग जुटाई है। अभिनेता के इंस्टाग्राम पर 46.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### सारा अली खान

सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान के भी सोशल मीडिया पर काफी चाहने वाले हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 45.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।



### जान्हवी कपूर

दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी जान्हवी कपूर ने भी इंडस्ट्री में खुद को लगभग स्थापित कर लिया है। अभिनेत्री के सोशल मीडिया पर लाखों दीवाने हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 26 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### सुहाना खान और आर्यन खान



शाहरुख खान के बेटी सुहाना खान और उनके बेटे आर्यन खान के भी सोशल मीडिया पर फॉलो करने वालों की काफी संख्या है। सुहाना के इंस्टाग्राम पर 6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। आर्यन की बात करें तो उनके 3.1 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।



### राशा थडानी

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी की डेब्यू फिल्म 'आजाद' हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। राशा के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स की बात करें तो यह 2 मिलियन हैं।

### ईशान खट्टर, खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान

शाहिद कपूर के भाई ईशान खट्टर के इंस्टाग्राम पर 1.9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। श्रीदेवी की छोटी बेटी और जान्हवी कपूरी की बहन खुशी कपूर के 1.7 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वहीं, सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के 1.2 मिलियन फॉलोअर्स इंस्टाग्राम पर हैं।



# कार्तिक आर्यन की फिल्म में कैमियो करेंगे ये जवानी है दीवानी के सितारे!

कार्तिक आर्यन ने अपनी अगली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की घोषणा कर दी है, जिससे प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। वैसे, निर्माताओं ने अभी तक मुख्य नायिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री की घोषणा नहीं की है। हालांकि, खबर आ रही है कि में शरवरी वाघ मुख्य भूमिका निभा सकती हैं। वहीं, इस बीच फिल्म के कलाकारों को लेकर एक और दिलचस्प खबर आ रही है।

### इन सितारों का फिल्म में होगा कैमियो

रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में ये जवानी है दीवानी के सितारे कैमियो करते नजर आएंगे। सभी मुख्य कलाकार एक खास भूमिका के लिए फिल्म में शामिल होंगे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है और ये जवानी है दीवानी की तर्ज पर है। ऐसे में निर्माता विशेष प्रस्तुतियों के लिए मूल सितारों को लाने पर विचार कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर काम कर रहे निर्माता

रिपोर्ट्स में आगे यह भी बताया गया है कि भले ही ये जवानी है दीवानी के सभी मुख्य कलाकार उपलब्ध न हों, लेकिन निर्माताओं ने उनमें से दो को इसका हिस्सा बनाने की कोशिश करेंगे। यह एक दिलचस्प कैमियो होगा, जो फिल्म को और खास बनाएगा। फिल्म में उन सितारों का कैमियो इस बात पर निर्भर करता है कि उन कलाकारों की तारीखें मेल खानी चाहिए। साथ ही लेखन प्रक्रिया के दौरान इस बात पर खास ध्यान दिया जाएगा कि उन सितारों का फिल्म में सहज परिचय होना चाहिए, न कि जबरदस्ती की भूमिका होनी चाहिए। इन सभी मुद्दों पर टीम ध्यान दे रही है।

### आधिकारिक घोषणा का इंतजार

रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, आदित्य रॉय कपूर और कल्कि केकलां निर्देशक समीर विद्वांस की फिल्म में अपने किरदारों को फिर से जीवंत करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बारे में ज्यादा कुछ साझा नहीं किया गया है, लेकिन इस खबर ने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। हाल ही में ये जवानी है दीवानी भी सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुई है, जिसके बाद से इस फिल्म की यादें ताजा हो गई हैं। हालांकि, इन सितारों का तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कैमियो होने की खबर पर फिलहाल आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है।

तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के बारे में बात करते हुए कार्तिक आर्यन ने एक प्रोमो वीडियो के साथ अगली रोमांटिक-कॉम की घोषणा की। कार्तिक आर्यन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर करण जौहर की प्रतिक्रिया साझा की, जिसमें लिखा था, टपर शुभ मुहूर्त का समय निकला जा रहा है रे... रूमी का बेसब्री से इंतजार है। इस पर कार्तिक ने जवाब दिया, इतना आसानी से थोड़ी मुंह दिखाई हो जाएगी।

# इस प्रतिभागी को जीतते देखना चाहती हैं शिल्पा शिरोडकर

**चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 18 दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के बाद विदा ले रहा है। आज शो के विनर का पता चल जाएगा। दर्शकों की धड़कनें तेज हैं। सभी अपने-अपने पसंदीदा प्रतिभागी की जीत के लिए दुआ कर रहे हैं। शो के शीर्ष छह प्रतियोगी दौड़ में हैं। इनके नाम हैं- अविनाश मिश्रा, ईशा सिंह, चुम दरांग, विवियन डीसेना, करण वीर मेहरा और रजत दलाल। शो के इस सीजन में बतौर प्रतिभागी आईं अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर किसे ट्रॉफी पाते देखना चाहती हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है।**

### इस प्रतिभागी का लिया नाम

इस बार के सीजन में शिल्पा शिरोडकर ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हालांकि, अब वे शो से बाहर हैं। मगर, आज फाइनल मुकाबले के दौरान वे भी मौजूद रहेंगी। हाल ही में जियो सिनेमा के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें शिल्पा कहती दिख रही हैं कि वे करण वीर मेहरा को जीतते हुए देखना चाहती हैं।

### शिल्पा ने फैंस का जताया आभार

वीडियो में शिल्पा कहती दिख रही हैं, मैं हूं शिल्पा शिरोडकर। फाइनली, फिनाले का दिन है। मैं जा रही हूं फिनाले के लिए बिग बॉग के सेट पर। मेरे हिसाब से मेरा विनर है करण वीर मेहरा। आपको क्या लगता है? आप भी बताइए। आप सभी ने हमें जो प्यार और इज्जत दी उसके लिए सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया।

### विजेता को क्या मिलेगा?

शिल्पा के पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट की झड़ी लग गई है। करण वीर के बाद यूजर्स सबसे ज्यादा विवियन और रजत दलाल का लिख रहे हैं। विजेता की किस्मत का फैसला अब चंद घंटों में होने वाला है। कथित तौर पर विजेता के नकद पुरस्कार के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं, जो पिछले सीजन की तरह ही 50 लाख रुपये होने की उम्मीद है। ट्रॉफी के बाद विनर को यह राशि मिलेगा।





# अजय अंकल की भगत सिंह देखकर हुआ सिनेमा से प्यार, उनकी तरह आंखों से करना चाहता हूं एक्टिंग

बॉलीवुड में नए साल में कई नए एक्टर्स अपने टैलंट के रंग भरने आ रहे हैं। इन्हीं से एक हैं, सुपरस्टार अजय देवगन के भांजे अमन देवगन। अमन निर्देशक अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म आजाद से अपनी फिल्मी पारी शुरू कर रहे हैं।

**आप फिल्मी परिवार में पले-बढ़े हैं, लेकिन सिनेमा में ही करियर बनाना है, यह कब तय किया?**

ऐसा कोई एक टर्निंग प्वाइंट नहीं था। जब आप एक फिल्मी परिवार में पैदा होते हैं तो माहौल ही ऐसा होता है कि हर वक्त फिल्मों की बातें होती हैं। हालांकि, मुझे याद है कि जब मैंने अंकल (अजय देवगन) की द लेजेंड ऑफ भगत सिंह देखी थी, तब मुझ पर उनकी परफॉर्मेंस का बहुत असर हुआ था। मैं तब बहुत छोटा था और ऐक्टिंग के बारे में ज्यादा समझ नहीं थी, फिर भी जब वे आए थे, मैंने उनसे पूछा था कि आपका कॉस्ट्यूम कहां है? तब मुझे ऐक्टिंग के प्रति आकर्षण महसूस हुआ। फिर, 10वीं पास करने के बाद 15-16 साल की उम्र में मुझे अहसास हो गया कि मुझे ऐक्टिंग ही करना है और मैंने ऐक्टर बनने के लिए जो भी चीजें जरूरी हैं, कोर्स, वर्कशॉप, वह सब करना शुरू किया।

**फिल्म में आपके मामा अजय देवगन आपके को-स्टार भी हैं। उनके साथ शूट करने का अनुभव कैसा रहा? और बतौर ऐक्टर और इंसान आप उनकी कौन सी खूबियां अपनाना चाहेंगे?**

अंकल के साथ पहले दिन शूट करते वक्त मैं बहुत नर्वस था। मैं बहुत डरा हुआ था, क्योंकि मैं भूल गया था कि वह मेरे अंकल हैं। तब मुझे सुपरस्टार अजय देवगन नजर आ रहे थे, मगर हम ऐक्टर्स के कुछ पैंतरे होते हैं। मैंने थोड़ा ध्यान लगाया, अपने किरदार को पकड़ा और उनको किरदार के तौर पर ही देखा। रही उनकी खूबियों की बात, तो ऐक्टर के तौर पर उनमें एक इंटेंसिटी, एक ठहराव है। वह जिस तरह आंखों से ऐक्टिंग करते हैं, उसका कायल पूरा देश है। मैं खुद भी अपने अंदर यह खूबी लाना चाहूंगा। वहीं, इंसान के रूप में वह बहुत ही प्यारे हैं। इंडस्ट्री में बहुत से लोग उन्हें बॉस कहकर बुलाते हैं, क्योंकि उन्होंने वह सम्मान कमाया है। लोग उनकी बहुत इज्जत करते हैं। वह अपने परिवार को बहुत समय देते हैं। उनका मी टाइम परिवार के साथ वक्त बिताना है। ऐसी बहुत सी क्वॉलिटीज हैं, जो मैं अपनाना चाहूंगा।

**आपकी फिल्म आजाद एक पीरियड ड्रामा है। उस दौर की कहानी है, जो आपने देखी नहीं है, तो उस दुनिया का हिस्सा बनना कितना चुनौतीपूर्ण रहा?**

सच कहूं तो पहली फिल्म के लिहाज से यह किरदार बहुत चैलेंजिंग था। हम जेन ं बच्चे हैं। 2025 में मुंबई जैसे महानगर में रहते हैं। जबकि, यह पीरियड फिल्म है। मेरे किरदार का सोशल स्टेटस भी बहुत अलग है। वह घोड़े की देखभाल करने वाला लड़का है। हमारी बोली भी बिल्कुल अलग थी। हमें बुंदेलखंडी बोलनी थी, जिसके लिए हमारी बहुत सारी क्लासेज हुईं, पर फिल्म में मेरे लिए जो सबसे बड़ा चैलेंज था, वो था मेरा कोस्टर-आजाद, जो एक घोड़ा है। वह ऐक्टर नहीं है कि सेट पर आकर लाइन बोलेगा, तो मुझे उसकी एनर्जी पढ़कर उसके हिसाब से सीन को इंप्रोवाइज करना था। इसलिए, मैंने उसके साथ बहुत वक्त बिताया। मैं उसके साथ दो-दो दिन अस्तबल में सोता था। उसको खाना खिलाता था, नहलाता था। उसकी पॉटी भी साफ करता था, ताकि हमारा एक बॉन्ड और कनेक्शन बन जाए। फिर भी, उसके साथ सीन करना आसान नहीं था, क्योंकि वह कभी भी कुछ भी करता था। कभी हिल जाता था, कभी काटने आ जाता था, तो वह काफी चैलेंजिंग था।

**फिल्मी परिवार से होने के नाते उस विरासत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी या दबाव महसूस करते हैं?**

बिल्कुल, यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। जब आप एक ऐसी लिगेसी का हिस्सा बनते हैं, जिसका इतना बड़ा नाम है तो उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी होती ही है। इस विरासत को मेरे नाना जी (वीरू देवगन) ने बतौर ऐक्शन डायरेक्टर शुरू किया था। वह पंजाब से मुंबई आए थे, तब उनके पास कुछ नहीं था। वह टैक्सी में सोते थे। उन्होंने लाइटमैन का भी काम किया है और फिर यह विरासत बनाई, जिसे अंकल अजय देवगन ने भी बहुत आगे बढ़ाया तो दबाव बहुत ज्यादा है लेकिन मेरा मानना है कि अगर मैं उस दबाव को बहुत ज्यादा दिल पर ले लूंगा तो अपना काम अच्छे से नहीं कर पाऊंगा। मेरा काम खूब मेहनत करना है, अपने टैलंट पर काम करना है और वह मैं करता रहूंगा।


**आपकी पहली फिल्म रिलीज भी नहीं हुई है, मगर दूसरी फिल्म झलक की घोषणा हो गई। आपको नहीं लगता कि यह फिल्मी परिवार से होने का फायदा है?**

मैं जितनी ईमानदारी से संभव है, आपको जवाब दूंगा। यह प्रिविलेज निश्चित तौर पर है, मगर हम ऐसे वातावरण में पलते-बढ़ते हैं, जहां बचपन से फिल्में ही देखते हैं। सिनेमा की बातें सुनते हैं तो यह एक बच्चे का सिनेमा के लिए मासूम प्यार होता है कि बड़े होने पर हमें लगता है कि हमें भी यह करना है, क्योंकि हम बचपन से यही देखते आ रहे हैं। बाकी, आखिर में ऑडियंस ही तय करेगी कि आप रहेंगे या नहीं, क्योंकि कोई भी निर्माता आप पर पैसे नहीं लगाएगा, अगर ऑडियंस आपको पसंद नहीं करेगी तो आखिर में ऑडियंस ही राजा है।

संक्षिप्त समाचार

## आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने के लिए आयकर में कटौती और निवेश पर जोर जरूरी, खपत के लिए पैसा देना होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत आयकर को कम करने और निवेश के लिए ज्यादा पूंजी आवंटित करने जैसे घरेलू कारकों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के सदस्य डीके श्रीवास्तव ने कहा, शहरी खपत पिछड़ रही है, इसलिए व्यक्तिगत आयकर संरचना को दरों और कटौती दोनों के संदर्भ में तर्कसंगत बनाना चाहिए, ताकि खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसा निम्न और मध्य आय वर्ग के हाथों में आ सके। श्रीवास्तव ने



कहा, इस समय वैश्विक आर्थिक स्थितियां दुनियाभर की आर्थिकी के लिए उपयुक्त नहीं हैं। ऐसे में सरकार को घरेलू मांग जैसे कारकों पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमानों की तुलना में पूंजीगत खर्च में 20 फीसदी की वृद्धि होनी चाहिए। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.8 फीसदी और अगले वित्त वर्ष में 4.4 फीसदी रहने का अनुमान है। श्रीवास्तव के मुताबिक, उम्मीद है कि सरकार राजकोषीय प्रोत्साहन उपायों के लिए निवेश और कुछ हद तक खपत जैसे तरीकों का चयन करेगी। निवेश घरेलू मांग का मुख्य चालक है, जो अब तक यह सफल रहा है।

## क्यूआर कोड से कर रहे हैं पेमेंट तो हो जाएं सावधान, धोखा होने का चांस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आजकल सभी तरह के पेमेंट के लिए लोग यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं। फोन-पे, पेटीएम या गूगल पे के जरिए दुकानों पर पेमेंट के लिए क्यूआर कोड स्कैन करना सबसे आसान तरीका है, लेकिन क्यूआर कोड से पेमेंट खतरनाक भी हो सकता है। विशेषज्ञों



का कहना है कि फर्जीवाड़े से बचने का उपाय यह है कि क्यूआर कोड के जरिए पेमेंट से पहले रिसीव करने वाले का नाम अवश्य देख लें।

### ऐसे हो रही है धोखाधड़ी


मध्य प्रदेश के खजुराहो में जालसाजों ने रात के समय कई प्रतिष्ठानों के बाहर चिपकाए क्यूआर कोड बदल दिए। इनमें पेट्रोल पंपों, मेडिकल स्टोर और अन्य दुकानें शामिल थीं। जब ग्राहकों ने पेमेंट किया तो पैसे जालसाज के खाते में चले गए। देश के कई शहरों में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

**क्या-क्या सावधानी बरतें-** ● क्यूआर कोड स्कैन के बाद पेमेंट प्राप्त करने वाले का नाम चेक करें कोड सही है या नहीं पता करने के लिए गूगल लेंस का इस्तेमाल करें।

# लक्ष्मी डेंटल के आईपीओ ने पहले ही दिन दिया जबरदस्त मुनाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड का आईपीओ शेयर मार्केट में लिस्ट हो गया। इसने लिस्टिंग पर निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दिया। मेन बोर्ड का यह आईपीओ बीएसई पर करीब 23 फीसदी प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के बाद इसमें और तेजी आई। सुबह 10:30 बजे शेयर में करीब 30 फीसदी की तेजी आ गई थी।

यह आईपीओ 13 जनवरी को खुला था और 15 जनवरी को बंद हो गया था। इसका इश्यू साइज 698.06 करोड़ रुपये था। कंपनी ने 138 करोड़ रुपये के 32 लाख फ्रेश शेयर और 560.06 करोड़ रुपये के 1.31 करोड़ शेयर ओएफएस के तहत जारी किए थे। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी।




### कितना हुआ फायदा

इसका प्राइस बैंड प्रति शेयर 407 से 428 रुपये के बीच था। बाद में इसका आईपीओ प्राइस 428 रुपये तय हुआ। बीएसई पर यह 23 फीसदी प्रीमियम के साथ 528 रुपये पर लिस्ट हुआ। ऐसे में इसने लिस्टिंग पर ही निवेशकों को 100 रुपये प्रति शेयर का मुनाफा दे दिया था। लिस्टिंग के बाद इसमें काफी तेजी आई। सुबह 10:30 बजे यह 563 रुपये पर कारोबार कर रहा था। लिस्टिंग के बाद इसमें 6 फीसदी से ज्यादा की तेजी आ गई थी। ऐसे में निवेशकों को पहले ही दिन सुबह 10:30 बजे तक प्रति शेयर 135 रुपये का फायदा हो चुका था।

### ग्रे मार्केट में भी जबरदस्त रिस्पॉन्स

इस आईपीओ को निवेशकों का जबरदस्त समर्थन मिला था। यह 114.42 गुना सब्सक्राइब किया गया था। वहीं लिस्टिंग से पहले यह आईपीओ ग्रे मार्केट में छाया हुआ था। लिस्टिंग से एक दिन पहले यानी रविवार को इसका जीएमपी 145 रुपये था। यानी ग्रे मार्केट के अनुसार यह 33.88 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 573 रुपये पर लिस्ट हो सकता था। हालांकि लिस्टिंग जीएमपी के मुकाबले कुछ कम प्रीमियम पर हुई।

### कंपनी क्या करेगी रकम का

आईपीओ से मिली रकम में से कुछ का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने में करेगी। वहीं कंपनी नई मशीनरी खरीदने में भी कुछ रकम खर्च करेगी। इसके अलावा कंपनी अपनी सब्सिडियरी कंपनी में भी निवेश करेगी।

कारोबारी नलिन नेगी बोले

## सप्ताह में 90 घंटे काम करना मुश्किल, गुणवत्ता रखती है मायने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतपे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नलिन नेगी ने कहा कि कार्यस्थल पर जब कर्मचारियों के परिणामों और उत्पादकता को मापने की बात आती है तो गुणवत्ता मायने रखती है न कि लंबे समय तक काम करना। नेगी का यह बयान एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन के 90 घंटे के कार्य सप्ताह संबंधी टिप्पणी को लेकर चल रही बहस के बीच आया है। उन्होंने कहा कि फिनटेक फर्म में काम के घंटों को लेकर इतनी अधिक अपेक्षाएं नहीं होती हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कॉरपोरेट भारत में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ी हुई है। इससे पहले, बुनियादी ढांचा एवं निर्माण कंपनी एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने रविवार को कर्मचारियों से काम न करा पाने पर खेद व्यक्त किया था। काम की गुणवत्ता 'सबसे पहले' है, न कि घंटों की संख्या। 90 घंटे काम करना काफी कठिन होता है। इसलिए मैं कहूंगा कि यह गुणवत्ता के बारे में है... गुणवत्ता मायने रखती है। नेगी ने कहा, एक खुश कर्मचारी आपको बहुत कुछ देगा... जो व्यक्ति अपने काम में लगा रहता है और उसका आनंद लेता है, अगर उसके पास कोई जरूरी काम है, तो वह उसे करेगा। आपको इसके लिए उसकी निगरानी करने की जरूरत नहीं है। एलएंडटी के चेयरमैन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने के सुझाव को लेकर सोशल मीडिया पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने इसको लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था, मैं कड़ी मेहनत और समझदारी से काम करने में विश्वास करता हूं, लेकिन जीवन को हमेशा काम करने में बदल देना यह सफलता नहीं बल्कि थकान का नुस्खा है।

## निवेश मंत्रा: म्यूचुअल फंड के जरिये उठाएं शेयर बाजार में तेजी का लाभ

# ईएलएसएस से मिलता है अच्छा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक विकास का शेयर बाजार पर गहरा प्रभाव पड़ा है। निफ्टी 50 जैसे सूचकांक लगातार नई ऊंचाई पर पहुंच रहे हैं, जो देश की क्षमता और निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, 2010 से 2024 तक निफ्टी 50 का चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) रिटर्न लगभग 12 फीसदी है। ऐसे में ब्लूचिप फंड अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह फंड उच्च क्वालिटी वाले लार्जकैप शेयरों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जो स्थिरता और विकास क्षमता प्रदान करता है। जैसे एक्सिस ब्लूचिप फंड ने 15 साल से लगातार 12.48 फीसदी सीएजीआर रिटर्न दिया है। टैक्स बचाने के लिहाज से इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) फंड सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। यह स्कीम संभावित पूंजी वृद्धि और कर बचत का दोहरा लाभ देती है। कम जोखिम और कम निवेश अवधि में स्थिर रिटर्न चाहने वाले निवेशकों के लिए, छोटी अवधि के फंड आदर्श विकल्प हो सकते हैं। ये फंड तीन साल तक की परिपक्वता अवधि वाले डेट और करेंसी बाजार के साधनों में निवेश करते हैं।

15 साल पूरे करने वाले एक्सिस शॉर्ट ड्यूरेशन फंड ने शुरुआत से ही 7.51 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न दिया है।

**फंड हाउस ला रहे हैं अलग तरीके के उत्पाद-** जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विस्तार जारी है, म्यूचुअल फंड निवेशकों की विविध




जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं। आर्थिक विकास और वित्तीय नवाचार के बीच फंड योजनाएं भारत के वित्तीय परिदृश्य में नए-नए चॉइस निवेशकों को दे रही हैं। उदाहरण के तौर पर पैसिव फंड आकर्षक बन रहे हैं। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के पास पैसिव फंडों में 1.46 करोड़ फोलियो व 1.65 लाख करोड़ रुपये एयूएम है। ईटीएफ के ट्रेडिंग वॉल्यूम का 55 प्रतिशत बड़ा हिस्सा है। कोटक म्यूचुअल फंड, एक्सिस न मोतीलाल ओसवाल जैसे अन्य फंडों ने भी पैसिव फंड में बेहतर वृद्धि दर्ज की है।

पैसिव फंड लाने पर कंपनियां दे रही हैं जोर- पैसिव श्रेणी को चुनने में निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अन्य फंड हाउस ने भी पैसिव फंड लॉन्च किए हैं।

# ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 भारत में लॉन्च हुई

**मुंबई, एजेंसी।** ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन भारत में ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 को लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादितए यह स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल देश में पेट्रोल और डीजल दोनों पावरट्रेन्स में उपलब्ध होगा।

ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 को पूरे भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। दो दशकों से भी अधिक समय से, बीएमडब्ल्यू एक्स3 ने विश्व स्तर पर अपनी श्रेणी में सबसे अधिक बिकने वाले प्रीमियम मॉडल के रूप में राज किया है। यह बीएमडब्ल्यू एक्स3 ही था जिसने पहली बार प्रीमियम मिडसाइज क्लास में एसएवी सेगमेंट की स्थापना की थीए और यह बीएमडब्ल्यू एक्स मॉडल की वैश्विक सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहली पीढ़ी की बीएमडब्ल्यू एक्स3 पहला वाहन था जिसने बीएमडब्ल्यू डाइव इंटेलीजेंट ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम की पेशकश की थी। अब अपने चौथे पीढ़ी के अवतार में, ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्स, आधुनिक डिजिटलीकरण




और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया है। विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 के लॉन्च के साथ, आधुनिकताए उपस्थिति और स्पोर्टिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल की चौथी पीढ़ी के रूप में, एक्स3 एक नए युग की शुरुआत करता है। अब पहले से भी बड़ाए इसने खुद को एक दोबारा सोची समझी गई डिजाइनए असाधारण लग्जरी और नए डिजिटल कैरेक्टर के साथ फिर से खोज लिया है। लेकिन कुछ चीजें नहीं बदलती हैं - वर्सेटाइल ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स3 उत्कृष्ट ऑल-टेरेन परपफॉर्मेंस, पावर और दक्षता प्रदान करती है। एडवेंचर आपका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

इनवॉइस के समय प्रचलित मूल्य लागू होगा। एक्स-शोरूम कीमतें लागू जीएसटी (कंपनसेशन सेस सहित) सहित हैं लेकिन रोड टैक्स, टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स , आरटीओ, स्टैचुएरी टैक्सेस/सेस लेवीज और इंश्योरेंस को छोड़कर।

## नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक भारत में लॉन्च

मिनी इंडिया ने नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। कार कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी और इसे देश भर के सभी मिनीअधिकृत डीलर्स के साथ-साथ शापडाट मिनी डाट इन पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी। पांचवीं पीढ़ी की मिनी कूपर एस में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के अलावा जॉन कूपर वर्क्स पैक की स्पोर्टीनेस के साथ प्रगतिशील टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ में, इसमें एक नई पर्सनैलिटी और हॉलमार्क ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच दिया गया है। विक्रम पावह, प्रेसिडेंट और सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ''नए मिनी कूपर स-जॉन कूपर वर्क्स पैक का लॉन्च, आधुनिक नवाचार के साथ सदाबहार डिजाइन को मिलाने की मिनी की विरासत पर जोर देता है। अपने डायनैमिक, स्पोर्टी एक्सटीरियर और विशेष जॉन कूपर वर्क्स ट्रिम के साथ, यह विशेष एडिशन शानदार ड्राइविंग का मजा देता है और प्रभावशाली पर्सनैलिटी का प्रतीक है। इंटीरियर का स्पोर्टी विवरण मोटरस्पोर्ट जुनून की अभिव्यक्ति है, जबकि अत्यधिक डिजिटल इंटरैक्टिव इंटरफेस हाई-टेक अनुभव प्रदान करते हैं। यह विशेष जॉन कूपर वर्क्स पैक मिनी के प्रसिद्ध रेसिंग जीन्स के लिए एकदम उपयुक्त सम्मान है। स्टैण्डर्ड दो साल की वारंटी के साथ असीमित किलोमीटर की पेशकश की गई है। मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक पर 2 साल 24 रोड-साइड असिस्टेंस मन की पूर्ण शांति प्रदान करता है। ये लाभ कार के स्वामित्व के साथ हस्तांतरणीय हैं। कूपर स के लिए सर्विस इंक्लूसिव प्लान 3 साल / 40,000 किमी से शुरू होता है और पैकेज एक्सटेंशन 10 साल / 2,00,000 किमी तक उपलब्ध है। स्वामित्व के तीसरे वर्ष से वारंटी लाभों को बढ़ाने और अधिकतम दस वर्ष तक बढ़ाने का विकल्प भी उपलब्ध है।

## पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन ने 5 मेगावाट सोलर ईपीसी प्रोजेक्ट के लिए 17.07 करोड़ का ऑर्डर हासिल किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई बीएसई - 543912), जो विद्युत ठेका और उपकरण उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, को 2 ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में हाइडल कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) से 17.07 करोड़ का एक महत्वपूर्ण कार्य ऑर्डर प्राप्त हुआ है। इस अनुबंध में लातूर जिला, महाराष्ट्र में 5 मेगावाट (एसी) सौर ऊर्जा परियोजना के लिए प्लांट और उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य शामिल है। इस परियोजना के दायरे में आवश्यक सौर ऊर्जा ढांचे की आपूर्ति, सभी उपकरणों को चालू करना और परियोजना को उच्चतम मानकों के साथ पूर्ण करना शामिल है। परियोजना की अपेक्षित अवधि प्रारंभिक तिथि से 18 महीने है। यह ऑर्डर पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड की भारत के रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में बढ़ती भूमिका को रेखांकित करता है, जो देश के सतत और स्वच्छ ऊर्जा के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है। कंपनी ने समान पैमाने और जटिलता की परियोजनाओं को निष्पादित करके अपनी क्षमताओं को लगातार प्रदर्शित किया है। यह विकास कंपनी के रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो को और मजबूत करने और गतिशील सौर ऊर्जा बाजार में इसके विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है। इस अपडेट पर टिप्पणी करते हुए, पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, हमें महाराष्ट्र में इस 5 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट को निष्पादित करने की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर खुशी हो रही है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हम पहली बार सोलर ईपीसी प्रोजेक्ट्स में कदम रख रहे हैं, जो नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी विशेषज्ञता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसा कि भारत अपनी स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा को आगे बढ़ा रहा है।

## यामाहा ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में अपने आइकोनिक मॉडल्स पेश किए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अपनी 40 साल की उत्कृष्टता को सेलिब्रेट कर रहा है।। यह एक्सपो 17 से 22 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। यामाहा अपने पैवेलियन में प्रीमियम दोपहिया वाहन सेगमेंट में किए गए अग्रणी योगदान और भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है। ब्रांड का पवेलियन भारत के प्रीमियम दोपहिया सेगमेंट में यामाहा के अग्रणी योगदान और गतिशीलता परिदृश्य को आकार देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पैवेलियन का थीम एस्पिरेशंस अनवेल्ड यामाहा की सीमाओं से आगे बढ़ने और युवा भारतीय राइडर्स को प्रेरित करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी अपनी समृद्ध विरासत और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ते हुए ग्राहकों को ऐसा अनुभव देने की तैयारी में है, जो लाइफस्टाइल, परफॉर्मेंस और इनोवेशन का प्रतीक हो। यामाहा इस एक्सपो में अपने डायनैमिक प्रोडक्ट्स और विशेष अनुभवों के माध्यम से ग्राहकों से जुड़ने का अवसर तलाश रहा है। यामाहा के मंडप का मुख्य आकर्षण इसकी शानदार विरासत है, जिसमें भारत में परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल के प्रति लोगों के जुनून को जन्म देने वाली मशहूर बाइकें जैसे आरएक्स-100 और आरडी-350 प्रदर्शित की गई हैं। इसके अलावा, यामाहा की प्रीमियम रेंज के शुरुआती मॉडल जैसे वायजोडएफ-आर15 और स्र्न सीरीज भी शोभा बढ़ा रहे हैं, जिन्होंने भारतीय मोटरसाइकिल बाजार में नए मानक स्थापित किए हैं। मंडप में मौजूद 'हिस्ट्री एरिना' यामाहा की वैश्विक और भारतीय यात्रा के शानदार क्षणों और उपलब्धियों को दर्शाता है। यह एरिना यामाहा की 1955 में स्थापना से लेकर 1960 के दशक में वैश्विक स्तर पर इसके विस्तार और नेतृत्व तक की कहानी बताता है। इन उपलब्धियों ने भारत में यामाहा के सफर की नींव रखी, जहां कंपनी पिछले चार दशकों से मोटरसाइकिल कल्चर को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है।




## किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो स्नअबकीढ्ढबारढ्ढआपकेढ्ढलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे यह न केवल किसना के इतिहास में बल्कि पूरे उद्योग में सबसे बड़ी मुहिमों में से एक बन गई। यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। इसके तहत, ग्राहकों को 20,000 या उससे अधिक की डायमंड, प्लेटिनम, या सॉलिटेयर ज्वेलरी खरीदने पर और 50,000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी खरीदने पर कार जीतने का मौका दिया गया था। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे।

# आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में लॉन्च की अपनी आयशर प्रो एक्स रेंज

### ईवी- फर्स्ट श्रेणी के ये छोटे व्यावसायिक वाहन मध्यम और आखिरी बिंदु तक पहुंच को करेंगे पुनर्भाषित

### आयशर ने इस नई सीरीज के साथ किया है 2 से 3.5 टी सेगमेंट में प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीई कमर्शियल व्हीकल्स की व्यावसायिक इकाई आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने अपनी इलेक्ट्रिक फर्स्ट छोटे व्यावसायिक वाहनों (एससीवी) की रेंज आयशर प्रो एक्स भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में लॉन्च की। कंपनी की यह नवीनतम रेंज, तेजी से बढ़ रहे 2 से 3.50 टी सेगमेंट में, आयशर का शानदार प्रवेश है, जो अंतिम कड़ी के परिवहन की ज़रूरतों को पूरा करने और इसे बढ़ावा देने के आयशर के ध्येय को अंगीकृत करता है।

इस अवसर पर वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने कहा, हमने हमेशा से उद्योगों को नवाचार युक्त बेहतरीन उपाय देने की हमारी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए और लाइट और मीडियम ड्यूटी ट्रक्स में मज़बूत पकड़ की अपनी विरासत का फायदा उठाते हुए, इस नई सीरीज को बनाया है। हमारे ग्राहकों के साथ मिलकर उनकी जरूरत के अनुरूप बनाया गया आयशर प्रो एक्स, स्मॉल कमर्शियल व्हीकल के क्षेत्र में नए झंडा गाढ़ देगा। यह हमारे मूल सिद्धांत 'नई सोच, नए रास्ते' का ही मूर्त रूप है। हमारे देश की 'विकसित भारत' की इस यात्रा में हमारा एससीवी सेगमेंट बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आयशर प्रो एक्स अंतिम कड़ी के लॉजिस्टिक्स में क्रांति लाने में वाहक होगा। इंडस्ट्री 4.0 आधारित भोपाल प्लांट पर निर्मित आयशर प्रो एक्स सीरीज 'मेक इन इंडिया' की भावना के साथ बना है। यह विश्वस्तरीय सुविधा 147.8 एकड़ में तो फैली है ही, साथ ही पूर्ण रूप से सस्टेनेबल भी है। महिलाओं द्वारा संचालित आयशर प्रो एक्स की असेंबली लाइन मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में समग्र विकास और महिला सशक्तिकरण के आयशर के लक्ष्य को साधने में मदद करता है। आयशर प्रो एक्स सीरीज अपने बॉर्न-डिजिटल डीलरशिप नेटवर्क का हिस्सा है, जो उसके उद्योग में पहले आयशर अपटाइम सेंटर से जुड़ा हुआ है जिससे वाहन की सतत उपलब्धता और बेहतर संचालन दक्षता सुनिश्चित की जा सके।



# सुरेश रैना की इच्छा, वनडे में ज्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलें ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में ऋषभ पंत को ज़्यादा जिम्मेदारी के साथ खेलते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर बाएं हाथ का यह बल्लेबाज 40-50 गेंदों का सामना करता है तो वह टीम के लिए खेल को अच्छी तरह से समाप्त कर सकता है। शनिवार को पंत को 22 जनवरी से शुरू होने वाले इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू तीन वनडे और फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया। यह अनिश्चित है कि पंत या केएल राहुल भविष्य में 50 ओवर के मैचों में भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे या नहीं। 31 मैचों में पंत ने 33.5 की औसत से 871 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 2022 में मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 125 रन रहा है।





रैना ने कहा, उन्होंने अपनी विकेटकीपिंग में बहुत सुधार किया है, (लेकिन) ऋषभ पंत को अधिक जिम्मेदारी के साथ खेलने की जरूरत है क्योंकि यह 50 ओवर का टूर्नामेंट है। इंग्लैंड के साथ आगामी टूर्नामेंट में आपको 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं, यह ऋषभ पंत के लिए एक अच्छा अवसर होगा। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कैसे खेलते हैं; मुझे लगता है कि अगर यशस्वी शीर्ष क्रम में नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी, वह चौथे स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, वह हार्दिक से पहले बल्लेबाजी करने भी आ सकते हैं क्योंकि अगर ऋषभ 40-50 गेंदें खेलते हैं तो वह खेल को खत्म कर सकते हैं। उसे खुद से कहना होगा कि अगर मैं पचास गेंद खेलता हूं तो मैं 80-100 रन बना सकता हूं, लेकिन उसके लिए कुछ समय बिताना महत्वपूर्ण है। अगर वह गलती करता है तो उसे बहुत नुकसान होगा क्योंकि उसके पास वह प्रतिभा है, उसके पास वह क्षमता है, वह भारतीय टीम के लिए एक्स फैक्टर बनने जा रहा है। भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, जहां रैना रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के साथ विजेता टीम के सदस्य थे। यह पूछे जाने पर कि क्या कोहली, रोहित और जडेजा जैसे खिलाड़ी अगले महीने दुबई में 2013 की विजयी वीरता को दोहरा पाएंगे? रैना ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा, %मुझे 2013 में अच्छी तरह से याद है जब रोहित शर्मा और विराट कोहली जीते थे; यह एक शानदार जश्न और माहौल था। मुझे लगता है कि रवींद्र जडेजा ने उस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता क्योंकि उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की थी। वे तीनों अब एक ही टीम का हिस्सा हैं।

अंडर-19 विश्व कप

# नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत

## ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की।



नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए।

लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरुआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया। आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया। दिशा और चेतना रेड्डी की ओपनिंग साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरुआत दी। दिशा ने 33 गेंदों पर 46 रनों की पारी खेली।

**संक्षिप्त स्कोर**

- नाइजीरिया 65/6 (लिलियन उडे 19, पीटी लकी 18 ; हन्ना फ्रांसिस 1-4, अनिका तौव्हारे 1-6), न्यूजीलैंड 63/6 (अनिका टॉड 19, टैश वेकेलिन 18 ; पीस यूसेन 1-5, पिटी)
- आयरलैंड 17.4 ओवर में 75 रन पर ऑल आउट (एलिस वॉल्श 16, लारा मैकब्राइड 13 ; इसानी वाघेला 3-10, रितु सिंह 2-8), यूएसए 79/1 (दिशा ढींगरा 46, चेतना रेड्डी पगड्याला 23 नाबाद, लारा मैकब्राइड 1-9)
- बांग्लादेश 91/9 (आफिया आशिमा एरा 29, एमएसटी सुमैया अख्तर सुबोरना 13 ; टेगन विलियमसन 2-12, काओइम्हे ब्रे 2-18), ऑस्ट्रेलिया 92/8 (लुसी हैमिल्टन 30, केट पेले 16 ; जन्नतुल मौआ 3- 15, हबीबा इस्लाम पिंकी 1-12)

# चेस: प्रज्ञानंद ने हमवतन हरिकृष्णा को हराया

## गुकेश और अर्जुन एरिगेसी ने दूसरे दौर के मुकाबले ड्रॉ खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके। एरिगेसी ने पहले दौर में गुकेश को हराने के करीब पहुंचे स्थानीय खिलाड़ी अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने हमवतन पी हरिकृष्णा को हराया, जबकि अर्जुन एरिगेसी को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ड्रॉ से संतुष्ट होना पड़ा।



इससे पहले हाल ही में खेल रत्न से सम्मानित होने वाले विश्व चैंपियन गुकेश ने रूसी मूल के ब्लादीमिर फेडोसीव से ड्रॉ खेला था, जबकि लियोन ल्यूक मेंडोसा को उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने हराया।

19 वर्ष के प्रज्ञानंद ने डिफेंस और जवाबी हमलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हरिकृष्णा को मात दी। वहीं हरिकृष्णा टुकड़ों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद लय कायम नहीं रख सके।

390 का औसत, 5 शतक...

# करुण नायर को टीम इंडिया में वापसी के लिए और क्या करना होगा?

## बीसीसीआई पर उठे सवाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान 18 जनवरी (शनिवार) को किया गया. दोनों ही टीम से विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और फास्ट बॉलर मोहम्मद सिराज का नाम नदारद है. जबकि विजय हजारे ट्रॉफी में रन बरसाने वाले करुण नायर को भी मायूस होना पड़ा. वैसे सबसे ज्यादा चर्चा करुण को लेकर ही हो रही है, जिनके कम से कम वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुने जाने की उम्मीद थी.

**अद्भुत प्रदर्शन... फिर भी करुण को लगी निराशा हाथ** - 33 साल के करुण नायर को खुद भी टीम इंडिया में फिर से वापसी का भरोसा था. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भी साफ किया था कि अब खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य होगा. इसी के आधार पर भारतीय टीम में प्लेयर्स का सेलेक्शन भी होगा. यानी अगर आप घरेलू क्रिकेट में रन बनाते हैं तो सेलेक्शन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी. हालांकि करुण के मामले में तो ऐसा देखने को मिला नहीं. करुण नायर ने विजय हजार ट्रॉफी 2024-25 में ऐसी बैटिंग की, जो कई सालों तक याद रखी जाएगी. करुण ने टूर्नामेंट में कुल 8 पारियों में 389.50 के एवरेज से 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल रहे. करुण ने 112*, 44*, 163*, 111*, 112, 122*, 88* और 27 के स्कोर बनाए. यानी वो सिर्फ दो पारियों में आउट हुए. करुण की कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे कर्नाटक के हाथों हार का सामना करना पड़ा. करुण भले ही अपनी टीम को ट्रॉफी नहीं जिता पाए, मगर धांसू प्रदर्शन के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया ।


### भज्जी ने उठाए सवाल, अगरकर ने कही ये बात

घरेलू टूर्नामेंट में किसी खिलाड़ी ने लगभग 390 के औसत से रन बनाए हों, फिर भी उसका सेलेक्शन ना हो पाए तो सवाल तो उठेंगे ही. ऐसे में घरेलू क्रिकेट खेलने का क्या फायदा? टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भी कुछ ऐसा ही मानते हैं. हरभजन ने करुण नायर की अनदेखी करने के लिए सेलेक्टर्स पर निशाना साधा. हरभजन ने ङ्ग पर लिखा, क्या घरेलू क्रिकेट खेलने का कोई मतलब है. जब आप खिलाड़ियों का चयन उनके फॉर्म और प्रदर्शन के आधार पर नहीं करते. करुण नायर को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम इंडिया के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर से भी सवाल पूछा गया था. इस पर अगरकर ने कहा कि मौजूदा टीम में करुण नायर को शामिल करना मुश्किल है. हालांकि अगरकर ने माना कि करुण नायर पर चर्चा हुई, लेकिन अभी फिलहाल उनकी टीम में जगह नहीं बन रही है. अगरकर ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन के लिए विदर्भ के कप्तान की सराहना की ।

# नीरज चोपड़ा की तरह फेंकती थी भाला, अब वेस्टइंडीज के लिए वनडे में तोड़ा शतकों का रिकॉर्ड, टीम ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीटैलेंटेड. ये शब्द तो आपने सुना है ना. हम जिस खिलाड़ी की बात करने जा रहे है, उसके लिए अंग्रेजी का ये शब्द बिल्कुल परफेक्ट है. हाथ में जब भाला होता है तो वो नीरज चोपड़ा की तरह मेडल जीतने की कोशिश करती है. लेकिन, उन्हीं हाथों में जब बल्ला थाम लेती है तो फिर दुनिया की किसी भी पिच को गेंदबाजों का कब्रगाह बनाने का दम रखती है. हम बात कर रहे हैं हैले मैथ्यूज की, जो कि वेस्टइंडीज की महिला क्रिकेट टीम की ना सिर्फ धाकड़ ओपनर हैं बल्कि कप्तान भी हैं. इन दोनों ही मोर्चों पर अपनी उपयोगिता को उन्होंने खूब साबित किया है. कैरेबियाई ओपनर ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में ना सिर्फ शतक जड़ा बल्कि अपने देश के लिए वो सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली खिलाड़ी भी बनीं.

**वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को पहले वनडे में रौंदा** - बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम इन दिनों वेस्टइंडीज के दौरे पर है, जहां वो फिलहाल वनडे सीरीज खेलने में मशगूल है. पहले वनडे में बांग्लादेश को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी और इसकी एकमात्र और सबसे बड़ी वजह है हैले मैथ्यूज का प्रदर्शन. उनके बल्ले से निकला शतक, जिसने बांग्लादेश से मिले टारगेट को इतना बौना बना दिया कि जीत बस मजाक बनकर रह गई.



**199 रन का पीछा करते हुए मैथ्यूज ने जमाया शतक** - पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की पहले वनडे में सबसे बड़ी कामयाबी यही रही कि वो किसी तरह पूरे 50 ओवर खेलने में कामयाब रहे. बांग्लादेश ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 198 रन बनाए. इस तरह वेस्टइंडीज की महिलाओं को 199 रन का लक्ष्य मिला. लक्ष्य छोटा था लेकिन इसे और भी हल्का बनाने का काम कैरेबियाई कप्तान मैथ्यूज ने अपने बल्ले से किया. 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने शतक जड़ा. साथ में वेस्टइंडीज के लिए महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा वनडे शतक जमाने का रिकॉर्ड भी तोड़ा.

**मैथ्यूज का रिकॉर्ड, वनडे में टीम का इतिहास** - हैले मैथ्यूज ने 93 गेंदों का सामना कर 16 चौकों की मदद से नाबाद 104 रन बांग्लादेश के खिलाफ बनाए. ये उनके वनडे करियर का 8वां शतक है. इसी के साथ वो महिला वनडे में वेस्टइंडीज में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाली खिलाड़ी बन गईं ।

# नीरज चोपड़ा ने टेनिस प्लेयर हिमानी संग शादी की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के ओलिंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को शादी कर ली। उन्होंने 2 दिन बाद रविवार को रात 9.36 बजे सोशल मीडिया पर अपनी शादी की 3 तस्वीरें पोस्ट कीं। फोटोज में उनकी पत्नी हिमानी और मां सरोज देवी नजर आए। 27 साल के नीरज ने सोशल मीडिया पर लिखा- जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, नीरज और हिमानी की शादी का कार्यक्रम बहुत ही गुपचुप तरीके से रखा गया था। शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के करीबी सदस्य शामिल हुए। नीरज ने जो तस्वीरें शेयर कीं, उनमें परिवार के कुछ लोग ही साथ बैठे नजर आ रहे हैं। शादी की जानकारी परिवार के अलावा किसी और को नहीं थी।



शादी की तस्वीरें पोस्ट कर चौंकाया नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें पोस्ट कर सभी को चौंकाया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में अपना और पत्नी हिमानी का नाम लिखा और दिल का इमोजी बनाया। उन्होंने इंग्लिश में लिखा, सभी के आशीर्वाद का शुक्रगुजार हूं, जो हमारे इस मोमेंट में भागीदार बने। प्यार में बंधे, हमेशा के लिए खुश। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी शादी के बारे में बताया।

**कौन हैं नीरज की पत्नी हिमानी** - नीरज ने अपने ही राज्य हरियाणा के सोनीपत जिले के लड़सौली गांव की रहने वाली टेनिस प्लेयर हिमानी मोर के साथ 7 फेरे लिए। हिमानी एसए से स्पोर्ट्स स्टडी कर रही हैं। उनके पिता चांद राम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करीब 2 महीने पहले ही रिटायर हुए हैं। हिमानी के पिता ने गांव में खेल स्टेडियम बनवाया है। वे यहां खिलाड़ियों को सर्कल कबड्डी खिलाते हैं।

**स्कूल टाइम में टेनिस खेलना शुरू किया** - हिमानी मोर ने सोनीपत के लिटिल एंजेल स्कूल में पढ़ाई के दौरान टेनिस खेलना शुरू किया था। हिमानी की मां मीना ने उन्हें शुरुआती दौर में ट्रेनिंग दी। उन्होंने गांव छोड़कर सोनीपत में किराए का मकान लिया। खेल के साथ-साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से ग्रेजुएशन की। इसके बाद उन्होंने 2017-18 में ताइवान में आयोजित विश्वविद्यालय टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। मां के अलावा पिता चांद राम मोर ने भी बेटी को हमेशा आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। हिमानी का छोटा भाई हिमांशु भी टेनिस का खिलाड़ी है। साथ ही 2 चचेरे भाई इंटरनेशल खिलाड़ी रहे हैं।


ऑस्ट्रेलियन ओपनः

# सिनर ने भीषण गर्मी में खेले गए मैच में रूने को हराया, स्वितोलिना तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न, एजेंसी।** महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

इटली के यानिक सिनर और डेनमार्क के होल्गर रूने दोनों को 32 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में खेले गए आस्ट्रेलियाई ओपन मैच में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा और इसके बाद सिनर की दमदार सर्विस पर रॉड लावेर एरिना का नेट निकल जाने से 20 मिनट का विलंब हुआ। आखिर में गत चैम्पियन सिनर ने 13वीं वरीयता प्राप्त रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया रखते दिखे और कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया।




तीसरे सेट में दस मिनट से ज्यादा विलंब के बीच वह लॉकर रूम में चिकित्सा सहायता के लिये गए। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी क्वालीफायर लर्नर टियेन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन या फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज से और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगा।

महिला वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद अगले 12 में से 11 गेम जीतकर वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराकर तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 30 वर्ष की एलिना 12वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। वह 2019 के बाद यहां पहली बार अंतिम आठ में पहुंची है। एलिना ने 2021 में फ्रांस के गाएल मोंफिल्स से शादी की और दोनों की बेटी सकाइ का जन्म 2022 में हुआ। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली मेडिसन कीस से होगा जिसने 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिकाबिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराया।

# ऑनलाइन शतरंज में 9 साल के बच्चे से हार गये 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन मैग्नस कार्लसन, बांग्लादेश के फिडे मास्टर का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मैग्नस कार्लसन अक्सर हारते नहीं हैं। नार्वे का ग्रैंडमास्टर आखिरकार पांच बार के विश्व चैंपियन हैं, वह 2011 से दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्हें शतरंज खेलने वाले महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उन्होंने 2023 में खुद ही अपने खिताब का बचाव नहीं करने का फैसला किया था। हालांकि, बांग्लादेश के एक फिडे मास्टर नई हक ने दावा किया है कि जिस नौ वर्षीय लड़के को वह कोचिंग दे रहे हैं, उसने 34 साल के मैग्नस कार्लसन को एक ऑनलाइन टूर्नामेंट में हरा दिया है। चौंकाने वाला नतीजा शनिवार 18 जनवरी 2025 को चेस.कॉम पर बुलेट ब्रॉल इवेंट के दौरान हुआ, जिसमें काले मोहरों के साथ खेलते हुए मैग्नस कार्लसन नईम हक से हार गये, यह अकाउंट फिडे मास्टर नईम हक का है।



Chess.com

# सलामी बल्लेबाजों के लिए स्थान निश्चित है, बाकी सभी को लचीला होना चाहिए : अक्षर पटेल

**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय टी20 लाइन-अप में सलामी बल्लेबाज ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका स्थान निश्चित है और इसके बाद बल्लेबाजी क्रम में कई फ्लोटर्स शामिल होंगे, यह बात नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज से पहले टीम की रणनीति के बारे में बताते हुए कही। भारत बुधवार को ईडन गार्डन्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

बल्लेबाजी क्रम में उतार-चढ़ाव के बारे में पूछे जाने पर ऑलराउंडर ने जवाब दिया, ...यह सिर्फ़ मेरे बारे में नहीं है; यह टीम में सभी पर लागू होता है। 2024 की शुरुआत से ही, हमने एक निश्चित ओपनिंग स्लॉट रखने का फैसला किया था और नंबर 3 से नंबर 7 तक सभी को स्थिति, संयोजन और मैच-अप के आधार पर लचीला होने के लिए कहा गया है। अक्षर, जो अब श्रृंखला के लिए टीम प्रबंधन का हिस्सा हैं, ने इस तरह से बात की जो 2023 वनडे विश्व कप से पहले रोहित शर्मा की बातचीत की याद दिलाता है, जहां उन्होंने मध्य-क्रम में लचीलेपन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा, कोई निश्चित स्थान नहीं है जहां कोई विशेष बल्लेबाज हमेशा खेलेगा...यह उस श्रेणी (नंबर 3 से 7 के बीच) में सभी के लिए समान है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसका दिन अच्छा चल रहा है, जिसका हम अभ्यास सत्रों के दौरान आकलन करते हैं। टी20 क्रिकेट में यह



सही स्थिति में सही बल्लेबाज का उपयोग करने के बारे में है। सूर्यकुमार यादव के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर के लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, सिवाय इसके कि अब वह टीम प्रबंधन द्वारा लिए जाने वाले कुछ सख्त फैसलों का हिस्सा होंगे। अक्षर ने कहा, अभी सिर्फ एक दिन हुआ है। हां, हमने (कप्तान सूर्य, मुख्य कोच गौतम गंभीर और मैं) चर्चा की है। नेतृत्व समूह पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है। ज्यादा बदलाव नहीं है। जाहिर है, हमारे पास एक स्थिर टी20 टीम है, ज्यादा दबाव नहीं है। जब आप नेतृत्व समूह में आते हैं, तो जाहिर है आपको कुछ कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। हमने उन पर भी बात की है। यह एक सच्ची राय रखने और एक-दूसरे पर भरोसा बनाए रखने के बारे में है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में मिली हार के बाद यह राष्ट्रीय टीम का पहला मैच है और ऑलराउंडर पिछली बातों को लेकर परेशान नहीं होना चाहते। उन्होंने कहा, हम ये भी बात करते हैं कि, जो हो गया वो हो गया, वो वापस नहीं आने वाला। यह हमारी अगली सीरीज में सकारात्मकता लाने के बारे में है। अक्षर ने 19 नवंबर 2023 को वनडे विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी का भी स्वागत किया। टखने की सर्जरी से उबरने के बाद शमी घुटने की परेशानी से जूझ रहे थे। उन्होंने शमी की घरेलू सर्किट में हाल ही में हुई वापसी का जिक्र करते हुए कहा, यह टीम के लिए बहुत सकारात्मक बात है। पिछली बार उन्होंने (शमी) वनडे विश्व कप फाइनल में खेला था और ठीक होने के बाद से उन्होंने सैयद मुश्ताक अली और विजय हजारे टूर्नामेंट दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका में दो बसों के बीच टक्कर, अस्पताल में भर्ती हुए 35 से अधिक लोग



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत में रविवार को दो बसों के बीच जोरदार टक्कर हुई है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हादसे के बाद 35 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने पुलिस के हवाले से बताया कि घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उनका मतारा जिले के मुख्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हादसे के समय बारिश हो रही थी। पुलिस ने हाल ही में बताया कि साल 2020 और 2024 के बीच यातायात दुर्घटनाओं में देश में 12,140 लोगों की जान चली गई है। बसों से जुड़ी दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर श्रीलंका के अधिकारी उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं, जो यात्री बसों में यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। इसके अलावा श्रीलंकाई सरकार ने सड़क हादसों को रोकने और अपराध तथा नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाने के प्रयासों को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त 10,000 पुलिस अधिकारियों की भर्ती को अधिकृत किया है। पुलिस ने हाल ही में बताया था कि साल 2020 से 2024 के बीच सड़क हादसों में 12,140 लोगों की जान चली गई है।

### दो साल बाद जॉर्जिया के पॉल्ट्री फॉर्म में बर्ड फ्लू ने दी दस्तक, राज्य में अलर्ट



**वाशिंगटन, एजेंसी।** 2022 के बाद एक बार फिर अमेरिका के जॉर्जिया में बर्ड फ्लू फैलने की खबर सामने आ रही है। खबर है कि जॉर्जिया के एक बड़े मुर्गी फार्म में बर्ड फ्लू पाया गया है। राज्य के कृषि विभाग ने मामले के बारे में बताया कि यह बीमारी एलबर्ट काउंटी में एक मुर्गी पोल्ट्री फार्म पर पाई गई है जो अटलांटा से लगभग 165 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित है। बता दें कि जॉर्जिया अमेरिका का सबसे बड़ा चिकन उत्पादन राज्य है। मामले की पुष्टि के बाद राज्य में पोल्ट्री से संबंधित सभी गतिविधियां जैसे कि पोल्ट्री प्रदर्शन, शो, और बिक्री को रोक दिया गया है। अब तक, बर्ड फ्लू के मामले छोटे खेतों तक ही सीमित थे, लेकिन अब यह बड़े पोल्ट्री फार्मों में भी फैल गया है। अधिकारी ने बताया कि बर्ड फ्लू का पता तब चला जब वहां करीब 45,000 बेचने के लिए मुर्गे पाले गए थे। हालांकि प्रभावित क्षेत्र के आस-पास के सभी पोल्ट्री फार्मों को क्वारंटाइन में रखा गया है और इन फार्मों पर टेस्टिंग की जा रही है। साथ ही कृषि विभाग ने यह भी बताया कि अब प्रभावित जगह को साफ किया जा रहा है और संक्रमित पक्षियों को हटा दिया जा रहा है। गौरतलब है कि यह बीमारी पिछले दो सालों में दुनियाभर में लाखों पक्षियों की मौत का कारण बन चुकी है। हाल ही में, यू.एस. कृषि विभाग ने जानकारी दी कि पिछले महीने 84 पोल्ट्री फार्मों में यह वायरस पाया गया था, जिसमें लाखों पक्षी संक्रमित हुए थे। हालांकि, बर्ड फ्लू से इंसानों में संक्रमण के मामले बहुत कम होते हैं, और हाल ही में एक व्यक्ति की बर्ड फ्लू से मौत की पुष्टि हुई है।

### भारत-अमेरिका संबंध केवल लेन-देन वाले नहीं रहने चाहिए : रिचर्ड वर्मा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग के शीर्ष अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंध साझा मूल्यों पर आधारित होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के संबंध केवल लेन-देन पर आधारित नहीं होने चाहिए। विदेश विभाग में प्रबंधन और संसाधन मामलों के उप विदेश मंत्री वर्मा ने कहा कि वह अमेरिका और भारत के बीच मतभेदों को लेकर चिंतित नहीं हैं, क्योंकि वे संबंधों को और अधिक गतिशील बनाते हैं। पद छोड़ने की तैयारी कर रहे वर्मा ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार में कहा, मैं नहीं चाहता कि यह ऐसा लेन-देन वाला संबंध बन जाए, जिसमें हम केवल चीजें बेचना चाहते हों या आप चीजें खरीदना चाहते हैं। रिचर्ड वर्मा पहले भारत में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं। बाइडन का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही रिचर्ड वर्मा का कार्यकाल भी समाप्त हो जाएगा। वर्मा बीते ढाई दशकों से भारत-अमेरिका संबंधों में एक अहम योगदानकर्ता रहे हैं। वर्मा ने कहा कि दोनों देश मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। मैं देखता हूं कि हम किस तरह से तकनीक और खुफिया जानकारी साझा करते हैं। मैं देखता हूं कि हम किस तरह से कुछ सबसे उन्नत प्रणालियों का संयुक्त उत्पादन और विकास करते हैं और हम किस तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की रक्षा के लिए तैयार हैं।

### बाइडन ने अश्वेत राष्ट्रवादी मार्कस गार्वे और 4 अन्य को क्षमा किया

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को अश्वेत राष्ट्रवादी मार्कस गार्वे को मरणोपरांत क्षमा कर दिया। गार्वे को 1920 के दशक में मेल धोखाधड़ी के लिए दोषी ठहराया गया था और वे मैल्कम एक्स जैसे नागरिक अधिकार नेताओं पर प्रभाव डालने के लिए जाने जाते थे। इसके अलावा, बाइडन ने वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के स्पीकर डॉन स्कॉट, अप्रवासी अधिकार कार्यकर्ता रवि रागबीर, केम्बा स्मिथ प्राडिया, बंदूक हिंसा रोकथाम अधिवक्ता डेरिल चैंबर्स को भी क्षमादान दिया।

# ट्रम्प का विक्ट्री भाषण:बोले- अब तेजी से काम होगा, सरकारी दस्तावेज सार्वजनिक करेंगे; कहा- गाजा में सीजफायर कराया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार रात वॉशिंगटन में अपना विक्ट्री भाषण (विजयी भाषण) दिया। ट्रम्प ने कहा कि उनकी शपथ के बाद अमेरिकी पतन के चार सालों का अंत हो जाएगा। उन्होंने अपने अगले कार्यकाल में ऐतिहासिक गति से काम करने की बात कही। इसकी शुरुआत मेक्सिको बॉर्डर को सील करने से होगी। ट्रम्प ने कहा- मैं ऐतिहासिक गति और शक्ति के साथ काम करूंगा और हमारे देश के सामने मौजूद हर एक संकट को हल करूंगा। ट्रम्प ने कहा कि उनके चुनाव जीतने के महज 3 महीने में ही गाजा में सीजफायर हो गया है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी समेत दूसरे नेताओं की हत्याओं से जुड़ें 60 साल पुराने सरकारी दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की बात भी कही। ट्रंप का ये भाषण कैपिटल वन एरिना में हुआ। 20,000 लोगों की क्षमता वाला ये एरिना खचाखच भरा था। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग कड़ी के ठंड के बावजूद बाहर खड़े हुए थे। ट्रम्प ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही। ट्रम्प ने कहा बहुत जल्द हम अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे। ट्रम्प ने यूक्रेन में जारी युद्ध को समाप्त करने, मध्य पूर्व में फैली अराजकता को रोकने और तीसरे विश्व युद्ध को टालने का भी वादा किया। ट्रम्प ने दावा किया कि हम तीसरे विश्व युद्ध के बेहद नजदीक है।

**अपने शपथ ग्रहण पर :** शपथ ग्रहण पर बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि हम कल



दोपहर अपना देश वापस लेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका के पतन के चार लंबे साल खत्म हो रहे हैं और हम अमेरिकी शक्ति, समृद्धि, गरिमा और गर्व का एक नया दिन शुरू करने जा रहे हैं।

**वैचारिक बदलाव पर :** ट्रम्प ने कहा, हम अपनी स्कूलों में देशभक्ति की भावना को बहाल करेंगे, कट्टर वामपंथी और वोक विचारधाराओं को हमारी सेना और सरकार से बाहर करेंगे। हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे।

**कैपिटल हिल हिंसा के दोषियों पर :** डोनाल्ड ट्रम्प अपने पहले कार्यकाल में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुई हिंसा के दोषियों को माफी दे सकते हैं। रैली के दौरान ट्रम्प ने बताया वो इन दोषियों पर लिए गए फैसले से बेहद खुश हैं।

**टिकटॉक पर बैन नहीं लगेगा :** डोनाल्ड ट्रम्प ने चीनी ऐप टिकटॉक को प्रतिबंध नहीं लगाने की बात दोहराई। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद इसके लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करने की बात कही। भाषण के दौरान ट्रम्प ने कहा कि आज से टिकटॉक वापस आ गया है। ट्रम्प ने कहा- हमें टिक-टॉक को बचाना होगा क्योंकि हमें कई नौकरियां बचानी हैं। हम अपना व्यापार चीन को नहीं देना चाहते... मैंने टिक-टॉक को मंजूरी देने पर सहमति जताई है बशर्ते अमेरिका इसका 50 प्रतिशत स्वामित्व रखे। इससे पहले टिकटॉक ने शनिवार देर रात से देश में काम करना बंद कर दिया था। रविवार को डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर अधिकारियों को टिकटॉक को और समय देने का आदेश दिया। इसके बाद टिकटॉक ने दोबारा काम करना शुरू किया। कंपनी ने अपनी वापसी का श्रेय ट्रम्प को दिया। रविवार को ही कुछ घंटो बाद टिकटॉक ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। कंपनी ने लिखा- सर्विस को रिस्टोर किया जा रहा है। हम अमेरिका में टिकटॉक को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मिलकर काम करेंगे।


लॉस एंजिल्स का पुनर्निर्माण करेंगे ट्रम्प ने भाषण के बाद कहा कि वह कैलिफोर्निया में आग से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को दौरा करेंगे। आग की चपेट में आने से करीब 40 हजार एकड़ इलाका जल गया था। इसमें 27 लोगों की मौत भी हुई। ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में होने वाले 2028 ओलंपिक के लिए शहर का पुनर्निर्माण करने की बात कही। ट्रम्प ने कहा- हम सब मिलकर लॉस एंजिल्स को पहले से कहीं बेहतर और सुंदर बनाएंगे। हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन बिल्डर हैं। रैली के दौरान ट्रम्प ने कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम की आलोचना भी की।

**ट्रम्प इस बार दोगुने ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे :** ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल पर दैनिक भास्कर ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर प्रो. डेनियल जिब्लैट से बात की। डेनियल के मुताबिक ट्रम्प पिछले कार्यकाल से दोगुने ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे। पार्टी के एकतरफा नेता हैं। कांग्रेस में पर्याप्त बहुमत और सुप्रीम कोर्ट में रिपब्लिकन रुख वाले जज हैं। अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत ट्रम्प चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने का फैसला करते हैं तो इससे भारत को फायदा मिलने वाला है। सप्लाई चेन में भारत की भूमिका अहम रहने वाली है। अमेरिकी कंपनियां निश्चित तौर पर भारत की ओर आ सकती हैं।

**डेनियल के मुताबिक कैसी होंगी ट्रम्प की नीतियां :** वीजा- आशंका के बावजूद भारतीयों को एच1 बी में कमी नहीं आने वाली -अमेरिका में 2024 में 1.20 लाख एच1बी वीसा में से 25 हजार भारतीयों को जारी हुए। भारतीय पहले नंबर पर रहे। अमेरिकी टेक सेक्टर भारतीय टैलेंट पर निर्भर है। मस्क- विवेक रामास्वामी भारत के पक्ष में हैं। डिपोर्ट- 1.10 करोड़ अवैध प्रवासियों को निकालने में तेजी दिखाएंगे ट्रम्प- ट्रम्प का दावा है कि 1.10 करोड़ अवैध प्रवासियों को खदेड़ा जाएगा। इसके लिए नए बॉर्डर चीफ टॉम होमेन की नियुक्ति कर चुके हैं। दफ्तरों में छापे की कार्रवाई होगी। अवैध प्रवासियों में भारतीय तीसरे नंबर पर है।

## पड़ोसी देशों के साथ पाकिस्तान का व्यापार घाटा 43.22 प्रतिशत बढ़ा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान का व्यापार घाटा पड़ोसी देशों के साथ 43.22 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेट बैंक ऑफ



पाकिस्तान (एसबीपी) के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (जुलाई 2024 से जून 2025) के दौरान यह घाटा बढ़ा है। एसबीपी द्वारा रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस बढ़े हुए व्यापार घाटे का मुख्य कारण चीन, भारत और बांग्लादेश से आयात में वृद्धि है। पाकिस्तान के निर्यात में भी वृद्धि देखी गई है, खासकर अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को किए गए निर्यात में। इसने निर्यात में गिरावट की कुछ हद तक भरपाई की है। आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान ने जुलाई से दिसंबर 2024 के बीच अपने निर्यात को 7.85 प्रतिशत बढ़ाकर 2.40 बिलियन डॉलर कर लिया है। पिछले साल इसी अवधि में निर्यात का मूल्य 2.23 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान का निर्यात चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भारत, ईरान, नेपाल, भूटान और मालदीव सहित नौ देशों को बढ़ा है। हालांकि, पाकिस्तान का आयात भी बढ़ा है। विशेष रूप से, क्षेत्रीय देशों से आयात में 29.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में पाकिस्तान का आयात 7.73 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 5.95 बिलियन डॉलर था। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था विकासशील मानी जाती है और यह जीडीपी (नाममात्र) के मामले में 46वीं सबसे बड़ी है। 2023 तक पाकिस्तान की कुल जनसंख्या 241.5 मिलियन थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पाकिस्तान प्रति व्यक्ति आय के मामले में जीडीपी (नाममात्र) के हिसाब से 161वीं और जीडीपी (क्रय शक्ति समता) के हिसाब से 138वीं स्थिति में है। पाकिस्तान की शुरुआती आर्थिक स्थिति निजी उद्योगों पर निर्भर थी, लेकिन 1970 के दशक में कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों का राष्ट्रीयकरण किया गया। 1990 के दशक में फिर से निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। वर्तमान में पाकिस्तान में आर्थिक उदारीकरण की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें सरकारी निगमों का निजीकरण शामिल है, ताकि विदेशी निवेश आकर्षित किया जा सके और बजट घाटे को कम किया जा सके। हालांकि, राजनीतिक अस्थिरता, शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों और भारी विदेशी ऋण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## कनाडा में 2 पुलिस अधिकारियों पर भारतीय दंपति और उनके नन्हे पोते की हत्या का आरोप

**टोरंटो, एजेंसी।** दो कनाडाई पुलिस अधिकारियों पर पिछले साल हुई एक घातक दुर्घटना से संबंधित अपराधों का आरोप लगाया गया है, जिसमें एक भारतीय दंपति और उनके नन्हे पोते की मौत हो गई। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (स्ढ्ढ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसे यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि डर्हम रीजनल पुलिस सेवा के अधिकारी, सर्जेंट रिचर्ड फ्लिन और कांस्टेबल ब्रेंडन हैमिल्टन, इस दुर्घटना से जुड़े आपराधिक अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। इन अधिकारियों पर हत्या या शारीरिक नुकसान के लिए आपराधिक लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। इस हादसे में 60 वर्षीय मणिवन्नन श्रीनिवासपिल्लई, उनकी 55 वर्षीय पत्नी महालक्ष्मी अनंतकृष्णन और उनके तीन महीने के पोते की मौत हो गई। दुर्घटना में 21 वर्षीय गगनदीप सिंह भी मारे गए, जो पुलिस द्वारा पीछा किए गए वैन के ड्राइवर थे। गगनदीप सिंह एक अंतरराष्ट्रीय छात्र थे और उस समय जमानत पर बाहर थे और उन्हें ड्राइविंग पर प्रतिबंध था। घटना की शुरुआत डर्हम रीजनल पुलिस को एक शराब की दुकान में हुई लूट के बारे में जानकारी मिलने से हुई। पुलिस ने उस वैन का पीछा करना शुरू किया, जो लूट में शामिल थी। फिर वह वैन एक राजमार्ग पर गलत दिशा में चलने लगी।

# 471 दिन बाद हमास के कब्जे से आजाद, इस्राइली परिजनों से भावुक मुलाकात

**यरुशलम, एजेंसी।** इस्राइल-हमास के बीच रविवार को तीन घंटे देरी से युद्ध विराम समझौता शुरू हुआ। इस दौरान हमास ने 471 दिनों के बाद तीन महिला बंधक रोमी गोनेन, एमिली दामरी और डोरोन स्टीनब्रेचर को रिहा कर दिया। तीनों महिलाएं अपने घर पर पहुंच गई, जिसकी तस्वीर इस्राइल सुरक्षा बल (आईडीएफ) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की।

**घर वालों के छलके आंसू :** हमास की ओर से 471 दिनों तक बंधक बनाए रखी गई तीन महिलाएं जब छूटकर अपने घर पहुंचीं तो घरवालों के आंसू छलक पड़े। रिहा होने वालीं तीन इस्राइली महिलाओं में एक बेटी भी है, जिसे नृत्य करने में सबसे ज्यादा खुशी होती है। 24 साल की रोमी गोनेन की यही खुशी 7 अक्तूबर, 2023 को गम और खौफ में बदल गई। वह इस खौफनाक दिन हमास के हमले के दौरान नोवा उत्सव से भागने के दौरान बंधक बना ली गई थीं।

इस्राइल-हमास समझौते के बाद रोमी गोनेन के साथ ही ब्रिटिश-इस्राइली दोहरी राष्ट्रीयता रखने वाली 28 वर्षीय एमिली दामारी और 31 साल की पशु चिकित्सा नर्स डोरोन स्टीनब्रेच भी रिहा हुई हैं। एमिली दामारी को हमास ने किबुत्ज केफर अजा से बंधक बनाया था। रविवार को जब उनकी रिहाई हुई,तो परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा कि उनके लिए 471 दिन बहुत कष्टदायक रहे, पर उससे भी अधिक उनकी रिहाई के 24 घंटे का इंतजार कष्टदायक रहा। घर पहुंचने पर एमिली को गले लगाकर उनकी मां मैंडी रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि बेटी घर आ गई है।

**खिलखिलाती मुस्कानों वाली रोमी से गुलजार हुआ घर :** रोमी इस्राइल के उत्तर में केफर वेराडिम में अपने घर से नोवा उत्सव में शामिल होने गई थीं। उसके परिवार ने कहा कि वह वहां वह करने गई थी जो उसे पसंद



था, नृत्य करना। उसने 12 साल नृत्य सीखा और कोरियोग्राफर बन गई। हमास के हमलों के दौरान सायरन बजने पर रोमी ने अपने परिवार को फोन किया था। उनकी मां ने बेटी के साथ उस आखिरी कॉल में गोलियों की आवाज के साथ ही अरबी में चिल्लाने की आवाजें सुनी थीं। बीते नवंबर में पोस्ट एक वीडियो में उसे खिलखिलाती मुस्कानों, चमकदार रोशनी व सबसे अच्छी दोस्त लड़की कहा गया था।

**नर्स डोरोन की बहन को मिली उनकी सनशाइन :** हमास के हमले मंडोरोन स्टीनब्रेचर को किबुत्ज केफर अजा में उनके अपार्टमेंट से अगवा किया गया था। थिएटर व फिल्म की पढ़ाई के दौरान डोरोन का जानवरों के लिए प्यार बढ़ा। इस वजह से वह पशु चिकित्सक नर्स बन गईं। बीते साल मई में उनकी बहन यामित ने उन्हें एक एहसासों से भरा खत लिखा। इसमें उन्होंने डोरोन को अपनी सनशाइन कहा था। अब जब डोरोन घर लौटीं तो उन्हें लगा जैसे सच में घर में नई रोशनी आई है।

**एमिली के घर पहुंचने पर रो पड़ी मां :** 28 वर्षिय एमिली दामरी हमास ने किबुत्ज केफर अजा से बंधक बनाया था। रविवार को जब उनकी रिहाई हुई,तो परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा कि उनके लिए 471 दिन बहुत कष्टदायक रहे, पर उससे भी अधिक उनकी रिहाई के 24 घंटे का इंतजार कष्टदायक रहा। घर पहुंचने पर एमिली को गले लगाकर उनकी मां मैंडी रो पड़ीं। उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा था कि बेटी घर आ गई है। बता दें कि 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के साथ शुरू इस्राइल-हमास युद्ध में हजारों लोगों की जान चली गई। वहीं लाखों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। इस संघर्ष के दौरान मिस्र, कतर, अमेरिका जैसे कई देशों ने दोनों देशों के बीच स्थिति समान्य करने का प्रयास किया। आखिरकार इस्राइल ने 15 जनवरी को युद्ध विराम समझौता और बंधको की रिहाई पर सहमति जताई। गौरतलब है कि इससे पहले, नवंबर 2023 में एक सप्ताह के युद्ध विराम के दौरान भी 100 से ज्यादा बंधकों को रिहा किया गया था। इसके अलावा, इस्राइल रक्षा बल के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने बताया कि यह तीन महिलाएं हमास की कैद से 471 दिनों के बाद वापस लौटी हैं और उन्हें और उनके परिवार को बधाई दी गई।

# धरती के बढ़ते तापमान का नतीजा है लॉस एंजिल्स की आग

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया के महानगर लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग इस बात की चेतावनी है कि जलवायु परिवर्तन के चलते धरती का जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है, उसने दुनिया को नष्ट होने के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है. आग ने हॉलीवुड और फैशन के लिए मशहूर शहर के बड़े हिस्से को चपेट में लेकर 10,000 से ज्यादा बहुमंजिले भवन राख कर दिए हैं. बचाव के लाख प्रयासों के बावजूद अभी तक 27 लोगों की जान जा चुकी है. इस महात्रासदी के पीछे वे ग्रीनहाउस गैसें रही हैं, जो धरती का तापमान बढ़ाकर पारिस्थितिकी तंत्र में निरंतर बदलाव ला रही हैं. धरती के इस बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों को संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में पहले ही जता दिया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के कई देश पिछले कुछ सालों से भीषण गर्मी, सूखा, आग, तूफान, बर्फबारी, बाढ़ और बादल फटने व बिजली गिरने की घटनाओं से दो-चार हो रहे हैं. हजारों लोगों की मौत हो चुकी है और खरबों की संपत्ति का नुकसान हुआ है. 60 देशों के 200 वैज्ञानिकों ने यह रिपोर्ट तैयार की है. इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 20 साल में धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाएगा. वैज्ञानिकों



ने पहले अंदाज लगाया था कि यह तापमान 2050 तक बढ़ेगा, लेकिन अब यह दस साल पहले, अर्थात 2040 तक ही बढ़ जाएगा. तेज गर्म हवाओं के चलते 50 साल में बढ़ने वाला तापमान अब हर दस साल में बढ़ रहा है. संयुक्त राष्ट्र के अंतर सरकारी जलवायु परिवर्तन पैनल की इस रिपोर्ट को दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी रिपोर्ट कहा गया है. इस रिपोर्ट की पुष्टि यूरोपियन स्पेस एजेंसी कोपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस ने 10 जनवरी 2025 को की है. रिपोर्ट के अनुसार 2024 ऐसा पहला साल है, जब दुनिया का तापमान पूर्व औद्योगिक स्तर से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है. इस रिपोर्ट को जलते लॉस एंजिल्स के परिप्रेक्ष्य में देखने व परखने की जरूरत है. कैलिफोर्निया शहर पहाड़ों के बीच बसा है. यहां चीड़ के जंगल हैं. चीड़ के सूखे पेड़-पत्तों में आग लगने से जंगल जलने लग गया. कुछ ही घंटों में आग ने लॉस एंजिल्स के बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. शहर की हवा जहरीली हो गई. यहां 160 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली 'सांता सना' हवाओं ने आग को तेजी से भड़का दिया. आमतौर से पतझड़ के मौसम में चलने वाली ये हवाएं अत्यंत गर्म होती हैं. ये दक्षिण कैलिफोर्निया क्षेत्र को सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं. यह आग इसलिए भी तेजी से भड़की क्योंकि कैलिफोर्निया में कई साल से सूखे के हालात बने हुए हैं. इलाके में नमी औसत स्तर से कम हो गई है।

# नाइजीरियाई राष्ट्रपति ने की पेट्रोल टैंकर विस्फोट में 80 लोगों की मौत की पुष्टि

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने रविवार को पुष्टि की कि देश के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक व्यस्त सड़क पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर के पलट जाने से उसमें विस्फोट हो गया, जिससे 80 से अधिक लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घटना और भारी जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए, टीनूबू ने विस्फोट को विनाशकारी बताया। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य के डिक्को क्षेत्र में कई निवासी गिरे हुए गैसोलीन टैंकर से ईंधन निकालने की कोशिश करते समय भीषण आग में फंस गए।

नाइजीरियाई नेता ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने सुरक्षा और सड़क सुरक्षा अधिकारियों को इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी नागरिकों को सावधानी बरतने और दुर्घटना स्थलों, विशेष रूप से ईंधन से भरे वाहनों के पास जाने से बचने की सलाह दी।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने नेशनल ओरिएंटेशन एजेंसी को एक राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान शुरू करने का आदेश दिया है। यह अभियान गिरे हुए टैंकरों से ईंधन निकालने के गंभीर जोखिमों और पर्यावरणीय खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाएगा। नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकर विस्फोट असामान्य नहीं



हैं, जिससे अक्सर लोग हताहत होते हैं। पिछले साल सितंबर में नाइजर राज्य में एक व्यस्त राजमार्ग पर गैसोलीन से लदे टैंकर में विस्फोट होने से 48 लोग मारे गए थे। कई नाइजीरियाई लोग लगातार हो रही घटनाओं के लिए मौजूदा आर्थिक कठिनाई को जिम्मेदार ठहराते हैं, जिसने लोगों को हताश करने वाले काम करने के लिए मजबूर किया है, जिसमें गिरे हुए टैंकरों से गैसोलीन निकालना भी शामिल है। वहीं, अन्य लोग इसी तरह की आपदाओं को रोकने के लिए सख्त यातायात नियमों की मांग कर रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर की शुरुआत में टीनूबू ने ईंधन परिवहन सुरक्षा प्रोटोकॉल की तेजी से समीक्षा करने और उसे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, और पुलिस को गश्त बढ़ाने, सुरक्षा नियमों बढ़ाने और अन्य राजमार्ग सुरक्षा तंत्र जैसे उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया।

# पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने बच्चों से मिलाने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी

**कराची , एजेंसी।** चार बच्चों के साथ 2023 में गैर कानूनी तरीके से भारत गयी पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के पहले पति ने पड़ोसी देश की सरकार से अपने बच्चों से मिलने और उन्हें अपने पास रखने में मदद करने की अपील की है। सीमा अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए भारत आई थी, जिससे उनकी मुलाकात ऑनलाइन माध्यम से हुई थी। सीमा (32) सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है और मई 2023 में अपने बच्चों को लेकर कराची स्थित अपने घर से नेपाल के रास्ते भारत आई थी।

वह जुलाई 2023 में तब सुर्खियों में आई जब भारतीय अधिकारियों ने उसे उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में भारतीय नागरिक सचिन मीणा (27) के साथ रहते हुए पाया। सचिन का दावा है कि दोनों ने शादी कर ली है। दोनों का संपर्क 2019 में ऑनलाइन खेल पबजी खेलते समय हुआ था। सीमा और सचिन को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमा पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का आरोप है जबकि सचिन पर अवैध प्रवासी को शरण देने का आरोप लगाया गया था। सीमा के पहले पति गुलाम हैदर ने हाल में एक वीडियो संदेश में विदेश मंत्री एस जयशंकर से 'न्याय' दिलाने की अपील की।

हैदर ने दावा किया कि वह प्रमुख पाकिस्तानी वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता अंसार बर्नी की मदद से 2023 के अंत से अपने बच्चों का संरक्षण हासिल करने की कोशिश कर रहा है।



बर्नी ने पिछले वर्ष फरवरी मेंपुष्टि की थी कि हैदर ने उनसे मदद मांगी थी तथा भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए एक भारतीय वकील की सेवा ली थी। उन्होंने कहा, ''उचित प्रक्रिया के बाद, हमने एक भारतीय वकील अली मोमिन की सेवा ली और भारतीय अदालतों में कानूनी कार्यवाही शुरू करने के लिए वकालतनामा भेज दिया है।''

लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि मामला शुरू हुआ है या नहीं। हैदर ने वीडियो संदेश में दावा किया, ''मामला अदालत में लंबित हुए एक साल हो गया है और मैंने 2023 से अपने बच्चों को नहीं देखा है।'' उन्होंने कहा, ''मैं भारतीय (विदेश) मंत्री एस. जयशंकर से न्याय दिलाने की अपील करता हूं।'' हैदर ने आरोप लगाया कि बच्चे अपनी मां की वजह से भारत में फंसे हुए हैं। उन्होंने दावा किया, ''वह जबरन उनका नाम और धर्म बदलने की कोशिश कर रही है।''

सीमा जब संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल के रास्ते भारत आई तब हैदर सऊदी अरब में काम कर रहा था।

मई 2023 में उसके सभी चार बच्चो की उम्र सात साल से कम थी। सीमा ने इससे पहले बीबीसी को दिए गए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने हिंदू धर्म अपना लिया है। उन्होंने पाकिस्तान लौटने से भी इनकार कर दिया। सीमा का दावा है कि उनके बच्चों ने भी हिंदू धर्म अपना लिया है। सीमा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि वह सचिन के साथ बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में पेंशन नहीं मिलने से लाखों लाभार्थी परेशान: अशोक गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुजुर्ग लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिलने का मुद्दा उठाते हुए रविवार को कहा कि इससे लाखों लाभार्थी परेशान हैं। उन्होंने झुंझुनूं में वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की एक खबर साझा करते हुए एक्स पर लिखा, कृपया अपने हक के लिए आवाज नहीं उठाएं, राजस्थान की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सो रही है, उनकी नींद खराब हो जाएगी। गहलोत ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा, राजस्थान में हमारी सरकार ने न्यूनतम आय गारंटी कानून बनाया था जिसमें हर बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा इत्यादि को हर महीने पेंशन का अधिकार दिया गया है यानी राजस्थान सरकार इन श्रेणियों में शामिल लोगों को पेंशन देने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा, परन्तु झुंझुनूं में पेंशन ना मिलने पर अपने हक की फरियाद रखने आए बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ऐसे मामले में जहां पेंशन संबंधी कानून का पालन ना करवा पाने पर जिम्मेदार कार्मिकों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी वहां सरकार अपनी शिकायत दर्ज करवाने वाले बुजुर्ग को गिरफ्तार कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया, राजस्थान में लाखों पेंशन लाभार्थी इसी तरह परेशान हैं क्योंकि उनकी पेंशन कई महीनों से नहीं आ रही है। संभवतः उन पर दबाव बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई की गई है। गहलोत ने कहा, यह पेंशन इन सभी लोगों की आजीविका निर्वहन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर महीने पूरे राजस्थान में प्राथमिकता के आधार पर सभी पात्र लोगों को पेंशन मिले।



### आतिशी ने एक सप्ताह में 40 लाख रुपये जुटाने का लक्ष्य पूरा करने के बाद चंदा अभियान बंद किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए चंदा के जरिए 40 लाख रुपये सफलतापूर्वक जुटाने के बाद रविवार को अपना ''डोनेट फॉर आतिशी'' अभियान बंद कर दिया। अभियान में 740 से अधिक समर्थकों ने योगदान दिया, जिससे आतिशी एक सप्ताह के भीतर अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं। अभियान के समापन की घोषणा करते हुए आतिशी ने कहा, ''यह सिर्फ वित्तीय सहायता नहीं है, यह आम आदमी पार्टी की ईमानदार और परिवर्तनकारी राजनीति का ज़बरदस्त समर्थन है।'' अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा करते हुए आतिशी ने कहा कि उनका भरोसा और उदारता उन्हें एक बेहतर दिल्ली बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती है। ''डोनेट फॉर आतिशी'' चंदा अभियान 12 जनवरी को शुरू किया गया था। यह धनराशि आतिशी अपने चुनाव प्रचार अभियान पर खर्च करेंगी। वह आगामी विधानसभा चुनावों में कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में हैं।



### दिल्ली सरकार और केंद्र की लड़ाई में पिस रही है जनता: पायलट

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच वर्चस्व की लड़ाई में वहां की जनता पिस रही है। पायलट ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरी है और दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जनादेश देगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने लोगों को कुछ गारंटी दी हैं। दिल्ली की जनता शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार के तहत हुए विकास को आज भी याद कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बारे में कहा कि जब गठबंधन बना था, तब पार्टी नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों को एक साथ लाए और परिणाम अच्छे रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए लिए इंडिया गठबंधन पहले भी मजबूत था और आज भी मजबूत है।'' सत्तर सदस्यीय दिल्ली विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किये जायेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में रहस्यमय हालात में मौतें: केंद्र की टीम राजौरी पहुंची, मृतकों की संख्या 17 हुई

**जम्मू, एजेंसी।** केंद्र की एक उच्च-स्तरीय अंतर-मंत्रालयी टीम रविवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले पहुंची जहां कथित तौर पर एक रहस्यमय बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इस रहस्यमय बीमारी से रविवार को एक और व्यक्ति की मौत हो गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सुदूर बधाल गांव में एक-दूसरे से जुड़े तीन परिवारों में कुछ हफ्तों के भीतर हुई मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी टीम के गठन का आदेश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में इलाज करा रहे मोहम्मद असलम के छह बच्चों में से आखिरी यासमीन कौसर की भी आज शाम मौत हो गई।

# छत्तीसगढ़ सरकार का 27 लाख किसानों के लिए बड़ा ऐलान, जारी करेगी धान पर बोनस

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को राज्य के 27 लाख से अधिक धान किसानों के लिए बड़ा फैसला किया। छत्तीसगढ़ सरकार ने अगले महीने धान पर लंबित बोनस जारी करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। इसके साथ ही कैबिनेट ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

बता दें कि धान की खरीद पिछले साल 14 नवंबर को शुरू हुई थी। यह 31 जनवरी तक जारी रहेगी। सरकार ने 2024-25 के लिए लगभग 160 लाख टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। किसानों को अब तक धान के समर्थन मूल्य के रूप में 2,300 रुपये प्रति क्विंटल मिल चुके हैं। घोषित मूल्य 3,100 रुपये प्रति क्विंटल है। अब राज्य के 27.68 लाख किसानों को फरवरी में प्रति क्विंटल पर 800 रुपये का बोनस जारी किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट ने सरप्लस धान ऑनलाइन नीलामी के जरिए बेचने का भी फैसला किया है। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि विशेष राहत पैकेज के तहत इस्पात उद्योग के एक निश्चित सेक्शन को ऊर्जा शुल्क में प्रति यूनिट एक रुपये की अधिकतम छूट दी जाएगी। यह निर्णय 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। मंत्रिमंडल ने आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर रहे लेखकों और कलाकारों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का भी निर्णय लिया। इन लोगों के परिजनों को इनकी मृत्यु के बाद एक लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। राज्य सरकार उच्च और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को वित्तीय बाजारों और स्टॉक एक्सचेंजों की बारीकियों की ट्रेनिंग देगी। इसके लिए वह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। कैबिनेट ने नवा रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्री सत्य साई स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट को अतिरिक्त पांच एकड़ जमीन निःशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया है। सरकार नवा रायपुर में आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर की स्थापना के लिए रियायती दर पर 40 एकड़ जमीन देगी। कैबिनेट ने यह भी फैसला लिया है कि छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की ओर से निर्मित आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां जो 5 साल से अधिक समय से बिना बिकी हैं, उन्हें लागत मूल्य (आधार दर) पर 30 फीसदी तक की छूट के साथ बेचा जाएगा।



### छत्तीसगढ़: भालू के हमले से बेटे की मौत, शव लेने पहुंचे तो फिर किया अटैक; पिता की भी गई जान

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर से दर्दनाक खबर सामने आई है। यहां जंगल में एक भालू ने बाप-बेटे पर हमला किया, जिसमें दोनों की मौत हो गई है। आक्रामक भालू ने पहले बेटे पर अटैक किया और उसकी जान चली गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम जब शव उठाने पहुंची तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। इसमें पिता की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग जख्मी हो गए हैं।

वन अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार को कोरार वन रेंज के अंतर्गत डोंगरकट्टा गांव के पास एक पहाड़ी पर हुई है। हमले के दौरान भालू ने सबसे पहले सुकलाल दारो और अज्जू कुरेटी पर उस समय हमला किया, जब वे जैलनकासा पहाड़ी पर जंगल में लकड़ियां इकट्ठा करने गए थे। इस हमले के चलते दारो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुरेटी गंभीर रूप से घायल हो गया।

अधिकारी ने बताया कि वन एवं पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए तथा घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद जब वनकर्मी और स्थानीय लोग दारो के शव को हटा रहे थे, तो जानवर ने दोबारा हमला कर दिया। इससे दारो के पिता शंकर दारो की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दोबारा हुए हमले में वन रक्षक नारायण यादव के हाथ में भी चोटें आईं हैं।

## केरल की अदालत ने बाबा रामदेव के खिलाफ जारी कर दिया वॉरंट




**पलक्कड़, एजेंसी।** केरल की एक अदालत ने भ्रामक विज्ञापन के एक मामले में योग गुरु बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। जानकारी के मुताबिक न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वितीय ने रामदेव, बालकृष्ण और दिव्य फार्मेसी के खिलाफ वारंट जारी किया। पलक्कड़ के औषधि निरीक्षक ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत के आधार पर औषधि एवं चमत्कारिक उपचार (आक्षेपणीय विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 3(डी) सह धारा 7(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मजिस्ट्रेट अदालत ने 16 जनवरी के अपने आदेश में कहा, 'शिकायतकर्ता अनुपस्थित है। सभी आरोपी अनुपस्थित हैं। सभी आरोपियों के लिए जमानती वारंट जारी किया गया है।' पलक्कड़ जिला न्यायालय की वेबसाइट पर मामले की स्थिति के अनुसार सुनवाई की अगली तारीख एक फरवरी है। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब अपने दावों, विज्ञापनों और दवाओं को लेकर बाबा रामदेव के खिलाफ कार्रवाई हुई है। कोरोना का इलाज करने का दावा करने के बाद भी डॉक्टरों के संगठन ने उनका विरोध किया था। इसके अलावा एड्स, होमोसेक्शुअलिटी तक ठीक करने के दावों की वजह से वह विवाद में रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी पतंजलि को फटकार लगाई थी। दरअसल आईएमए ने सूप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल की थी। इसमें कहा गया था कि कोविड वैक्सनेशन और एलोपैथी के खिलाफ वह प्रचार कर रहे हैं और आयुर्वेदिक दवाइयों को लेकर झूठे वादे कर रहे हैं। पतंजलि पर कानून तोड़ने के भी आरोप लगाए गए थे। पतंजलि के प्रिंट मीडिया पर जारी विज्ञापनों का भी विरोध किया गया। अदालत के निर्देशों का पालन ना करने पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगा दी थी।

## आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने की गौमूत्र की तारीफ, सियासी गलियारों में मच गया बवाल

**चेन्नई, एजेंसी।** आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर वी कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह गौमूत्र के औषधीय गुणों के बारे में बता रहे हैं। कामकोटि ने गौमूत्र को एंटीबैक्टीरियल, एंटी फंगल और पाचन में मदद करने वाला बताया। उन्होंने दावा किया कि गौमूत्र जठरांत्र विकार से भी राहत दिलाता है। उनके इस दावे का वीडियो वायरल होने के बाद सियासी गलियारों में भी हंगामा होने लगा। कांग्रेस और डीएमके ने उनके इस बयान पर कड़ा विरोध जताया है। चेन्नई में गो संरक्षणशाला के कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि संन्यासियों को जब तेज बुखार आ जाता है तब भी वे गौमूत्र का इस्तेमाल करते हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक वायरल हो रहा वीडियो सच है। उन्होंने कहा कि वह एक जैविक किसान भी हैं इसलिए उनकी बातों का संदर्भ बहुत विस्तृत है। डीएमके और कांग्रेस ने आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर के इस बयान की आलोचना की है। कांग्रेस नेता कार्ती पी चीदंबरम ने कहा कि आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर का दावा बेबुनियाद है और इसका विज्ञान से कोई लेना देना नहीं है। वहीं डीएमके नेता टीकेएस एलांगोवान ने कहा कि उन्हें इस नामी संस्थान से कहीं और भेज देना चाहिए।

# कटरा-बडगाम ट्रैक पर सफल रहा ट्रायल, नदियों और पहाड़ों से होकर गुजरी

**कटरा, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने अपने यात्रियों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी दी है। कटरा और श्रीनगर रेलवे स्टेशन के बीच 22 बोगियों वाली रेलगाड़ी का सफल परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाली रेल लाइन पर पहला सफल ट्रायल था। अधिकारियों ने बताया कि 18 एसी कोच, सामान ढोने वाली 2 बोगियों और दो इंजनों वाली यह रेलगाड़ी है। सुबह करीब आठ बजे कटरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई और रेलवे अधिकारियों की निगरानी में चार घंटे के भीतर सफलतापूर्वक अपने गंतव्य पर पहुंच गई। यह कटरा और श्रीनगर के बीच पहला ट्रायल रन था।

कश्मीर को रेल मार्ग से जोड़ने की परियोजना पर काम 1997 में शुरू हुआ था, लेकिन भूवैज्ञानिक, स्थलाकृतिक और मौसम संबंधी चुनौतियों के कारण इसे अलग-अलग समय पर भिन्न-भिन्न समयसीमा निर्धारित किए जाने के बावजूद पूरा नहीं किया जा सका। इसी महीने 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लाइन का काम पूरा हुआ है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (स्क्रक्र) के कटरा-बडगाम रेलवे ट्रैक पर ट्रायल रन पूरा हुआ है। यूएसबीआरएल 41,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। यह पूरा ट्रैक 326 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 111 किलोमीटर हिस्सा सुरंगों में है। इसी रूट पर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल भी बना है।

**26 जनवरी से शुरू हो सकती है यात्रा :** रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रायल में किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। उन्होंने कहा, 26 जनवरी तक ट्रेन को औपचारिक रूप से शुरू करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत तक दिल्ली-श्रीनगर ट्रेन का उद्घाटन कर सकते हैं। यह जम्मू-कश्मीर के लिए ऐतिहासिक क्षण होगा। इससे न केवल पर्यटन बल्कि क्षेत्र में व्यापार गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने वाला है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर आधुनिक संरचना का काम प्रगति पर है। इसके पुनर्विकास के तहत यहां प्लेटफार्मों की संख्या तीन से बढ़कर सात हो जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जनवरी को जम्मू रेल मंडल का डिजिटल रूप से उद्घाटन किया था। इसके बाद उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे आधुनिकीकरण, उन्नत सुविधाओं, संपर्क और रोजगार सहित चार मापदंडों पर विकास कर रही है। जम्मू रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और आधुनिकीकरण के अंतर्गत जल्द ही प्लेटफार्मों की संख्या 3 से बढ़ाकर 7 कर दी जाएगी।



## महाराष्ट्र में रिक्शा और मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद बवाल, दो समूहों ने एक-दूसरे पर किया पथराव

**नंदुरबार, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नंदुरबार शहर में रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर के बाद दो समूह आमने-सामने आ गए। दोनों ओर से एक-दूसरे पर पथराव किया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शहर में हुए इस सड़क हादसे के बाद हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। अभी तक किसी संपत्ति के नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस टीम को ओर से हालात पर धीरे-धीरे काबू पाया जा रहा है। सोमवार सुबह माहौल कुछ शांत नजर आया। एएसपी श्रवण एस दत्त ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, रविवार रात करीब 10 बजे एक विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे पहले दिन में एक घटना हुई थी जिसे लेकर मामला दर्ज किया गया। इसके कुछ समय बाद पथराव किए जाने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस बलों की तैनात किया गया और स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की तैनाती के चलते हिंसा दूसरे इलाकों में नहीं फैली। किसी संपत्ति के नुकसान या हताहत होने की सूचना नहीं है। पथराव में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है।



**जलगांव में ट्रेन पर फेंका गया था पत्थर :** गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले महाराष्ट्र के जलगांव रेलवे स्टेशन के नजदीक ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर फेंका गया था। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, केवल बी6 कोच की खिड़की का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जलगांव रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि सूरत से छपरा जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सवार कुछ यात्रियों ने पथराव की सूचना सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए दी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे यात्रियों के अनुसार, जलगांव स्टेशन से रवाना होने के दो-तीन किलोमीटर बाद ट्रेन पर पत्थर फेंका गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## देवेंद्र फडणवीस सरकार के फैसले पर भड़की एकनाथ शिंदे की शिवसेना, लगानी पड़ गई रोक

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नई सरकार का गठन हो गया है और मंत्रालयों के बंटवारों के बाद कामकाज भी चल रहा है, लेकिन महायुति में रार का एक नया विषय खड़ा हो गया है। रविवार को ही देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने नासिक और रायगड़ जिलों में प्रभारी मंत्री नियुक्त करने का आदेश जारी किया था, जिस पर अब स्टे लगा दिया है। इस फैसले के खिलाफ एकनाथ शिंदे की लीडरशिप वाली शिवसेना के बीच भारी असंतोष दिखा था और कई जगहों पर शिवसैनिकों ने विरोध प्रदर्शन भी किए थे। ऐसे में देर रात ही सरकार ने फैसले पर स्टे लगा दिया। शिवसेना का कहना है कि प्रभारी मंत्री के चयन में पारदर्शिता और समानता रखी जाए। यह विवाद इसलिए हो रहा है क्योंकि एनसीपी की नेता अदिति तटकरे को रायगढ़ का प्रभारी मंत्री बनाया गया है, जबकि नासिक की जिम्मेदारी भाजपा लीडर गिरीश महाजन को मिली है। महाराष्ट्र में प्रभारी मंत्री को ही गार्जियन मिनिस्टर कहा जाता है। गार्जियन मिनिस्टर की जिले की विकास योजनाओं से जुड़ी मीटिंगों में हिस्सेदारी होती है और वह सभी मामलों का एक तरह से निरीक्षणकर्ता होता है। ऐसे में इसका काफी महत्व होता है और पार्टियों के बीच प्रभारी मंत्री के पद को लेकर खींचतान रहती है। रविवार को जैसे ही जानकारी मिली कि प्रभारी मंत्री का पद भाजपा और एनसीपी के खाते में गया है तो शिवसैनिक भड़क गए। शिवसेना को उम्मीद थी कि भारत गोगावाले को रायगड़ का प्रभारी मंत्री बनाया जाएगा, जबकि नासिक की कमान दादा भुसे को मिलेगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और इसे शिवसैनिकों ने एनसीपी एवं भाजपा के बीच गठजोड़ के चलते खुद को नजरअंदाज करने के तौर पर देखा गया है। शिवसेना के स्थानीय नेताओं का कहना है कि गार्जियन मिनिस्टर का पद किसी और दल को देकर स्थानीय समीकरणों को नजरअंदाज किया गया है। इसका असर रहा कि राज्य सरकार ने तत्काल एक मीटिंग बुलाई और गार्जियन मिनिस्टर की नियुक्ति पर स्टे लगा दिया। अब सरकार के सूत्रों का कहना है कि शिवसेना के साथ भी मीटिंग होनी और आम सहमति के साथ ही कोई फैसला लिया जाएगा।



# हिमाचल में फिर बढ़े सीमेंट के दाम, विपक्ष ने लगाए सरकार पर सांठगांठ के आरोप

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में सीमेंट के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। प्रमुख सीमेंट कंपनियां अंबुजा, एसीसी और अल्ट्राटेक ने प्रति बैग कीमत में पांच रुपये की वृद्धि की है। यह वृद्धि एक महीने के भीतर दूसरी बार हुई है। सीमेंट की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश में सीमेंट की कीमत बढ़ने के बाद लोगों को 435 से 490 रुपए प्रति बैग दाम चुकाने होंगे।

**विपक्ष ने बोला हमला :** सीमेंट की बढ़ी कीमतों को लेकर विपक्ष ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि सत्ता में आने के बाद सीमेंट की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में अब तक सीमेंट की कीमत प्रति बैग 160 रुपये तक बढ़ चुकी है।

**विपक्ष ने लगाए सरकार पर आरोप :** जयराम ठाकुर ने कहा कि जब कांग्रेस विपक्ष में थी तब वह कहती थी कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की मिलीभगत है। सरकार दाम नियंत्रित कर सकती है लेकिन अब सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने चुप्पी साध ली है। कांग्रेस सरकार सीमेंट की कीमतों को नियंत्रित क्यों नहीं कर रही है। क्या सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की कोई सांठगांठ है? यदि नहीं तो कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी क्यों हो रही है? सरकार को इस पर सफाई देनी चाहिए।



**उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का जवाब :** विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान ने कहा कि सीमेंट कंपनियों पर केंद्र और प्रदेश सरकारों का कोई सीधा नियंत्रण नहीं होता है। हालांकि सरकार कंपनियों से बातचीत कर कीमतों को स्थिर रखने का आग्रह कर सकती है।

**विपक्ष पर पलटवार :** उद्योग मंत्री ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में सीमेंट की कीमतों में केवल 30 रुपये की वृद्धि हुई है जबकि भाजपा सरकार के पांच सालों में 130 रुपये का इजाफा हुआ था। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सीमेंट कंपनियों के साथ सरकार की किसी भी तरह की मिलीभगत का सवाल ही नहीं उठता।

**सीमेंट की कीमतों में वृद्धि से आम जनता परेशान :** सीमेंट की कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोतरी ने प्रदेश में पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब निर्माण सामग्री के बढ़ते दामों का भी सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि हिमाचल प्रदेश में सीमेंट उत्पादन होने के बावजूद यहां की जनता को महंगे दामों पर सीमेंट खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सरकार को इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाना चाहिए और सीमेंट कंपनियों को दाम बढ़ाने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।